Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

ब्रेंडन मैक्कुलम बने थे शतकवीर, बेंगलुरू टीम को बनाया फिसड्डी : 16 साल का हुआ आईपीएल

शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की 97 करोड़ की संपत्ति अटैच, ईडी ने की कार्रवाई

शुक्ल पक्ष पूर्व फाल्गुनी संवत 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 19 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 128 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹73, 800	₹86,500

आज का इतिहास

- 1930 : महात्मा गांधी ने अपनी स्वतंत्र भारत की माँग पर जोर देने के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन आन्दोलन छेड़ा।
- 1942 : जापानी लड़ाकू विमानों ने पहली बार भारतीय क्षेत्रों पर बमबारी की।

न्यूज बाइट्स

आसनसोल-झाझा रेलखंड के बीच होगा मेगा ब्लॉक

सिमुलतला (जमुई) (नि. सं.)। अगर आप लग्न मुहूर्त के इस मौसम में रेल यात्रा को सोच रहें है तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। आसनसोल रेलमंडल के झाझा-आसनसोल खंड में ब्रिज संख्या 623 (नवापत्रा और मथुरापुर स्टेशन के बीच) मरम्मती कार्य के कारण, अप-मेन लाइन पर 21 अप्रैल (रविवार) को सुबह 06:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कुल 10 घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस मेगा ब्लॉक के कारण कई गाड़ियां रद्द, कई का मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। विदित हो की इस ब्रिज में बीते 14 अप्रैल को भी डाउन लाइन में कार्य को अंजाम दिया गया था। इस आशय की जानकारी आसनसोल पीआरओ ने गुरुवार को दी।

10 लाख के पेंशन घोटाला में छानबीन शुरू

मुजफ्फरपुर (नि. सं.)। प्रधान डाकघर में जीरो राशि से फर्जी खाता खोलकर 10 लाख रुपये की किये गए पेंशन घोटाला में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। सहायक डाक अधीक्षक पूर्वी मनीष कुमार राव के लिखित शिकायत पर नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसमें तत्कालीन डिप्टी पोस्ट मास्टर मोतीपुर थाना के बरहमपुर कर्मन निवासी दीनानाथ प्रसाद साह, समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय के अजनौल बाहापुर निवासी तत्कालीन सहायक डाकपाल बचत सुरेश कुमार और कांटी थाना के पानापुर निवासी तत्कालीन बचत सहायक प्रधान डाकघर अरविंद कुमार को आरोपी बनाया है। केस के आइओ नगर थाने के अपर थानेदार दारोगा राजकुमार को बनाया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद वह तीनों आरोपियों के बारे में साक्ष्य इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। वह गुरुवार को प्रधान डाकघर पहुंच कर छानबीन करेंगे। फर्जी आइडी बनाने में तीनों आरोपियों की जो आइडी का इस्तेमाल किया गया था। इस संबंध में भी छानबीन करेंगे।

कोरोना के बाद अब डराने लगी नई बीमारी, एच5एन1 के प्रसार को लेकर डब्ल्यूएचओ भी चिंतित

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना महामारी का दंश झेले हुए अभी ज्यादा समय भी नहीं बीता कि एक नई बीमारी ने दस्तक दे दी। विशेषज्ञ भी इस नई बीमारी को लेकर चेतावनी जाहिर कर चुके हैं और अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का बयान सामने आ गया। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि मनुष्यों में बर्ड फ्लू के मामले बेहद चिंताजनक हैं। डब्ल्यूएचओ ने गुरुवार को बर्ड फ्लू के एच5एन1 स्ट्रेन के मनुष्यों सहित नई प्रजातियों में बढ़ते प्रसार को लेकर चिंता जाहिर की। जिनकी मृत्यु दर असाधारण रूप से ज्यादा है। भारत में केरल स्थित अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले की पुष्टि हुई है।

लोकसभा चुनाव 2024 का पहला फेज: बिहार की चार सीटों पर 38 उम्मीदवार, गया सबसे छोटी, नवादा सबसे बड़ी सीट

92 हजार मतदाता आज पहली बार डालेंगे वोट

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इसमें बिहार में चार सीटों पर वोटिंग होगी। इमसें औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई शामिल है। इस चरण में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की प्रतिष्ठा दांव पर है। इन लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में खड़े 38 उम्मीदवारों के लिए 7903 मतदान केंद्र पर 76,01,629 मतदाता वोटिंग करेंगे। इसमें 39,63,223 पुरुष, 36,38,151 महिला और 255 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इस चरण में 92602 मतदाता पहली बार डालेंगे वोट। इन लोकसभा सीट के लिए बुधवार की शाम प्रचार समाप्त हो गया। गुरुवार को डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम के साथ चुनाव कर्मी जाएंगे। शुक्रवार की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। बिहार में कुल रिकॉग्नाइज्ड नेशनल पार्टी की संख्या 6 है और इतनी ही रिकॉग्नाइड्ड स्टेट पार्टी की भी संख्या है। नेशनल रिकॉग्नाइज्ड पार्टी में आम आदमी पार्टी (आप), बसपा, भाजपा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सिस्ट, कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी है।

दूसरी ओर बिहार की रिकॉग्नाइज्ड स्टेट पार्टियों में पहले स्थान पर जदयू, फिर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय जनता दल, लोक समता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माले) और छठी पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी है। मतदान के ठीक पहले समझिए चुनाव से जुड़े कुछ फैक्ट्स। फेज 1 में 2 सामान्य सीट और दो शेड्यूल कास्ट के लिए रिजर्व सीट है। गया और जमुई सीट शेड्यूल कास्ट के लिए सुरक्षित है, जबकि नवादा और औरंगाबाद सीट सामान्य दर्जे वाली है। गया लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा उम्मीदवार चुनावी दंगल में ताल ठोंक रहे हैं। यहां से सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं, जमुई सुरक्षित सीट पर सिर्फ 7 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चार लोकसभा सीट पर कुल 38 उम्मीदवारों में से 35 मेल और 3 फीमेल कैंडिडेट हैं। पहले फेज के चुनाव के लिए अर्द्ध सैनिक बलों की 153 कंपनियां तैनात की गई है। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करनी होगी। औरंगाबाद में 10, गया में 16, नवादा में 1 और जमुई में 28 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित है। इन मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था होगी।

कौन है सबसे छोटी और सबसे बड़ी सीट

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में गया सुरक्षित सीट सबसे छोटी है। यहां 18 लाख 16 हजार 815 वोटर हैं, जो मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जबकि, नवादा लोकसभा सीट वोटरों के हिसाब से सबसे बड़ी लोकसभा सीट है। नवादा में 20 लाख 6 हजार 124 वोटर हैं।

लोकसभा : आने वाली विधानसभा

» **औरंगाबाद** - (गया जिले के गरूआ, इमामगंज, टिकारी, औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा, औरंगाबाद, रफीगंज)

» **गया** - (शेखपुरा जिले में बरबीघा, नवादा जिले में रजौली, हिसुआ, नवादा, गोबिंदपुर, वारसलीगंज)

» **नवादा** - (मुंगेर जिले में तारापुर, शेखपुरा जिले में शेखपुरा, जमुई जिले में सिकन्दरा, जमुई, झाझा, चकाई)

» **जमुई** - (मुंगेर जिले में तारापुर, शेखपुरा जिले में शेखपुरा, जमुई जिले में सिकन्दरा, जमुई, झाझा, चकाई)

पहले चरण के इलेक्ट्रोल की स्थिति को जानिए

पहले चरण के 4 सीटों पर कुल 39 लाख 63 हजार 230 मेल वोटर हैं। फीमेल वोटर्स की संख्या 36 लाख 38 हजार 151 है। वहीं, थर्ड जेंडर की संख्या 255 है। निर्वाचन विभाग की माने तो पहले चरण में चार सीटों पर कुल 76 लाख 16 हजार 29 वोटर्स मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

वोटरों के कैटेगरी को जानिए

पीडब्लूडी यानी दिव्यांग वोटरों की कुल संख्या 76 हजार 500 है, जबकि 85 प्लस वोटरों की संख्या 65 हजार 811 है। विदेश में रहने वाले मात्र 9 वोटर हैं। 100 साल से अधिक उम्र वाले वोटरों की भी संख्या 1 हजार 713 है। वहीं, सर्विस वोटर की संख्या 16 हजार 415 है। पहली बार वोट करने वाले यानी 18 से 19 की उम्र वाले वोटरों की संख्या 92 हजार 602 है। जबकि, युवा वोटर यानी 20 साल से 29 साल उम्र वाले मतदाताओं की संख्या 16 लाख 6 हजार 741 है।

ईवीएम और वीवीपैट का कितना होगा इस्तेमाल

पहले चरण के मतदान में कुल 9 हजार 484 बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। जबकि, इतनी ही कंट्रोल यूनिट का भी प्रयोग होगा। 10 हजार 274 वीवीपैट भी लगाए जाएंगे।

हर बूथ पर लगेगा एक-एक बैलेट यूनिट

पहले फेज में मतदान होने वाले प्रत्येक लोकसभा सीट के लिए 15 से कम उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस कारण प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक ही बैलेट यूनिट लगेगा। एक बैलेट यूनिट में 15 उम्मीदवार के चुनाव चिह्न के साथ एक नोटा के लिए जगह होती है।

कुल 6 हजार 97 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान

पहले चरण में 6 हजार 97 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां मताधिकार का प्रयोग किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में 5 हजार 490 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और शहरी क्षेत्र में 607 मतदान केंद्र।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना जारी

एजेंसी | नयी दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा। अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। इस बीच, लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का शुक्रवार को अंतिम दिन होगा। इस चरण में 7 मई को 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 94 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

आयोग के अनुसार शुक्रवार को पहले चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। पहले चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण में 1,625 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को समाप्त हो गया। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, उत्तराखंड और तमिलनाडु के सभी संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होगा। इसके साथ ही राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और महाराष्ट्र की पांच-पांच , बिहार की चार , पश्चिम बंगाल की तीन , मणिपुर की दो और छत्तीसगढ़, त्रिपुरा तथा जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ शुक्रवार को एक ही चरण में अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में नई विधानसभाओं के चुनाव के लिए भी मतदान होगा।

चुनाव आयोग ईवीएम-वीवीपैट संबंधी आशंकाएं दूर करे : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली(ए)। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों के 100 फीसदी मिलान (गिनती) या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका पर गुरुवार को चुनाव आयोग से वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा।

मंत्री आतिशी ने ईडी पर लगाया गंभीर आरोप

सीएम अरविंद केजरीवाल की जेल में हत्या कराने की साजिश

एजेंसी | नई दिल्ली

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की एक याचिका पर ईडी ने अपना जवाब दिया। इसमें ईडी ने कहा कि केजरीवाल जेल में आम और मिठाई खा रहे हैं ताकि केजरीवाल स्वास्थ्य आधार पर जमानत मांग सके। वहीं इस बयान पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने अपना जवाब दिया है। आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा के मुताबिक काम कर रहे ईडी ने आज अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर लगातार झूठ बोला। दरअसल, जेल में केजरीवाल को वही खाना दिया जा रहा है, जो डाइट चार्ट कोर्ट में जमा किया गया है। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत, अरविंद केजरीवाल की हत्या कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले चाहते हैं कि किसी भी तरह से उनका घर का खाना बंद कराया जाए और फिर उन्हें जेल का ही खाना खिलाकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जाए। पिछले कई दिनों से केजरीवाल का शुगर लेवल 300 पार जा रहा है। वह जेल अधिकारियों से बार-बार इंसुलिन देने की बात कह रहे हैं, लेकिन वे नहीं सुन रहे हैं। आतिशी ने कहा कि 21 मार्च के बाद से जी का शुगर लेवल लगातार बिगड़ रहा है। केजरीवाल जी को इंसुलिन ना देना दिखा रहा है कि केजरीवाल जी को जान से मारने की साजिश रची जा रही है।

एएनएम की बहाली लिखित परीक्षा या अंकों पर होगी, आदेश सुरक्षित

निज संवाददाता | पटना

पटना हाईकोर्ट ने सूबे में 10 हजार 709 एएनएम की बहाली अंकों के आधार पर होगी या लिखित परीक्षा के आधार पर आदेश सुरिक्षत रख लिया है। राज्य सरकार की ओर से दायर अपील पर गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चन्द्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने विस्तृत सुनवाई की। राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि एएनएम की बहाली के लिए नया विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, न कि पुराने विज्ञापन में संशोधन किया गया है। उनका कहना था कि कानून में नया विज्ञापन प्रकाशित करने का प्रावधान है। वहीं एएनएम पद के उम्मीदवारों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नया विज्ञापन पुराने विज्ञापन में बदलाव कर प्रकाशित किया गया है। किसी भी बहाली के लिए प्रकाशित पुराने विज्ञापन में फेरबदल नहीं किया जा सकता। उनका कहना था कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने गत वर्ष 19 सितम्बर को नया संशोधित विज्ञापन प्रकाशित किया। हाईकोर्ट के आदेश के बाद एएनएम के 10,709 पदों पर बहाली के लिए सरकार ने विज्ञापन संख्या 07/2022 प्रकाशित की थी। इसके तहत चयन प्रक्रिया एएनएम नियमावली 2018 के आधार पर शुरू की गई। इसी बीच राज्य सरकार ने नियमावली में संशोधन कर लिखित परीक्षा के आधार पर बहाली करने का नोटिस जारी किया, जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। कोर्ट ने नये विज्ञापन नोटिस को निरस्त कर एएनएम की बहाली पुराने नियमावली 2018 के नियम 7 के तहत करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अंकों के आधार पर अंतिम मेधा सूची तैयार की जाए। एकलपीठ के इसी फैसला को अपील दायर कर राज्य सरकार ने चुनौती दी है।

छपरा में जीत का मंत्र देकर पटना लौटे लालू

निज संवाददाता | पटना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव खराब सेहत के बावजूद बेटी रोहिणी आचार्य को सारण लोकसभा सीट पर जीत दिलाने के लिए मैदान में उतरे हैं। गुरुवार को लालू यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं ओर नेताओं के साथ बातचीत की और उन्हें चुनाव में जीत का मंत्र दिया। इसके बाद लालू पटना लौट गए। इस बीच लालू यादव बेटी और सारण लोकसभा सीट से प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है। छपरा में पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय नेताओं के साथ बातचीत के दौरान रोहिणी ने राजीव प्रताव रूडी को बेवकूफ करार दे दिया। उन्होंने कहा कि पिछली बार वो नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट जीत गए। रोहिणी ने आरोप लगाते हुए कहा कि वो (रूडी) पांच साल में एक बार आते हैं। बता दें कि सारण सीट से रोहिणी आचार्य का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से बीजेपी उम्मीदवार और वर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी से है।

इससे पहले रोहिणी आचार्य ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि सारण के लोगों की बेटी व बहन बनकर सेवा करूंगी। रोहिणी ने कहा कि जिस तरह अपने पिता को किडनी दे दीर्घायु बनाने का काम किया है। ठीक उसी तरह सारण के लोगों को सेवा कर जरूरत पड़ने पर अपना पूरा अंग दान करने में भी पीछे नहीं हटूंगी। रोहिणी आचार्या ने कहा कि यहां के लोगों के लिए बगैर किसी माध्यम के दरवाजे खुला रहेंगे। वहीं लालू यादव ने भी बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी ने छपरा की जनता के साथ हमेशा झूठ बोला है। उन्होंने इस क्षेत्र की जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। सारण की जनता से झूठ बोला कि मढ़ौरा चीनी मिल चालू करेंगे लेकिन, चीनी मिल की जमीन को बेच दिया। मढ़ौरा की जनता को झांसा में रखते हुए ईख की खेती करवा दी, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ।

ईरान के चंगुल से छूटी 'इजरायली' जहाज पर सवार भारतीय महिला, पहुंची केरल

एजेंसी | नई दिल्ली

ईरान द्वारा जब्त किए गए इजरायल से संबंध रखने वाले मालवाहक जहाज के चालक दल के 17 भारतीय सदस्यों में से एकमात्र महिला को गुरुवार को रिहा कर दिया गया। विदेश मंत्रालय ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल में शामिल केरल के त्रिशूर की रहने वाली महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ कोचीन पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा, ईरान में भारतीय दूतावास बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय दूतावास ने 'ईरानी अधिकारियों के समर्थन' से जोसेफ की भारत वापसी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि दूतावास शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ईरानी पक्ष के संपर्क में है। जयसवाल ने क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी द्वारा कोचीन हवाई अड्डे पर जोसेफ का स्वागत करते हुए एक तस्वीर पोस्ट की।

डॉ विजय कुमार यादव एएमएचएसएससी के नये सीईओ नियुक्त

नयी दिल्ली (ए.)। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन कार्यरत अपैरल, मेड अप्स और होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (एएमएचएसएससी) डॉ. विजय कुमार यादव को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। डॉ यादव की नियुक्ति एक अप्रैल 2024 से प्रभावी हो गयी है।

गर्मी से ब्रेन हेमरेज, 3 दिन में आईजीआईएमएस में 10 भर्ती

- **एसी से तुरंत धूप में ना निकलें, बिहार के 14 जिलों में लू का अलर्ट**

निज संवाददाता | पटना

अप्रैल का आधा महीना बीत चुका है। बिहार में गर्मी बढ़नी शुरू हो चुकी है। मौसम विभाग ने 18 से 21 अप्रैल तक 14 जिलों जमुई, नवादा, औरंगाबाद, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, कैमूर, रोहतास, शेखपुरा, खगड़िया, मुंगेर और बांका में हीट वेव यानी लू का यलो अलर्ट जारी किया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही पटना में ब्रेन हेमरेज के मरीज सामने आ रहे हैं। पटना आईजीआईएमएस में 3 दिनों में 10 लोग भर्ती हुए हैं। बुधवार को दो, मंगलवार को तीन और सोमवार को पांच मरीज भर्ती हुए। फिलहाल आईजीआईएमएस में ब्रेन हेमरेज के 20 मरीजों का इलाज चल रहा है। डॉक्टर्स का कहना है कि ब्रेन हेमरेज अक्सर ठंड के दिनों में दिखाई देता है, लेकिन अब गर्मी में भी इसके केस सामने आ रहे हैं। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सह उपनिदेशक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि गर्मी में इतने लोग ब्रेन हेमरेज से पीड़ित हो रहे हैं, इससे चिकित्सक भी हतप्रभ हैं। डॉ. मंडल की मानें तो एसी से तुरंत बाहर आने या फिर गर्मी से तुरंत एसी में जाने, बीपी की दवा छोड़ देने जैसे कारणों से गर्मी में ब्रेन हेमरेज के मामले आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को आईसीयू और वेंटिलेटर की जरूरत पड़ रही है। इनमें 40 से 55 साल वालों की संख्या अधिक है। गर्मी में बीपी के मरीज के अलावा अन्य को सावधानी बरतने की जरूरत है। तुरंत एसी से धूप में नहीं जाएं या फिर धूप से तुरंत एसी में नहीं बैठें। बीपी की दवा नहीं छोड़ें, अगर चल रही है तो। चिकित्सक की सलाह के बिना दवा नहीं छोड़ें। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से आ रही गर्म शुष्क पछुआ हवा अब झुलसाने लगी है। बुधवार को 28 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। जिसके कारण से गर्मी काफी अधिक महसूस हुआ। पटना मौसम विभाग का कहना है कि एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर-पश्चिम बिहार पर बना है। इस कारण से आज सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले के एक-दो स्थानों में हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि वायुमंडल के निचले स्तर पर आर्द्रता में कमी आई है।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th Yoga | DEMS अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th Electrohomeopathy Medicine Science

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Acupressure Yoga Science | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Medicine in ALT. Science | MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL: BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA | HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है | सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें |

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

नारदीगंज में 95 हजार 567 मतदाता देंगे वोट आज

संसू,जागरण नारदीगंज। नवादा लोकसभा चुनाव शुक्रवार को होगा। चुनाव को प्रशासनिक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। चुनाव सुबह सात बजे शुरू होगी,जो छह बजे तक मतदाता वोट देंगे। बीडीओ रंजीत कुमार ने बताया नारदीगंज प्रखंड में ग्यारह पंचायत हैं। इस सभी पंचायतों में कुल 95 हजार 567 मतदाता हैं,जिसमे 49 हजार 193 पुरुष मतदाता हैं,वही 46 हजार 374 महिला मतदाता वोट डालने का कार्य करेंगे।इनमें दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वाले 17 मतदाता हैं,वे वैसे मतदाता हैं ,जो मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए पहुंच पाएंगे,उन्हें बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था की गई है।कहा गया पर्दानसी के लिए 26 मतदान केंद्र बनाए गए है,जहां पर्दानसी मतदाताओं की पहचान के लिए आंगनबाड़ी सेविका और शिक्षक को सभी 26 मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्ति की गई हैचुनाव को लेकर 15 सेक्टर बनाया ज्ञान है,उन सभी पर सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्ति की गई है।कहा गया चुनाव के मद्दे नजर नारदीगंज प्रखंड में 101 मतदान केंद्र बनाए गए है,यह मतदान केंद्र 67 भवन में है। जिसमे एक मतदान केंद्र वाले भवन 42 हैं,दो मतदान केंद्र वाले 18 भवन,तीन मतदान केंद्र वाले पांच भवन और चार मतदान केंद्र वाले दो भवन हैं,जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव को लेकर कई मतदान केंद्र सामान्य, संवेदनशील और अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा इस प्रखंड में दो थाना क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र है,जिसमे नारदीगंज थाना अंतर्गत 87 मतदान केंद्र हैं, वही हिसुआ थाना क्षेत्र में 14 मतदान केंद्र स्थित है। सभी पोलिंग पार्टी मतदान केंद्र पर वोट कराने के लिए ईवीएम मशीन व अन्य समान रवाना हुए हैं।

कौआकोल में 121 बूथों पर आज डाले जाएंगे वोट

कौआकोल। 19 अप्रैल को पहले चरण के अंतर्गत नवादा लोकसभा में आज यानि शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त कर ली गई है। बीडीओ सुनील कुमार चाँद ने बताया कि चुनाव को हर हाल में निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के जवानों समेत बिहार पुलिस,सैप एवं अन्य जवानों को लगाया गया है। सभी बूथों पर बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ,सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक जाने एवं आने में किसी प्रकार की असुविधा न हो,इसका भी विशेष रूप से ख्याल रखा गया है। गुरुवार की देर शाम तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों के पहुंच जाने की सूचना है। बता दें कि नवादा लोकसभा अंतर्गत गोविंदपुर विधानसभा के नक्सल प्रभावित कौआकोल प्रखंड में आज सुबह 7 बजे से संध्या 4 बजे तक वोट डाले जाएंगे। जिसमें एक लाख अठारह हजार सात सौ उनतीस मतदाता (पुरुष-61958,महिला-56753 एवं अन्य-18) प्रखण्ड में बनाए गए 121 मतदान केंद्रों पर अपने अपने वोट का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड के 121 मतदान केंद्रों में 80 मतदान केंद्रों को नक्सल प्रभावित,जबकि 32 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है।

रामनवमी पर्व के अवसर पर आरपीएफ बल सदस्यों के द्वारा भंडारा का आयोजन

गरहरा बेगुसराय। रामनवमी पर्व के अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल परिवार गरहरा के द्वारा हर वर्ष की भांति ही राम धुन संकीर्ण के साथ साथ भंडारा का आयोजन किया गया। बताते चले कि पोस्ट कमांडर सुनील कुमार पांडे ने बताया कि हमारे पोस्ट का यह पुरानी परम्परा है कि पूजा अर्चना करने के बाद हम लोग भंडारा का आयोजन करते है।इस कार्यक्रम में मजिस्ट्रेट सुनीता सिंहा, डी एस आर पी गौरब पांडे, सहायक सुरक्षा आयुक्त, सहायक मंडल इंजीनियर विकाश चंद्र दत्ता, प्रभारी निरीक्षक कुंदन कुमार, सीसेई पावर संजय कुमार यादव, कार्य संजय वर्मा, अविनाश कुमार अमर, टेली रमेश कुमार, शाखा मंत्री ईसीआरकेयू जीवानन्द मिश्र, विकाश चंद्र पाल, डीके झा, टी अन सिंह, रेल पथ निरीक्षक पाठक, सुमंत कुमार चौधरी थाना प्रभारी गरहरा के अलावे दर्जनों समाज सेवी,राजनीतिक से जुड़े लोगों ने इसमें शामिल हुए।आगत अतिथियों का स्वागत लालबाबू तिवारी सहायक अवर निरीक्षक ने किया।

चकनायत निवासी एक बच्चे की गंगा नदी में डूबने से हुई मौत,परिजनों में मचा कोहराम

भगवानपुर बेगूसराय। तेयाय ओपी क्षेत्र अंतर्गत काजी रसलपुर पंचायत के चकनायत निवासी एक बच्चे की तेघड़ा गंगा घाट में स्नान करने के दौरान डूबने से परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कलश विसर्जन के लिये कई लोग विसौआ गंगा घाट पर गये थे। जहाँ कलश विसर्जन के बाद स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान तेयाय ओपी क्षेत्र अंतर्गत चकनायत गाँव निवासी योगेंद्र साह के 10 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्नान के दौरान पैर फिसलने से दो बालक गहरे पानी में डूबने लगे। वहाँ मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुये उसे बचाने का प्रयास किया जिसमें एक बच्चे की जान बचाने में सफलता मिली जबकि दूसरे की डूबने से मौत हो गई। बाद में स्थानीय गोताखोरों के द्वारा मृतक की लाश को पानी से निकाला गया। इधर मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

प्लस टू भवन के निर्माण पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

छोराही बेगूसराय। प्लस टू भवन के निर्माण कार्य पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति। विद्यालय परिसर के अस्तित्व खत्म होने से आशंकित हैं ग्रामीण। अधिकारियों से गुहार लगाकर विशेष पहल का किया अनुरोध। उत्क्रमित उच्चतर प्लस टू माध्यमिक विद्यालय पारमालपुर का है मामला। शिक्षा विभाग ग्रामीण इलाकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए टेंडर निकाल प्लस टू के भवन व चहारदीवारी निर्माण करवा रही है। जिससे कि ग्रामीण परिवेश में रहने वाले छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़े। इस बीच मालपुर पंचायत के उत्क्रमित उच्चतर प्लस टू माध्यमिक विद्यालय पारमालपुर परिसर में भवन निर्माण के आरंभ होने के साथ ही ग्रामीणों ने आपत्ति जाहिर कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक व विद्यालय प्रबंधन विद्यालय परिसर के बीचों-बीच तेजी से भवन निर्माण की कवायद में जुट चुके हैं। जिससे निकट भविष्य में विद्यालय परिसर का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा और खेलकूद, प्रार्थना व अन्य गतिविधियों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को साइकिल व बाइक लगाने में कठिनाई उत्पन्न होगी। स्थानीय ग्रामीण दुर्गा यादव, संजीत कुमार महतो, विजय कुमार, पिंटु यादव, सागर यादव आदि ने बताया कि विद्यालय परिसर के पश्चिम, उत्तर व दक्षिण दिशा में पूर्व से विद्यालय के भवन बने हुए हैं जबकि पूरब दिशा में एक धार्मिक मंदिर बना हुआ है। इसके बावजूद बिना योजना प्राक्कलन का बोर्ड लगाए जोर-शोर से जेसीबी व ट्रैक्टर से विद्यालय परिसर की खुदाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व भी अन्यत्र भूमि उपलब्ध होने तक संवेदक व विद्यालय प्रबंधन से एक महीने का समय मांगा गया तब तत्काल काम बंद कर दिया गया। इस बीच ग्रामीण भूमि खरीदने के लिए चंदा-चुटकी इकट्ठा करते कि पुनः बुधवार से विद्यालय परिसर की खुदाई आरंभ कर दी गयी। बताया गया कि एक बुद्धिजीवी भूमि दान देने के लिए तैयार भी हुये लेकिन कुछ कतिपय लोगों ने उन्हें हरका दिया। ग्रामीणों को चिंता सता रही है कि अगर विद्यालय परिसर में भवन निर्माण हो गया तो तीनों दिशाओं में अवस्थित पूर्व में बने भवन के कमरों में हवा व रोशनी की विकट समस्या उत्पन्न होगी। जिसका खामियाजा पूर्व में बनें भवनों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को भी भुगतना पड़ेगा। जिसके बावत ग्रामीणों ने सरकारी गाइडलाइन के अनुसार प्लस टू भवन के निर्माण व विद्यालय परिसर के अस्तित्व को बचाने की गुहार अधिकारियों से लगायी है।

बोले बीईओ.... इस संदर्भ में बीईओ नौशाद अहमद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। ये बात सही है कि स्थानीय ग्रामीण अन्यत्र भूमि उपलब्ध कराने का समय मांगा था। चूंकि संवेदक को भी विभाग से तय समय पर भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने की बाध्यता होती है। काफी समय बीतने के बावजूद भूमि उपलब्ध नहीं होने की परिस्थिति में कार्य शुरू किया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर स्थल निरीक्षण कर वरीय अधिकारियों को सूचित किया जायेगा।

चुनाव को लेकर जांच चौकी पर बढ़ी चौकसी,वाहनों की हो रही सघन जांच

वाहन जांच से सड़कों पर लगने लगी लम्बी कतारें

निज संवाददाता। **रजौली**

नवादा में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार-झारखण्ड के बॉर्डर स्थित समेकित जांच चौकी पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बलों की चौकसी बढ़ी हुई है।वहीं झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों द्वारा की जा रही है।जांच के क्रम में सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जा रही है।जिसमें ज्यादातर वाहनों पर शादी-विवाह में शामिल होने वाले लोग ही शामिल हैं।चुनाव के मद्देनजर अंतरराज्यीय सीमा पर तीन शिफ्टों में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।पुलिस बलों द्वारा झारखण्ड की ओर से आनेवाली सभी छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही थी।जांच के दौरान पुलिस बलों द्वारा वाहन रजिस्ट्रेशन नम्बर नोट करने के साथ-साथ चालकों से आने-जाने की पूछताछ के अलावे वाहनों के डिक्की में रहे बैग,सूटकेस आदि की तलाशी में जुटी हुई थी।ड्यूटी में रहे मजिस्ट्रेट ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस और मजिस्ट्रेट को जांच चौकी पर रोस्टर वार उपस्थित रहकर वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी लेने का निर्देश दिया गया है ताकि लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। चुनाव के दौरान जिले में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ एवं अवैध पदार्थ की तस्करी को रोका जा सके।वहीं जांच चौकी पर तैनात सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अपना लोकेशन और तस्वीर व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा करते रहेंगे।जांच चौकी स्थल पर दो पंजी भी संधारित की गई है,एक उपस्थिति पंजी और दूसरी में वाहनों की जांच का ब्योरा दर्ज करना है।वहीं समेकित जांच चौकी पर चुनाव से पूर्व बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने के लिए प्रत्येक दिन तीन शिफ्टों में उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से भी हैंड स्कैनर की मदद से ट्रक,कंटेनर,बस,कार आदि की जांच की जा रही है।साथ ही शराब पीकर बिहार में प्रवेश करने वाले लोगों की जांच कर उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है।बिहार पुलिस एवं उत्पाद बलों की संयुक्त जांच ने शराब धंधेबाजों पर नकेल कस दी है।जब शराब धंधेबाज आसपास के जंगली क्षेत्र से होकर शराब की खेंप बिहार में लाने का प्रयास करते हैं,तो उत्पाद बलों एवं पुलिस बलों द्वारा उन्हें दबोच लिया जा रहा है।

मुरहेना से अपहृत लड़की को ग्रामीणों ने पकड़ा,बरामदगी के लिए पुलिस हुई रवाना

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के मुरहेना के कसियाडीह गांव से पिछले माह में एक नाबालिग युवती के अपहरण को लेकर परिजनों ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।युवती को गया के मुफस्सिल के ग्रामीणों ने युवती को एक युवक के साथ पकड़ कर पुलिस को सूचित किया।पुलिस सूचना पाकर अपहृत युवती एवं साथ में रहे युवक की बरामदगी को लेकर गया रवाना हुई है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि इसी वर्ष के बीते 10 मार्च को मुरहेना के कसियाडीह के एक पीड़ित परिजन द्वारा लिखित आवेदन देकर नाबालिग युवती के अपहृत होने की बात कही गई थी।लिखित आवेदन को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई थी।इसी बीच सूचना मिली कि अपहृत युवती एवं उसके साथ एक युवक को गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पकड़ कर रखा गया है।प्राप्त सूचना के आलोक में रजौली थाना से महिला पुलिस बलों के साथ पुलिस पदाधिकारी को भेजा गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि अपहृत युवती एवं साथ में रहे युवक के बरामदगी के बाद पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।वहीं दूसरी ओर बीती रात्रि अमावां गांव में एक नाबालिग युवती को उसके पड़ोसी ने अपहरण कर लिया है।जिसकी लिखित सूचना पीड़ित परिजनों द्वारा थानाध्यक्ष को दिया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि लिखित आवेदन के आलोक में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

डिस्पैच सेंटर से ईवीएम एवं वीवीपैट लेकर मतदान कर्मी हुए बूथ के लिए रवाना

निज संवाददाता। **रजौली**

मुख्यालय स्थित रजौली इंटर विद्यालय में नवादा लोकसभा चुनाव को लेकर रजौली एवं हिसुआ विधानसभा के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर से गुरुवार को सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की मदद से ईवीएम एवं वीवीपैट अपने-अपने बूथों के लिए रवाना हुए। डिस्पैच सेंटर में एडीएम चन्द्रशेखर आजाद, एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, एसडीपीओ गुलशन कुमार, बीडीओ अनिल मिस्त्री के अलावे दर्जनों प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। एडीएम डिस्पैच सेंटर पर बने टेबलों के इर्द-गिर्द घूम-घूम कर कर्मियों को दिशा-निर्देश देते नजर आए। वहीं डिस्पैच सेंटर से ईवीएम एवं वीवीपैट के साथ अन्य जरूरी सामानों को लेकर मेसकौर प्रखण्ड जा रहे सेक्टर पदाधिकारी नित्यानन्द शास्त्री ने कहा कि निष्पक्ष मतदान के लिए उन्हें वरीय पदाधिकारियों से महत्वपूर्ण निर्देश प्राप्त हुए हैं। वहीं रजौली प्रखण्ड के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव डेलवा जा रहे सेक्टर पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि वे पहले भी कई मतदान करवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व कहे जाने वाले मतदान में उन्हें एक अहम कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जिसका निर्वहन वे पूरी निष्पकता से करेंगे। मतदान कर्मियों में पुरुषों के साथ-साथ महिलायें एवं दिव्यांगजन भी डिस्पैच सेंटर में अपने कार्यों में संलिप्त दिखाई दिए।

बखरी मे रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

निज संवाददाता। **बखरी (बेगूसराय)**

रामनवमी के अवसर पर बखरी पूरा भक्तिमय माहौल मे डूबा नजर आया. लोग सुबह से ही मंदिरों मे पूजा -अर्चना करते नज़र आये. खास करके बखरी की पुरानी दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर में भक्तों का भीड़ देखने को मिला. लोग सुबह से ही अपने घरों एवं मंदिरों में महावीर पटाका फरहते हुए नजर आए. वही श्री बजरंग व्यामशाला बखरी एवं बजरंग व्यायामशाला मक्खाचक द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं अखाड़ा जुलूस निकला गया. इस शोभायात्रा में राम भक्त जय श्री राम के उद्घोष करते आये. अखाड़ा जुलूस में शामिल खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शास्त्र से बेहतरीन करतब की प्रस्तुति किया. बजरंग व्यायामशाला बखरी ने श्री कृष्णा गौशाला के प्रांगण से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए ओम श्याम हनुमान के समीप समाप्त हुआ. इस दौरान बखरी पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट मोड में नजर आई.शोभायात्रा मे राजेश राज, पार्षद समीर श्रवण, प्रिंस सिंह, संतोष गुड्डु, पवन सुमन, चन्दन चौरसिया, संजीत टिवड़ीवाल, डॉ. अलोक आर्यन, अमित केशरी, अमित पोद्दार, नीरज राय सहित सैकड़ो लोग शामिल थे.पूरे बखरी बाजार में रामनवमी के जुलुश देखने हेतु महिला पुरुष एवम बच्चो में उत्साह देखा गया

विरासत को बचाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना अत्यंत आवश्यक है

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

विश्व विरासत दिवस के अवसर पर बेगूसराय संग्रहालय द्वारा आयोजित हेरिटेज वॉक एवं धरोहर संरक्षण जागरूकता कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए भारद्वाज गुरुकुल के निदेशक डॉ शिव प्रकाश भारद्वाज ने उपस्थित छात्र छात्राओं को अपने पुरखों की थाती को जानने एवं उन्हें संरक्षित करने का आह्वान किया। डा भारद्वाज ने विरासत एवं उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व विरासत दिवस का आयोजन अपनी पुरखों की थाती को संरक्षित करने हेतु आमलोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए ही किया जाता है । उन्होंने बताया कि संग्रहालयाध्यक्ष डा शिव कुमार मिश्र के नेतृत्व में आमलोगों एवं बच्चों में धरोहर के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु अभियान चलाया जाएगा।उनके अनुसार संग्रहालय हमारा सांस्कृतिक धरोहर है जहां हमारे क्षेत्र के धरोहर संगृहीत हैं ।नयी पीढ़ी को समय समय पर इसका अवलोकन करने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए मनोरंजन की भी सूविधा है।डा भारद्वाज के नेतृत्व में भारद्वाज गुरुकुल से बेगूसराय संग्रहालय तक एक विरासत यात्रा का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में संबोधित करते हुए जी. डी. कालेज, बेगूसराय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार ने विरासत के संरक्षण के विषय में विस्तार से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। डा कुमार ने प्रतिभागियों को संग्रहालय के सामग्रियों से परिचय कराते हुए उनके महत्व एवं उनके संरक्षण की जरूरत एवं उपाय के तौर तरीकों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डा कुमार ने बताया कि बेगूसराय जिला के पुरास्थलों एवं प्राचीन मूर्तियों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के लिए समाज के लोगों को प्रयास करना होगा अन्यथा एक कर सभी पुरास्थल नष्ट हो जायेंगे तथा मूर्तियों को भी गायब कर दिए जायेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि अपने आसपास के लोगों को भी अपनी धरोहरों के प्रति जागरूक किया जाय। रिसोर्स पर्सन के रूप में संबोधित करते हुए को- ओपरेटिव कालेज बेगूसराय के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कुमारी रंजना ने बेगूसराय जिला के पुरास्थलों एवं मंदिरों में रखी हुई प्राचीन मूर्तियों के अलावा संग्रहालय की सामग्रियों, पांडुलिपियों, प्राचीन सिक्कों, मृण्मूर्तियों आदि के विषय मेंमें प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। डा रंजना ने प्राचीन लिपि कैथी लिपि के महत्व, उसकी उपयोगिता तथा उसके प्रशिक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यशाला का संचालन एवं आगंतुकों का स्वागत संग्रहालयकर्मी अमिताभ मिश्र द्वारा किया गया। कार्यशाला में भारद्वाज गुरुकुल के आस्था कुमारी , दीक्षा भारती,ज्योति प्रकाश, आलोक रंजन, अमित कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य छात्र छात्राओं के अलावा एस बी एस एस कालेज, बेगूसराय के अभिमन्यु कुमार, बिट्टू कुमार, कौशल कुमार, गुलशन कुमार, खुशबू,साक्षी सहित अन्य छात्र छात्राएं तथा राजकीयकृत जे के प्लस टू विद्यालय की शिक्षिका गरिमा कुमारी, शालिनी कुमारी के अलावा नितीश कुमार ,आयुश कुमार, मुस्कान खातून, सुप्रिया, संगीता सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।

विश्व विरासत दिवस पर गणेश दत्त महाविद्यालय में सेमिनार

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

विश्व विरासत दिवस पर गणेशदत्त महाविद्यालय बेगूसराय के प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ चंद्रभूषण प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य डॉ रामअवधेश कुमार ने कहा की गणेशदत्त महाविद्यालय अपने आप में देश के लिए एक धरोहर है। खासकर प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग ने इस विरासत की संस्कृति को सहेज कर रखने में अपना अमूल्य योगदान दिया है। कहा की महाविद्यालय का यह विभाग बेगूसराय सहित राज्य की महत्वपूर्ण स्मृतियों और धरोहरों को सहेजने का प्रयास कर रही है। वहीं प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो शिवशंकर सिंह ने कहा कि बेगूसराय के अंदर ऐसे कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल, मूर्तियां, भवन, नदियां, मंदिर और मस्जिद हैं जिन्हें हमें आज सहेजने और संरक्षित करने की जरूरत है हमें। वहीं प्रो अनिल शर्मा ने कहा कि विगत तीन दशक से बिहार सरकार का ध्यान बेगूसराय की ओर आकृष्ट कराया गया है लेकिन अब तक बेगूसराय के धरोहर को संरक्षित नहीं किया जा सका है। डॉ अनिल कुमार ने कहा कि जयमंगला गढ़ स्थित हरसाईं स्तूप के संरक्षण को लेकर प्राचीन विभाग द्वारा कई बार बिहार सरकार के स्तर पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और बिहार पुरातत्व निदेशालय को भी इसकी जानकारी दी गई जिसके आलोक में जिलाधिकारी द्वारा स्थल का निरीक्षण भी किया गया था, उसके बावजूद भी संरक्षित नहीं किया जा सका है। विषय प्रवेश करते हुए डॉ अमिय कृष्ण ने कहा कि विषय से संबंधित सभी छात्र-छात्राओं को संकल्प लेना होगा कि हम अपने स्तर से बेगूसराय के महत्वपूर्ण धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में लोगों को जागरुक करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ चंद्रभूषण प्रसाद सिन्हा ने कहा की धरोहर हमारी विरासत की एक संपूर्ण गाथा है। हमारे विकास का मापदंड है, इसलिए हमें विश्व धरोहर दिवस के मौके पर अपनी विरासत को बचाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन काशी प्रसाद जायसवाल पुरातत्व संग्रहालय के संग्रहालय अध्यक्ष डॉ कुंदन कुमार ने किया। मौके पर डॉ प्रशांत, शोधार्थी शशि कुमार, स्नातकोत्तर की छात्रा मोनी भारती, बबलू, आयुष, ऐश्वर्य, रेखा, अर्चना, मनीषा, आंचल, मो इशराक सहित अन्य उपस्थित थे।

बेगुसराय संसदीय क्षेत्र से प्रथम दिन दो उम्मीदवार ने नामाकंन किया

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सीपीआई उम्मीदवार श्री अबधेश कुमार राय के द्वारा निर्वाची पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी महोदय के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया,तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के उम्मीदवार श्री रजनीश कुमार मुखिया के द्वारा निर्वाची पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी महोदय के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।नामाकंन के वक्त दोनो दलो के काफी संख्या में समर्थक उपस्थित थे। शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रशासन सतर्क थी।

बखरी मे रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

निज संवाददाता। **बखरी (बेगूसराय)**

रामनवमी के अवसर पर बखरी पूरा भक्तिमय माहौल मे डूबा नजर आया. लोग सुबह से ही मंदिरों मे पूजा -अर्चना करते नज़र आये. खास करके बखरी की पुरानी दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर में भक्तों का भीड़ देखने को मिला. लोग सुबह से ही अपने घरों एवं मंदिरों में महावीर पटाका फरहते हुए नजर आए. वही श्री बजरंग व्यामशाला बखरी एवं बजरंग व्यायामशाला मक्खाचक द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं अखाड़ा जुलूस निकला गया. इस शोभायात्रा में राम भक्त जय श्री राम के उद्घोष करते आये. अखाड़ा जुलूस में शामिल खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शास्त्र से बेहतरीन करतब की प्रस्तुति किया.

बजरंग व्यायामशाला बखरी ने श्री कृष्णा गौशाला के प्रांगण से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए ओम श्याम हनुमान के समीप समाप्त हुआ. इस दौरान बखरी पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट मोड में नजर आई. शोभायात्रा मे राजेश राज, जय शंकर जयसवाल, पार्षद समीर श्रवण, प्रिंस सिंह, संतोष गुड्डु, पवन सुमन, चन्दन चौरसिया, संजीत टिवड़ीवाल, डॉ. अलोक आर्यन, अमित केशरी,अमित पोद्दार, नीरज राय सहित सैकड़ो लोग शामिल थे.

ग्रामीणों की मदद से 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को निकाला गया बाहर

तालाब में डूबने से बच्ची की मौत

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र के कूड़ासन गांव में पोखरा से पानी लाने गई एक 12 वर्षीय किशोरी तालाब में डूब गई। जिसे आसपास के बच्चों ने डूबते देख शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला गया। जिसे परिजन स्वास्थ्य केंद्र भभुआ लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सुचना दी। सूचना पर पहुंची भभुआ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। मृतका की पीचान भभुआ थाना क्षेत्र के कूड़ासन गांव निवासी सुरेंद्र राम की पुत्री मंशा कुमारी(12) के रूप में हुई है। मृतका के बड़े दादा आलियार राम ने बताया कि मंशा तालाब से में पानी लाने गई थी। तभी पैर फिसल जाने के कारण वह तालाब में गिर गई और डूबने लगी। गांव के ही बच्चों ने डूबता देख शोर मचाना शुरू किया।

जब तक लोग पहुंचते तब तक बच्ची डूब चुकी थी। फिर उसको बाहर निकालते हुए उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। फिर पुलिस को सूचना दिया गया तो पुलिस सदर अस्पताल भभुआ पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार करते हुए पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दी है। यहां शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए हम लोग आए हुए हैं।

सदर अस्पताल लाए जा रहे वृद्ध ने रास्ते में तोड़ा दम

निज संवाददाता

रामगढ़(कैमूर)। जिले के रामगढ़ रेफरल अस्पताल से एंबुलेंस से गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल लाए जा रहे 65 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने गुरुवार को रास्ते में दम तोड़ दिया। एम्बुलेंस चालक व एमटी द्वारा गुरुवार को सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर रहे डॉ. संतोष कुमार द्वारा बेहोश व्यक्ति की स्वास्थ्य जांच कराई। जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नही हो सकी थी। उसके मुंह से झाग निकल रहा था।

इससे वहां मौजूद लोगों ने आशंका जताई व्यक्त की कि गर्मी के कारण उसकी मौत हुई होगी।

छत से गिरकर एक वृद्ध हुआ घायल, इलाजरत

निज संवाददाता

अधौरा (कैमूर)। जिले के अधौरा में छत से गिरकर एक ग्रामीण घायल हो गया। घायल अधौरा के बुद्धु धोबी को परिजनों द्वारा दोनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया गया। हालांकि परिजनों ने पहले स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया। जब वहां से राहत नहीं मिली तब उसे सदर अस्पताल लाया गया।

आधा दर्जन गांव के खेत में लगी आग तैयार गेहूँ की फसल जलकर राख

- प्रभावित किसानों को दिया जाएगा मुआवजा
- पूरी क्षति का किया जा रहा है आकलन
- रोहतास पुलिस ने किसानों अपने खेतों मे पराली ना जलाने की अपील की है।

निज संवाददाता

काराकाट (रोहतास)। रोहतास के काराकाट प्रखंड के मुंजी पंचायत के आधा दर्जन गांवों के खेत में आग लग गई, जिससे बड़ी मात्रा में खेतों में तैयार गेहूँ की फसल जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंजी पंचायत के मोहनपुर, बारना, डिहरा, मुंजी, मुरारपुर, बडीहा के सिवान में आग लग गई। आग लगने की सूचना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में किसान जमा हो गए और अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

काराकाट अंचल के सीओ रितेश कुमार ने बताया कि मुंजी पंचायत के सिवान में आग लगी, वहां से लगे छह गांवों के खेतों में आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया 50 एकड़ में लगी फसल के जल जाने की बात सामने आई है, अभी पूरी क्षति का आकलन किया जा रहा है। प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। जिले में आगलगी की घटनाओं को देखते हुए अब रोहतास पुलिस ने किसानों अपने खेतों मे पराली ना जलाने की अपील की है। चेतावनी जारी करते हुए पुलिस ने कहा है कि अन्यथा कि स्थिति मे आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं के तहत करवाई की जा सकती है। साथ ही अपील की गई है 9 बजे पूर्वाह्न के बाद चूल्हा ना जलाये, शाम 7 बजे के बाद हवा शांत होने पर ही चूल्हा जलाये, खाना बनाने के बाद पानी से पूरी तरह आग बुझा दें। बाल्टी, डब्बा, टैंक मे हमेशा पानी भरकर रखे ताकि आग पर शुरू में ही काबू पाया जा सके।

चोपन स्वास्थ्य इकाई और केंद्रीय चिकित्सालय के बीच टेली कंसलटेशन हेल्थ कैंप का आयोजन

दूरदराज के क्षेत्रों में कार्यरत रेलकर्मी एवं उनके आश्रित होंगे लाभान्वित

- हाजीपुर में विडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा टेली कंसलटेशन हेल्थ कैंप का किया गया उद्घाटन

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। दूरदराज के क्षेत्रों में कार्यरत रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों को सुविधाजनक और सुलभ तरीके से उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के तहत् गुरूवार को चोपन स्वास्थ्य इकाई और केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पूर्व मध्य रेल, पटना के बीच विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े विषयों पर आधारित टेली कंसलटेशन हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। मुख्यालय हाजीपुर में विडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा इसका उद्घाटन पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा किया गया। हेल्थ कैंप में केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना के विशेषज्ञ चिकित्कों द्वारा चोपन स्वास्थ्य इकाई में भर्ती मरीजों को टेली कंसलटेषन के माध्यम से चिकित्सा सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। गुरूवार के इस शिविर में चिकित्सकों द्वारा कुल 73 मरीजों की जांच की गई।

जिनमें से स्त्रीरोग से जुड़े 17 मामले तथा 12 मरीज पेडियाट्रिक ग्रुप के थे। इसके अलावा उच्च रक्तचाप के कुल 20 और मधुमेह के 15 मरीज उपस्थित हुए। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेषक एवं केंद्रीय चिकित्सालय, पटना के चिकित्सा निदेशक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी क्रम में रेलकर्मी एवं उनके आश्रितों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराते हुए पटना स्थित केंद्रीय सुपर स्पेषियलिटी अस्पताल में पेसमेकर की सुविधा प्रारंभ हो गयी है। अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा दिनांक 16.04.2024 को सेवानिवृत्त रेलकर्मी राम सागर शर्मा के स्वास्थ्य मूल्यांकन के बाद सफलतापूर्वक पेसमेकर लगाया गया। विदित हो कि केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना के कॉर्डियोलॉजी टीम द्वारा किया गया यह पहला कार्डिक इंटरवेंशन है।

आम की फसल को बचाने के लिए करें दवाओं का छिड़काव : डा. केके मिश्र

निज संवाददाता

जमुहार (सासाराम)। आम के बागों में फूल आने के बाद फल अब छोटे फलों का रूप ले चुके हैं। तापमान बढ़ने से आम के बागों में नमी की कमी होती जा रही है, जिससे आम के छोटे फल लगातार गिर रहे हैं। फलों को बचाने के लिए किसानों को अपने बागों में पर्याप्त नमी बनाए रखने के साथ ही जरूरी दवाओं का छिड़काव भी करना चाहिए। उक्त जानकारी नारायण कृषि विज्ञान संस्थान, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के सहायक प्राध्यापक (फल विज्ञान) डॉ. के.के मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि आम के छोटे फलों को गिरने से बचाने के लिए बागों में उपयुक्त वातावरण बनाए रखने की जरूरत है। समय पर उचित देखभाल न करने से आम के छोटे फल गिरने लगते हैं। इसके अलावा फल बड़ा होने पर फटने या फिर निचला हिस्सा काला होने लगता है। इसकी प्रमुख वजह बागों में नमी का न होना है। आम के बाग के पास ईंट के भट्ठे एवं बाग की मिट्टी बलुई होने से मृदा में नमी ज्यादा समय तक नहीं टिकती है। आम के छोटे फलों को गिरने व फटने से बचाने के लिए किसानो को चाहिए कि बागों में उचित नमी बनाए रखें। डॉ. मिश्र ने बताया कि किसान बाग का दस दिनों के अंतराल पर सिंचाई करें और इमिडाक्लोप्रिड, हेक्साकोनाजोल के अलावा प्लेनोफिक्स हार्मोन दवा की उचित मात्रा में छिड़काव करें।

12 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

चैनपुर (कैमूर) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के हाटा-चकिया पथ में सतौना के पास से उत्पाद विभाग की पुलिस ने 12 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए तस्करों में चांद थाना क्षेत्र के सुरहा गांव निवासी प्रहलाद राम के 20 वर्षीय पुत्र किशन कुमार, मुराहू बिंद के 21 वर्षीय पुत्र बीरचंद कुमार तथा नारायण बिंद के 21 वर्षीय पुत्र ई रिक्शा चालक अक्षय कुमार शामिल हैं। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी ओम प्रकाश कुमार ने बताया कि उत्पाद थानाध्यक्ष अशोक कुमार के निर्देश पर गुप्त सूचना के तहत जांच के दौरान सतौना गांव के पास एक ई रिक्शा को रोकवाकर जांच की गई। जांच के दौरान बैग में छुपाकर रखा गया 12 किलो गांजा मिला। उत्पाद पुलिस ने गांजा और ई-रिक्शा को जब्त करते हुए तीन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कार्यालय:-जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार
Sadar Hospital Campus, Latehar
E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग जिला–लातेहार की ओर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत दिनांक–19.04.2024 को कृमि मुक्ति दिवस एवं दिनांक–26.04.2024 को एन0डी0डी0 मॉप अप दिवस के रूप में अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम आयोजन कर कृमि मुक्ति को लेकर 01 वर्ष से 19 वर्ष की आयुवर्ग के किशोर/किशोरियोंको एल्बेंडाजॉल की दवा खिलायी जायेगी।

जिलेवासियों से अपील है कि उपर्युक्त अभियान में 01 वर्ष से 19 वर्ष की आयुवर्ग के सभी किशोर/किशोरी, दवा का सेवन जरूर करें ताकि जिले को कृमि मुक्त बनाया जा सके। एल्बेंडाजॉल बच्चों एवं व्यस्कों, दोनों के लिए एक सुरक्षित दवाई है और इसका प्रयोग दुनिया भर में करोड़ों लोगों में कृमि संक्रमण का ईलाज करनें के लिए किया जाता है। यह दवा खून की कमी में सुधार करता है एवं पोशण स्तर को बेहतर बनाता है।

जनहित में सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशित।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
लातेहार

PR 323898 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D

मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

निज संवाददाता

जमुहार (सासाराम)। राष्ट्रीय सेवा योजना नारायण कृषि विज्ञान संस्थान इकाई, गोपाल नारायण सिंह विश्व विद्यालय के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वाणिज्य संकाय के डीन प्रोफेसर आशुतोष द्विवेदी एवं विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह रहे। संबोधन के दौरान प्रोफेसर आशुतोष ने स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार के अत्याधुनिक नियमों से अवगत कराया तो दूसरी तरफ पी आर ओ भूपेंद्र नारायण सिंह ने मताधिकार राष्ट्र के उत्थान में कितना आवश्यक है पर गहन चर्चा किए। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर मयंक कुमार राय ने मतदाताओं को जागरूक करने के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। कार्यक्रम में लगभग 70 प्रतिभिगियो ने प्रतिभाग किया। बीएससी कृषि की स्वयंसेवक साक्षी के द्वारा गीत के माध्यम से तथा स्वयंसेवक गौरव कुमार ने मतदाताओं को जागरूक करने पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर धनंजय तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने किया।

रोड शो के साथ पवन सिंह करेंगे प्रचार की शुरुआत

पवन सिंह 23 अप्रैल को आरा से डेहरी तक करेंगे जन आशीर्वाद यात्रा

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में दावे दारी पेश करने वाले भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह सौ किमी का रोड शो करेंगे। उनकी टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि वह 23 अप्रैल को रोहतास के तीन विधानसभा क्षेत्र काराकाट, नोखा और डेहरी में रोड शो करेंगे। जबकि 24 अप्रैल को औरंगाबाद के ओबरा, गोह और नवीनगर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। वहीं टीम ने आगे बताया कि वह 23 अप्रैल को सुबह में आरा से काराकाट के लिए निकलेंगे। इसके बाद दनवार, कछवा, नासरीगंज, गोरारी, काराकाट, बिक्रमगंज, नोखा, राजपुर, अकोढ़ीगोला, डेहरी ऑन सोन तक शाम में पहुंच जाएंगे। वहां से फिर औरंगाबाद के बारूण नवीनगर पहुंचेंगे। 24 अप्रैल को फिर औरंगाबाद के ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा होते हुए गोह क्षेत्र में प्रचार करेंगे।

आग से झुलसकर तीन पशु की मौत

सासाराम (रोहतास)(नि. सं.)। तुम्बा में शॉर्ट सर्किट के कारण झोपड़ी में आग लग गई। जिसमें तीन पशु झुलस कर मर गए।

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण में मतदान का समय से संबंधित

आवश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण के 04 (चार) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों **37–औरंगाबाद, 38–गया (अ०जा०), 39–नवादा एवं 40–जमुई (अ०जा०)** का मतदान **दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार)** को निर्धारित है। इन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय निम्नवत् है :–

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम	संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम	मतदान का समय	मतदान की तारीख
37–औरंगाबाद	222–कुटुम्बा (अ०जा०)	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	19.04.2024 (शुक्रवार)
	223–औरंगाबाद	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	
	224–रफीगंज	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	225–गुरूआ	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	227–इमामगंज (अ०जा०)	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	231–टिकारी	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
38–गया (अ०जा०)	226–शेरघाटी	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	19.04.2024 (शुक्रवार)
	228–बाराचट्टी (अ०जा०)	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	229–बोध गया (अ०जा०)	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	230–गया टाउन	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	
	232–बेलागंज	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	
	234–वजीरगंज	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	
39–नवादा	170–बरबीघा	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	19.04.2024 (शुक्रवार)
	235–रजौली (अ०जा०)	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	236–हिसुआ	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	
	237–नवादा	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	
	238–गोबिन्दपुर	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	239–वारिसलीगंज	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	
40–जमुई (अ०जा०)	164–तारापुर	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	19.04.2024 (शुक्रवार)
	169–शेखपुरा	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक	
	240–सिकन्दरा (अ०जा०)	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	241–जमुई	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	242–झाझा	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	
	243–चकाई	पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक	

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

(आलोक रंजन घोष)
विशेष सचिव–सह–
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR. No. 000188 (Election) 2024-25

लोकसभा आम निर्वाचन 2024– कोई मतदाता न छूटे

यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर 19 स्पेशल ट्रेनों के एक-एक फेरे का परिचालन

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 09486 पटना-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशलः गाड़ी संख्या 09486 दानापुर-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को पटना से 01.00 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, कटनी मुरवारा, बीना, उज्जैन के रास्ते 21.04.2024 को 07.10 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। 2. गाड़ी संख्या 09414 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशलः गाड़ी संख्या 09414 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को दानापुर से 23.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, कटनी मुरवारा, बीना, उज्जैन के रास्ते 22.04.2024 को 07.30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। 3. गाड़ी संख्या 09422 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशलः गाड़ी संख्या 09422 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को दानापुर से 05.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, कटनी मुरवारा, बीना, उज्जैन के रास्ते 26.04.2024 को 13.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 09054 जयनगर-गोधरा अनारक्षित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09054 जयनगर-गोधरा स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को जयनगर से 11.30 बजे खुलकर दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, मोकामा के रास्ते 19.20 बजे पटना रूकते हुए 20.04.2024 को 23.30 बजे गोधरा पहुंचेगी।

5. गाड़ी संख्या 09092 जयनगर-गोधरा अनारक्षित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09092 जयनगर-गोधरा स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को जयनगर से 11.30 बजे खुलकर दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, मोकामा के रास्ते 19.20 बजे पटना रूकते हुए 21.04.2024 को 23.30 बजे गोधरा पहुंचेगी। 6. गाड़ी संख्या 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को बरौनी से 10.20 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 22.04.2024 को 07.05 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। 7. गाड़ी संख्या 09048 मालदा टाउन-उधना अनारक्षित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09048 मालदा टाउन-उधना अनारक्षित स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को मालदा टाउन से 20.00 बजे खुलकर मुंगेर, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 23.04.2024 को 01.00 बजे उधना पहुंचेगी। 8. गाड़ी संख्या 09094 भागलपुर-वलसाड स्पेशलः गाड़ी संख्या 09094 भागलपुर-वलसाड स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को भागलपुर से 05.00 बजे खुलकर मुंगेर, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 22.04.2024 को 02.30 बजे वलसाड पहुंचेगी। 9. गाड़ी संख्या 05561 समस्तीपुर-आनंद विहार स्पेशलः गाड़ी संख्या 05561 समस्तीपुर-आनंद विहार स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को समस्तीपुर से 19.45 बजे खुलकर दरभंगा-सीतामढ़ी -नरकटियागंज के रास्ते 20.04.2024 को 17.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

10. गाड़ी संख्या 05562 आनंद विहार-समस्तीपुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 05562 आनंद विहार- समस्तीपुर स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को आनंद विहार से 20.30 बजे खुलकर नरकटियागंज -सीतामढ़ी-दरभंगा के रास्ते 21.04.2024 को 20.00 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। 11. गाड़ी संख्या 01425 पुणे-दानापुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 01425 पुणे-दानापुर स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को पुणे से 19.55 बजे खुलकर 21.04.2024 को 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 12. गाड़ी संख्या 01426 दानापुर-पुणे स्पेशलः गाड़ी संख्या 01426 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 23.04.2024 को दानापुर से 06.30 बजे खुलकर 24.04.2024 को 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी। 13. गाड़ी संख्या 01081 एलटीटी-दानापुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 01081 एलटीटी-दानापुर स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को एलटीटी, मुंबई से 10.30 बजे खुलकर 22.04.2024 को 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। 14. गाड़ी संख्या 01082 दानापुर-एलटीटी स्पेशलः गाड़ी संख्या 01082 दानापुर-एलटीटी स्पेशल दिनांक 22.04.2024 को दानापुर से 22.00 बजे खुलकर 24.04.2024 को 04.50 बजे एलटीटी, मुंबई पहुंचेगी। 15. गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल-गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 16. गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल-गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 17. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 18. गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज के रास्ते अगले दिन 13.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 19. गाड़ी संख्या 03430 भागलपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 03430 भागलपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को भागलपुर से 11.00 बजे खुलकर किउल-मोकामा के रास्ते 16.15 बजे पटना जं. रूकते हुए अगले दिन 07.10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

संक्षिप्त समाचार

धनबाद से आनंद विहार व सहरसा से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

गया। गया यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को लेकर रेलवे द्वारा सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया है। इन स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल कोडरमा-गया-डीडीयू-प् रयागराज के रास्ते चलेगी। गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 19 अप्रैल को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर 21.30 बजे गया व अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 20 अप्रैल को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 13.05 बजे व 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी।

अगलगी की अलग-अलग घटना में हजारों की फसल जलकर राख

टिकारी। क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर गुरुवार को अगलगी की घटना में हजारों की सम्पति जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार पहली घटना पंचदेवता ग्राम के समीप खेत मे रखे गेहूं की फसल व बांस की कोठी में लगी। दूसरी घटना रूपन बिगहा ग्राम में गेहूं की फसल, पंचानपुर थाना क्षेत्र के चैनपुरा ग्राम में बधारइन रखे गेहूं की फसल में लगी। तीनों घटना की सूचना पर मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंचकर आग पर काबू पाया। अग्निशमन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इसके अलावा क्षेत्र के मुंडेरा व भोज बिगहा में अगलगी की घटना घटी। सभी घटना में फसल जलकर राख हो गये।

20 हजार लोगों के बीच पूरी, सब्जी व बुंदिया का वितरण

गया। शहर के स्वराज्यपूरी रोड स्थित श्री मोहन लाल जीरादेई सेवा सदन में बुधवार को नगर बरनवाल सेवा समिति, गया नगर बरनवाल महिला समिति तथा बिहार प्रदेश बरनवाल मोदी महिला महासभा के संयुक्त नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी के जन्मोत्सव पर आयोजित भव्य शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों के लिए बाटा मोड़ के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में लगभग 20 हजार लोगों के बीच पूड़ी, सब्जी, बुंदिया एवं शीतल जल बांटा गया। भंडारे के सफल आयोजन के लिए संयोजक राकेश कुमार, शंकर कुमार, जितेंद्र जी, गया नगर बरनवाल सेवा समिति के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पवन, कोषाध्यक्ष विक्की बरनवाल, कुंदन प्रकाश, प्रसाद सहारा आदि मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव : आम जनता पार्टी राष्ट्रीय ने किया एनडीए प्रत्याशी का समर्थन

गया। आम जनता पार्टी राष्ट्रीय के जिला कमेटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। गया लोकसभा प्रभारी राम किशोर सिंह और शिवनाथ प्रसाद शर्मा ने बताया कि पार्टी की जिला कमिटी ने गया लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी को समर्थन करने का फैसला लिया है। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

एम्स में शुरू हुई ब्लड सेपरेशन यूनिट

गया। रामनवमी पर गया के अभय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर का उद्घाटन डॉ. अभय नारायण राय ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राय ने कहा कि अब मरीजों को को प्लेटलेट, ब्लड सेल, प्लाज्मा के लिए बाहर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। ये सारी सुविधाएं एम्स हॉस्पिटल में ही उन्हें मिल जाएगी। मौके पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल गौतम, डॉ. बीके गौतम, राकेश रंजन, शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सोनी कुमार वर्मा सहित सभी अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

सुबह से ही लग गई रामभक्तों की लंबी कतारें

बिहारशरीफ। रामनवमी को लेकर बुधवार को शहर के मंदिरों में सुबह से ही रामभक्तों की भीड़ जमा हो गई थी। लोग ध्वजारोहण और भगवान राम और हनुमान की पूजा में जुटे थे। घरों में भी महावीरी पताका स्थापित कर पूरे विधि-विधान से पूजा की गई। शहर के प्रसिद्ध धनेश्वरघाट हनुमान मंदिर में शामियाने के बाहर भी कड़ी धूप में आधे किलोमीटर तक भक्तों की कतार लगी थी। यहां पांच सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने महावीरी पताका लगाया।

गया के विकास के लिए जीतन राम मांझी का जीतना जरूरी : डॉ. संतोष कुमार सुमन

गया। बिहार सरकार के मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान से पूर्व चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गया लोकसभा क्षेत्र की जनता से एनडीए समर्थित हम (से.) प्रत्याशी जीतनराम मांझी को भारी मतों जीत दिलाने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि जीतनराम मांझी का जीतना गया के विकास के लिए बेहद जरुरी है। वह ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनके जीतने के बाद केंद्रीय कैबिनेट में जगह मिलने की संभावना है। इससे गया का तीव्र गति से विकास होगा। मंत्री डॉ. सुमन ने कहा कि जीतनराम मांझी ईमानदार और कर्मठ छवि के उम्मीदवार हैं। उन्हें हर समाज और हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है, इस समर्थन को अब समय की मांग के अनुसार वोट में बदलने की जरुरत है। उनकी जीत गया की जीत होगी। डॉ. सुमन ने कहा कि इस बार देश में 400 पार की लहर चल रही है और बिहार भी 40 सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को फिर से केंद्र में स्थापित करने के लिए देने को तैयार है।

साइकिल से केदारनाथ यात्रा पर निकला युवक

रामराज ने कहा- सफल होने पर आगे नया चैलेंज लूंगा, ढोल नगाड़े के साथ मोहल्ले वासियों ने किया विदा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा का रामराज साइकिल से केदारनाथ की यात्रा पर गुरुवार को निकला है। मूलतः बिहार शरीफ के महलपर का रहने वाला अशोक कुमार निराला का पुत्र रामराज एवरग्रीन इंडिया मोटो लेकर बिहार शरीफ से साइकिल से रवाना हुआ है। केदारनाथ यात्रा से निकलने के पहले रामराज ने अपने परिवार और स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ मनोकामना देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और साइकिल से अकेले ही इस यात्रा पर निकल पड़ा। रामराज ने कहा कि अचानक उनके मन में यह ख्याल आया कि अभी तक साइकिल से बिहार शरीफ या नालंदा का कोई भी व्यक्ति केदारनाथ नहीं गया है। इसी मोटो के साथ मैंने केदारनाथ साइकिल से जाने का फैसला किया। मैं अपने यंगर को यह संदेश देना चाहता हूं कि देश को हरा भरा रखें और पेड़ पौधों को बचाना है। अपने भारत को स्वच्छ रखना है। इसलिए यह यात्रा हमने साइकिल से शुरू की है। अगर मैं केदारनाथ यात्रा को अच्छे से तय कर पाता हूं तो आगे कुछ और अलग करने का प्रयास करूंगा और नया चैलेंज लिया जाएगा।

यात्रा पर निकलने से पहले मां मनोकामना मंदिर में की पूजा अर्चना: रामराज युटुबर है एवं ब्लॉग बनाता है। वह तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा है। उसके पिता आइसक्रीम की एक छोटी फैक्ट्री चलाते हैं। रामराज ने साल 2023 में लव मैरिज शादी की थी और वह ग्रेजुएशन कंप्लीट कर चुका है। रामराज की पत्नी सृष्टि भारती ने कहा कि हम उनकी इस यात्रा की सफल कामना करते हैं। मुझे उन पर गर्व है कि मैं ऐसे व्यक्ति की पत्नी हूं जो कुछ अलग करने की हिम्मत और जज्बा रखते हैं।

बाइक सवार से लूटपाट मामले में 3 पर केस दर्ज

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 22 से 25 साल के नकाबपोश अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के समस्ती रेलवे फाटक के पास बीते सोमवार की रात अज्ञात अपराधियों द्वारा बाइक सवार युवक के साथ हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। लूटपाट की घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के श्रीरामनगर निवासी कृष्णदेव महतो के बेटे नीरज कुमार के साथ हुई थी। नीरज कुमार के फर्द बयान पर दीपनगर थाना में 3 अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नीरज ने अपने फर्द बयान में बताया कि वह बिहारशरीफ के मेहरपर से तिलक समारोह में शामिल होकर अपने ससुराल राजा कुंआ सोमवार की रात जा रहा था। इसी बीच तोताराम बीघा के दक्षिण रेलवे क्रॉसिंग ट्रैक के पास पहुंचा, तो देखा कि रेलवे गुमटी के पास में बन रहे कर्मचारी आवास से तीन बदमाश निकल कर बाहर आए। जिनकी उम्र 22 से 25 वर्ष के बीच थी। सभी ने अपने चेहरे पर गमछा डाला हुआ था। दौड़कर उसके पास आया और मोटरसाइकिल को रुकवाकर कनपटी पर पिस्टल भिड़ा दिया। एक बदमाश ने लूटपाट के दौरान चाकू मार दी। वह किसी तरह उन लोगों से बचकर वहां से भागा। हालांकि इस बीच बदमाशों ने मोबाइल, पर्स और मोटरसाइकिल लूट ली। तीनों अपराधी उसी पर बैठकर नए बाइपास से होते हुए नकटपुरा की ओर भाग गए। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि तीन अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान शुरू कर दी गई है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

गया में कल वोटिंग, तैयारी पूरी

निज संवाददाता। गया

- **18 लाख से अधिक मतदाता 2916 बूथों पर कल करेंगे मतदान, पोलिंग पार्टियां हुई रवाना**

19 अप्रैल को गया में मतदान होने जा रहा है। मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियों गया कॉलेज से दोपहर बाद से रवाना हो गईं। उन्हें बास्केट और अन्य सामग्री के साथ फोर्स भी मुहैया कराया जा रहा है। खास बात यह है कि ईवीएम वीबी पैड मशीन। पोलिंग पार्टियों को दिए जाने में काफी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद मुहैया कराया जा रहा है। डिस्पैच सेंटर में अलग से हाल में ईवीएम मशीन रखी गई है। जहां से लाकर उन्हें दिया जा रहा है। सुबह 9:00 बजे से ही जिला निर्वाचन अधिकारी सह डीएम डॉक्टर त्यागराजन एसएस और एसएसपी आशीष भारती मोर्चा संभाले हुए हैं। गौरतलब है कि गया लोकसभा के तहत 6 विधानसभा आते हैं लेकिन गया कालेज गया में 9 विधान सभा का डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। जहां से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम विवि पैड आदि मुहैया कराए जा रहे हैं। 9 डिस्पैच सेंटर में 3 औरंगाबाद लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। गया लोकसभा से 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शुक्रवार को 2,916 बूथों पर 18 लाख से अधिक मतदाता करेंगे। वहीं डीएम त्यागराजन ने बताया कि सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। पोलिंग पार्टियां अपने अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हो रही है। उन्हें सारे सामान सभी जांच पड़ताल के बाद दिए जा रहे हैं। पोलिंग पार्टियों को बेहतर तरीके से ट्रेनिंग दी गई है। अपेक्षा है वे अपना काम बेहतर करेंगे।

जहां ड्यूटी वहीं मिलेगा खाना और नाश्ता, पोलिंग पार्टियों को भोजन का नहीं करना होगा इंतजार

निज संवाददाता। गया

गया में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। इस बार पोलिंग पार्टियां को खाना का इंतजार नहीं करना होगा। न ही जिस गांव में वे ड्यूटी कर रहे हैं। उस गांव के भरोसे वे खाना खाएंगे। चुनाव आयोग ने उनके लिए अलग से उसी बूथ पर व्यवस्था की है। पोलिंग पार्टियों का खाना और नाश्ता उस स्कूल का रसोइया बनाएगा जिस स्कूल में ड्यूटी कर रहे हैं। यानी भूख की टेंशन से पोलिंग पार्टियों को आयोग ने इस बार पूरी तरह से दूर कर दिया है। नाश्ता से लेकर खाना तक सब कुछ उन्हें स्कूल में ही मिलेगा। वह भी समय से। यह व्यवस्था 18 से 19 अप्रैल तक के लिए की गई है।

हर चुनाव में जैसे-तैसे काम चलाना पड़ता था: दरअसल हर चुनाव में पोलिंग पार्टियां जैसे-तैसे जुगाड़ से ड्यूटी के दौरान अपनी भूख को मिटाया करते थे। या तो वे खुद खाने का सामना लेकर अपने साथ जाते थे या फिर उन्हें गांव के लोग ही खाना खिलाया करते थे। या फिर आयोग की तरफ से जब खाना पहुंचाया जाता था तो ही उन्हें खाना मिलता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। आयोग ने पोलिंग पार्टियों के लिए ड्यूटी वाले स्थान पर ही खाने के लिए मुकम्मल व्यवस्था की है। पोलिंग पार्टी के ड्यूटी पर पहुंचते ही सम्बन्धित स्कूल का रसोइया उनका खाना बना कर तैयार कर देगा और परोस भी देगा। रसोइया को इसके लिए अलग से भुगतान किया जाएगा। इस बात की पुष्टि पीएम पोषण योजना के जिला कार्यक्रम अधिकारी साकेत रंजन ने की है।

सभी प्राथमिक स्कूलों के रसोइया को जानकारी दे दी गई है: यही नहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने एक चिट्ठी भी जारी की है जिसे जिले के सभी प्रखण्ड विकास अधिकारी को भेजी गई है। साकेत रंजन ने बताया कि जारी आदेश की जानकारी सभी प्राथमिक स्कूलों के रसोइया को भी दी गई है। वे 18 अप्रैल की शाम से 19 अप्रैल के दोपहर तक नाश्ता से लेकर खाना तक तैयार करेंगे। इस काम में उनका सहयोगी भी साथ देगा।

पटना गया युवक 3 सालों से लापता, घर से दुर्गा पूजा पर मेला देखने गया था

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा से पटना गए रोजी-रोटी की तलाश में एक युवक पिछले 3 सालों से लापता है। उसकी मां बेटे की बरामदगी के लिए जगह-जगह ठोकरे खा रही है। लापता युवक नालंदा के सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ेपुर गांव निवासी डोमन चौधरी का बेटा बाखोरी कुमार(18) है। बखोरी की मां शान्ति देवी बताती है कि उनका बेटा साल 2021 में पढ़ाई के दौरान ही घर से पटना गांव के कुछ दोस्तों के साथ चला गया था। दुर्गा पूजा का समय था उसने कहा था कि वह दुर्गा पूजा का मेला देखकर वापस घर लौट आएगा। लेकिन 3 साल बीत गए वह अब तक घर नहीं लौटा है। शांति देवी ने बताया कि उनका बेटा गांव के ही लड़कों के साथ पटना में रहकर मजदूरी करता था। कुछ दिन रहने के बाद काम ठप हो गया। इसके बाद वह वहां से मद्रास चला गया। गांव के लड़कों ने बताया कि मद्रास जाने के बाद उससे संपर्क नहीं हो सका है। न ही उसने घर अब तक फोन किया है। वह किशोरावस्था में ही घर से चला गया था। इसके बाद स्थानीय थाना जाकर बेटे की गुमशुदगी की बात बताई। जहां पुलिस वालों ने कहा कि मामला पटना का है जिले का मामला होता तो आपके बेटे को ढूंढ देते। तब से अब तक बेटे की तलाश को लेकर जगह-जगह लोगों से गुहार लगा रही है। बखोरी कुमार चार बहनों और तीन भाइयों में सबसे छोटा है। घर का कोई भी सदस्य इतना सक्षम नहीं है कि बखोरी को ढूंढ सके। हालांकि परिवार वाले लगातार युवक के बरामदगी के लिए प्रयासरत हैं। वहीं सारे थानाध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। मामले का पता लगाया जा रहा है। उनकी पोस्टिंग के बाद इस तरह का मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

शिक्षक ने की पिटाई, जख्म ने लिया कैंसर का रूप

निज संवाददाता। नालंदा

- **छात्रा बोली- लैगिज की जगह स्कर्ट पहनकर आई थी, जांच करने स्कूल पहुंचे नगर आयुक्त**

नालंदा के राजकीयकृत मध्य विद्यालय साठोपुर के एक शिक्षक पर छात्रा की डंडे से पिटाई के बाद जख्म का कैंसर रूप लिए जाने के मामले की जांच करने गुरुवार को नगर आयुक्त आनंद शेखर स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने करीब 1 घंटे तक छात्रा, उसके परिजन और आरोपी शिक्षक सहित अन्य छात्राओं से पूछताछ की। नगर आयुक्त ने कहा कि जांच रिपोर्ट को कलमबद्ध कर लिया गया है। जिलाधिकारी को पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि DM के जनता दरबार में साठोपुर निवासी संतोष पासवान ने आवेदन देकर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की थी। जिलाधिकारी के आदेश पर उनकी अध्यक्षता में 4 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि उनकी बेटी संध्या कुमारी 9 वीं क्लास की छात्रा है। वह 4 सितंबर 2023 को लैगिज की जगह स्कर्ट पहनकर स्कूल आ गई थी। इसी बात पर नाराज शिक्षक सुजीत कुमार ने डंडे से इस कदर बेरहमी से घुटने पर मारा कि वह बेहोश हो गई।

जांच टीम में CS भी शामिल: परिजनों का आरोप है कि पिटाई के कारण घुटने का जख्म धीरे धीरे कैंसर का रूप ले लिया है, जिसका इलाज पटना के एक निजी क्लीनिक में चल रहा है। उन्होंने आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। इस जांच टीम में CS भी हैं। जो दुबारा जांच कर सरकारी प्रावधान के अनुसार छात्रा का इलाज कराया जाएगा। सारी बातें परिवार के सदस्य को बता दी गई है। वहीं आरोपी शिक्षक डराने के लिए एक-दो डंडे से पिटाई की बात स्वीकार कर रहें हैं। छात्रा ने कहा कि वह लैगिज की जगह स्कर्ट पहन कर आई थी। इसी कारण शिक्षक ने उसकी पिटाई की थी।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एनडीए प्रत्याशी ने किया डोर- टू- डोर कैंपेन

निज संवाददाता। गया

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को गया लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी जीतनराम मांझी ने डोर टू डोर कैंपेन कर जनता से समर्थन मांगा। इस दौरान श्री मांझी ने कहा कि गया के विकास और नरेंद्र मोदी पर विश्वास के लिए 19 अप्रैल को उनके पक्ष में मतदान कर एक बार फिर से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में योगदान दें। इस दौरान श्री मांझी ने भदान, उतलीबारा, टनकुप्पा, चोबार, खभरा, करहानीबाद, हिबर, नौआखाप, करमाताड़, भटौरा, खिमरिया, करीमादपुर, गिंजोई, लाल सलाम, अकुरहवां, अमरा सहित कई गांवों में जनता से संपर्क कर वोट मांगा। श्री मांझी ने कहा कि गया लोकसभा क्षेत्र में एनडीए के प्रति लोगों का रुझान है। उन्होंने कहा कि वे 40 से अधिक सालों तक गया की सेवा कर रहे हैं। जब वे मुख्यमंत्री थे तब भी उन्होंने गया की जनता के लिए बेहद कार्य किया।

कादीबीघा के मां काली मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

निज संवाददाता। रहुई

कादीबीघा गांव के नवनिर्मित मंदिर में मां काली की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर परिसर में चल रहा 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं रासलीला सम्पन्न हो गया। आयोजनकर्ता डा. आलोक कुमार ने बताया कि ग्रामीणों एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से गांव में भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। सप्तमी को मां काली के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। उन्होंने बताया कि लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर में कुछ और कार्य बचा हुआ है। मां काली की प्रतिमा गया से मंगाई गई है। धार्मिक अनुष्ठान में प्रखंड क्षेत्र से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां काली की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के पहले दिन 1501 कलशों की शोभा यात्रा निकाली गयी। 9 अप्रैल से श्रीमद्भागवत कथा एवं रात्रि में वृंदावन की मंडली द्वारा रासलीला का आयोजन किया गया। भंडारा का आयोजन : कार्यक्रम के पहले दिन 9 अप्रैल को कलश शोभा यात्रा, 10 अप्रैल को वेदी पूजन, अग्नि स्थापना, 15 अप्रैल की सुबह मां काली की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा, 16 अप्रैल को मां काली की विशेष पूजा अर्चना एवं 17 अप्रैल को भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में आसपास गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रासलीला में अंतिम दिन कंस वध अंतिम दिन बुधवार की रात रासलीला कार्यक्रम में कंस वध की लीला दिखाई गई। राधा सर्वेश्वर लीला संस्थान के संस्थापक स्वामी दीपक कृष्ण ठाकुर ने बताया कि रासलीला के अंतिम दिन कंस वध की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान राधा-कृष्ण की झांकी भी सजाई गई।

संक्षिप्त समाचार

गले से सोने की चेन काटते पकड़ी गईं दो महिलाएं

आरा। मां आरण्य देवी मंदिर परिसर में बुधवार को चैत नवरात्र के महानवमी तिथि को एक महिला भक्त के गले से सोने का चेन स्नैचिंग का असफल प्रयास करती दो महिला पकड़ी गई। बताया जाता है कि पीड़ित महिला महानवमी तिथि को मंदिर में पूजा करने आई थी, तभी तीन की संख्या में रही महिला स्नेचिंग गिरोह की सदस्यों ने उन्हें ट्रैक कर लिया तथा बड़ी चालाकी से गर्दन में पड़े सोने की चेन को काटने का असफल प्रयास किया। लेकिन भुक्तभोगी महिला की तत्परता से चेन कटने से बच गया और उन्होंने रंगेहाथ दो महिला चोर को पकड़ लिया। जबकि तीसरी भाग निकली। मंदिर तथा आसपास के लोग आगे। इसकी सूचना स्थानीय थाने को दे दी। स्थानीय थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को अपने साथ थाने ले गई।

ट्रेन से गिरकर 35 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत

आरा। दानापुर दिन दयाल रेल खंड पर आरा और कुल्हड़िया रेलवे स्टेशन के बिच किसी चलती ट्रेन से गिरकर 35वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 निवासी सोनू कुमार था। जो जमीरा गांव निवासी उमा प्रसाद का पुत्र था। सोनू कुमार ट्रेन से कही जा रहा था। उसी क्रम में जमीरा रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिर गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना यात्रियों ने जीआरपी को दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच शव को पोस्ट मार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज घटना की सूचना मृतक के परिवार को दिया।

तेंदुए का तीन दिन बाद भी नहीं मिलने से लोगों में भय

कोईलवर। 62 घंटा बीतने के बाद भी तेंदुए का नहीं मिलना कोईलवर के लोगों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त करके रखे हुए है। ज्ञबता दूं कि भोजपुर, रोहतास, बक्सर व पटना के वन विभाग की टीम इसे लेकर आज भी खोजबीन जारी रखा पेट्रोलिंग करता रहा पर तेंदुए का कहीं अभी तक पता नहीं चल पाया है। गौर तलब हो कि बीते सोमवार को कोईलवर अंचक के राजपुतान पचैना गांव में तेंदुए ने तांडव मचाते हुये एक महिला सहित तीन लोगों के ऊपर हमला करके घायल कर दिया था। जिसमें महिला गंभीर रूप से जख्मी है जिनका इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। इसे लेकर क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। इस बाबत वन विभाग के आरा रेंज के रेंजर रंजन शर्मा ने बताया कि हमारी टीम की नजर इस पर बनी हुई है। 24 घंटा पेट्रोलिंग किया जा रहा है। हलाकि आज कहीं से किसी प्रकार की सुचना तेंदुआ दिखने की बात नहीं मिली है। फिर भी हमारी टीम अलग-अलग क्षेत्रों में 24 घंटा पेट्रोलिंग कर रही है।

हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, जेल

कोईलवर। पुलिस ने हत्या,आर्म्स व ट्रक चालकों से छीनतई के मामले में बड़का चंदा निवासी अरुण राय व विवेक राय को आज पकड़ने में सफलता पाई है। पुलिस के लिए सरदर्द बने दोनो की गिरफ्तारी आज दोपहर संभव हो पाई। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया की पचैना में एक युवक कि हत्या कर भुंसा के टाल में छुपा दिया गया था। इस मामले में उक्त दोनों आरोपी है। मामले में इन आरोपियों की तलाश चल रही थी। हाल के दिनों में चालकों पर गोली चलाने और उनसे छीनतई के मामले में पुलिस को इनकी तलाश थी। पुलिस ने इन दोनों आरोपी को गिफ्तार कर जेल भेज दिया।

कला प्रदर्शन में गर्म लोहे को कलाकार ने जीभ से चाटा

आरा। सदर प्रखंड के पिरौटा पंचायत के जगवलीया गांव में खेल कला प्रदर्श कार्यक्रम का उद्घाटन युवा नेता रघुपति यादव ने किया। खेल कला प्रदर्शन में यूपी से चलकर आए साईकिल वाला बाबा ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाएं। कभी गर्म लाल करके लोहा जीभ से चाटने लगते, कभी अपनी छाती पर पत्थर रखकर घन से जोर से प्रहार करवाते,।

गड़हनी में मच्छरों का बढ़ा प्रकोप, नही हो रहा दवा का छिड़काव

गड़हनी। नगर पंचायत गड़हनी में बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप काफ़ी बढ़ गया है। गन्दगी इतना है कि शाम होते ही मच्छरों का आतंक काफ़ी बढ़ जाता है। मच्छड़ के काटने बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गयी है। लेकिन नगर पंचायत के द्वारा किसी भी वार्ड में फॉगिंग(दवा का छिड़काव नही हो रहा है। हालात यह है कि नगरवासी अपने- अपने घरों में मच्छरों से बचाव के लिए कई तरह -के प्रयोग कर रहे है। नगरवासियों ने नगर पंचायत से फॉगिंग कराने की मांग की है। घर हो या दुकान हर जगह मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इसके चलते संक्रमण का खतरा व बीमारी फैलने भय लोगो को सत्ता रहा है। ग्रामीण मच्छरों के बचाव को ले घरों में मछड़दानी लगाने पर मजबूर है। मच्छरों के प्रकोप से वार्ड चार के लोग पूरी तरह से परेशान है। वही गड़हनी निवासी समाजसेवी सह ब्यवसायिक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष श्री निवास यादव का कहना है कि लोगों को मच्छरों से राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत को जल्द से जल्द फॉगिंग कराना चाहिए। साथ ही कहा कि जगह जगह गलियों में गन्दगी का अंबार पड़ा है लेकिन नगर पंचायत को नही दिख रहा है। जिस योजना में इन लोगो की लूट होती है वही योजना कराते है लेकिन जो जनता की जरूरत है ओ काम नही किया जाता है।

सड़क हादसे में किशोर की मौत, भाई जख्मी

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर के नगर थाना क्षेत्र के सिंगही मोड़ के समीप बुधवार को अज्ञात ने बाइक सवार चचेरे भाइयों को रौंद दिया। हादसे में इलाज के इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक बुरी तरह जख्मी है। जिसका इलाज आरा शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत किशोर बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी अर्जुन चौधरी का 15 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार है। इस बार मैट्रिक की परीक्षा में पास हुआ था। जबकि मृत किशोर का चचेरा भाई शंभू चौधरी का 26 वर्षीय पुत्र रॉकी कुमार है। इधर,मृत किशोर के पिता अर्जुन चौधरी ने बताया की रॉकी गांव में टेंट हाउस चलाता है। इसी सिलसिले में मेरे बेटे मनीष कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर वह लाइट लेने के लिए गया हुआ था। तभी यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी रिश्तेदारों से मिली।

शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था: मृतक के पिता ने कहा कि घटना सूचना मिलने के बाद आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जहां मनीष और रॉकी बुरी तरह जख्मी थे। आरा सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गंभीर अवस्था में रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने आरा शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मनीष की मौत हो गई। भाई रॉकी का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि मृत किशोर अपने दो बहने अंजली कुमारी और निशा कुमारी से बड़ा था और घर का इकलौता चिराग था। घर में मां रीता देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

- रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक में मार दी टक्कर

सिंडिकेट नहर के पास झोपड़पट्टी में लगी आग

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सिंडीगेट के पास झोपड़पट्टी में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इसका कारण बस्ती के पास लगे ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी बताई जा रही है। सरकारी जमीन पर झोपड़ी लगाकर जीवनयापन कर रहे लोगों की झोपड़ी जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी किया गाय। सूचना पर अग्निशमन की तीन गाड़ी पहुंची। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन झोपड़पट्टी पूरी तरह से जल गया।अक्रोशित बस्ती वालों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे सीओ ने लोगों को समझाकर जाम हटा दिया है। बुधवार की रात सभी लोग भोजन कर सो रहे थे।तभी गुरुवार की सुबह 5 बजे के करीब झोपड़ पट्टी के पास लगे ट्रांसफॉर्मर से निकली चिंगारी बस्ती के झोपड़ी पर गिरने से आग विकराल रूप धारण कर लिया। बक्सर सदर सीओ प्रशांत शांडिल्य ने बस्ती वालों को राहत सामग्री देने का आश्वासन देकर लोगों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया है। सीओ ने कहा कि बस्ती वालों को फिलहाल त्रिपाल देकर राहत पहुंचाने का कार्य किया जायेगा।

खेत में आग लगने से 4 झुलसे, महिला की मौत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के बगही गांव में बुधवार की दोपहर खेतों में लगी आग ने जमकर कोहराम मचाया। आग बगही से गजारही गांव के पास पहुंच गई। उसे बुझाने और पीछे हटने के दौरान चार लोग बुरी तरह से आग की चपेट में आकर झुलस गए हैं। एक महिला की हॉस्पिटल पहुंचने के साथ मौत हो गई। ग्रामीणों ने सभी को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया है। अन्य का इलाज जारी है। हालत सीरियस देखते हुए बक्सर से पटना के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने गांव के पास सड़क जाम कर दिया और प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। किसानों के 200 बीघा खेत में लगी फसल भी बर्बाद हो गई। घटना इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बगही गांव की है। आनन फानन में ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी और आग से झुलसे लोगों को लेकर सदर अस्पताल

लेकर भागे जहां इलाज के दौरान एक महिला रामावती देवी (45) ने दम तोड़ दिया। अन्य तीन लालजी कुमार (20), लालू राम (44) और ददन राम को (55) को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया। बक्सर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि जाम की सूचना पर मौके पर हम और सदर एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा ने पहुंच लोगों को समझाकर हटा दिया। फिलहाल सीओ और राजस्व कर्मचारी को जो भी मकान और खेत जल है, उनका आकलन करने के लिए लगाया गया हुआ। पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार जो होगा वह मुआवजा दिया जाएगा।

हिस्ट्रीशीटर समेत दो बदमाश गिरफ्तार, घटना को अंजाम देने जा रहे थे, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सुग्गी बाल मोड़ के समीप पुलिस ने अपराध की साजिश रच रहे एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देसी कट्टा व तीन कारतूस बरामद किया गया है। पकड़े गए बदमाश रोहतास जिला के दिनारा थाना क्षेत्र के चमरहा गांव निवासी बीके कुमार उर्फ विक्की उर्फ बीके चौहान और पीरो थाना क्षेत्र के स्नेहीटोला गांव निवासी संदीप चौहान उर्फ रॉकी है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिक की गई है।

एक कट्टा,तीन गोली,मोबाइल और चोरी की बाइक बरामद: अगिआंव बाजार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हथियारबंद अपराधी किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम ने सुग्गी बाल मोड़ के समीप घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया । तलाशी में एक कट्टा व गोली मिली है। साथ ही मोबाइल एवं एक चोरी की मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया गया है। डीएसपी के अनुसार गिरफ्तार संदीप पहले से चरपोखरी

थाना से जुड़े चोरी, उदवंतनगर थाना से जुड़े आर्म्स एक्ट एवं अपराध की योजना, नारायणपुर थाना से जुड़े चोरी,सहार थाना से जुड़े चोरी एवं आयर थाना से जुड़े चोरी केस में चार्जशीटेड रहा है। गड़हनी थाना अंतर्गत बगवां गांव में सीएसपी लूट कांड गैंग से संपर्क में रहने की बात सामने आ रही है। पुलिस हर एंगल से पूछताछ कर मामले के खुलासा में लगी है।

स्कूल में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के बीच हेलमेट का हुआ निःशुल्क वितरण

निज संवाददाता। बक्सर

सड़क दुर्घटना की वार्षिक रिपोर्ट आने के बाद घर से स्कूल की यात्रा सुरक्षित बनाने के निमित्त स्थानीय बिहार सेन्ट्रल स्कूल ने बुधवार को सड़क सुरक्षा व जीवन रक्षा के थीम पर छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के बीच निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया। विद्यालय के सचिव सरोज सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा, घर की सुरक्षा से अधिक महत्वपूर्ण है। घर से हम सही सलामत निकलते

हैं, लेकिन लापरवाही में यातायात नियमों की अनदेखी करने से सुरक्षित घर नहीं पहुंचते। थोड़ी लापरवाही और उदासीनता की वजह से अपनी जिंदगी व परिजनों को उदासी के गर्त में धकेल देते हैं। सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें। सुरक्षित सफर के लिए अपने और पीछे बैठे व्यक्ति को हेल्मेट लगाना चाहिए। ताकि सुरक्षित रहकर अपने कार्यों को कर सुरक्षित वापस घर लौट आए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना की वार्षिक रिपोर्ट इतना भयावह है कि पढ़ने के बाद रोंगटे खड़े हो गए हैं। प्रतिवर्ष 21.7 मौतें सिर्फ सिर में गंभीर चोट लगने से होती है। यह आंकड़ा प्रतिवर्ष बढ़ते ही जा रहा है। हेलमेट वितरण का आयोजन देवी राजमाता रामछबीला एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से किया गया।

सिलेंडर फटने से घर में लगी आग, लाखों की क्षति

बक्सर। औद्यौगिक थाना क्षेत्र के साहोपारा गांव में सिलेंडर फटने से घर में आग लग गई। अगलगी में लाखों की क्षति का आकलन किया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने मामले को लेकर स्थानीय थाना में सनहा दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक साहोपारा गांव के रामाशंकर पांडेय के घर में रात में खाना बनाकर महिलाएं अपने अन्य कार्यों में व्यस्त हो गई। उसी दौरान अचानक से किचन में आग लग गई। आग सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण होने की बात कही जा रही है।

सड़क हादसे में तीसरी कक्षा के बच्चे की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव में बुधवार को अज्ञात वाहन ने एक बच्चे रौंद दिया। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसकी रास्ते में मौत हो गई। घटना को लेकर परिवार वालों में अफरा-तफरी का आलम रहा। मृत बालक गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव निवासी स्व. शशि भूषण शर्मा का 12 वर्षीय इकलौता पुत्र रवि कुमार है। वह तीसरी क्लास का छात्र था। मृतक की बड़ी मां शिव कुमारी देवी ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर आटा मिल में पैसा देने गया था। जब वापस घर लौट रहा था, तभी अज्ञात गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जख्मी हालत में सड़क किनारे गिरा हुआ था। इसके बाद राहगीरों ने इस घटना की सूचना परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। इसके बाद उसे इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरा रेफर कर दिया। जख्मी हालत में उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति में उसे पटना रेफर कर दिया गया। बताया कि अभी सदर अस्पताल से पटना ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने स्थानीय थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत बालक रवि कुमार अपने तीन बहनें खुशबू कुमारी, गौरी कुमारी और पूजा से छोटा था।

पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना
विद्युत (ग.श.) विभाग के लिये खुली निविदायें

मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत/ग.श.) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

क्रम सं०–1, ई निविदा सं० : ईएल–जीएस–टीआरडी/02–2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : हाजारीबाग टाउन–कोच रखरखाव डिपो (चरण–I) के लिए विद्युत (टीआरडी) कार्य के संबंध में कार्य। **(कार्य समापन अवधि :** चौबीस महीना), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू० 1,30,77,730.66, **बिड सिक्युरिटी :** रू० 2,15,400.00, **ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 13.05.2024 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 13.05.2024 को 11.30 बजे के बाद। **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाइट **ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.), धनबाद
पीआर/0108/डीएचएन/इजीईएन/टी/24–25/36

कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों की समयसूची में संशोधन

13333 दुमका–पटना एक्सप्रेस की समयसूची कुछ स्टेशनों पर **दिनांक 14.08.2024 से** संशोधित की जाएगी। नीचे वर्णित स्टेशनों पर ट्रेन की संशोधित समयसूची निम्नानुसार हैं:

स्टेशन	संशोधित समयसूची	स्टेशन	संशोधित समयसूची
किऊल	18.47/18.52	राजेन्द्र नगर (टी)	20.30/20.32
बाढ़	19.41/19.43	पटना	21.00
बख्तियारपुर	19.58/20.00		

प्रभाव: दिनांक 14.08.2024 से, निम्नलिखित ट्रेनों की समयसूची भी निम्नवर्णित स्टेशनों पर निम्नानुसार संशोधित की जाएगी:

12369 हावड़ा–देहरादून कुंभ एक्सप्रेस एवं 12327 हावड़ा–देहरादून उपासना एक्सप्रेस की संशोधित समयसूची

स्टेशन	संशोधित समयसूची	स्टेशन	संशोधित समयसूची
मोकामा	19.21/19.23	आरा	22.00/22.02
बख्तियारपुर (12369 केवल)	20.06/20.08	बक्सर	22.50/22.52
पटना	21.10/21.20	दिलदारनगर	23.15/23.17

12305 हावड़ा–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (पटना होकर) की संशोधित समयसूची

स्टेशन	संशोधित समयसूची
पटना	21.30/21.40

12235 मधुपुर–आनंद विहार (टी) हमसफर एक्सप्रेस की संशोधित समयसूची

स्टेशन	संशोधित समयसूची	स्टेशन	संशोधित समयसूची
पटना	21.30/21.40	बक्सर	23.06/23.08
आरा	22.18/22.20		

18183 टाटानगर–बक्सर एक्सप्रेस के **बक्सर में** आगमन समय को भी संशोधित करते हुए 22.50 बजे के बदले **22.40 बजे** किया जाएगा।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल–एएसएन–सीओएन–जीईएनएल–153–2024–एनआईटी। निविदा सं. ईएल–एएसएन–सीओएन–जीईएनएल–153–2024, दिनांक 17.04.2024, उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371–तेलकल घाट रोड, हावड़ा–711101 द्वारा पर्याप्त अनुभवी एवं यथा वित्तीय सम्पन्न विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्म आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में (क) सीतारामपुर में बाइपास लाइन (ख) अंडाल–दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड और एम्प्टी यार्ड/अंडाल में बुनियादी ढांचे की कमियों से संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास के निर्माण के सिलसिले में विद्युत (सा.) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.2,62,18,858/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु.2,81,100/–, **समापन अवधि :** 24 (चौबीस) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.05.2024 को 12.30 बजे। इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले ऊपर उल्लिखित "निविदा कागजात की लागत" एवं "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद **www.ireps.gov.in** से निविदा कागजात डाउनलोड किया जा सकता है एवं बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा एवं ऊपर वर्णित सभी कागजात **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने चाहिए। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। विस्तृत निविदा सूचना **उप मुख्य बिजली इंजीनियर/निर्माण, 371–तेलकल घाट रोड, हावड़ा–711101** के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।

CON-02/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

संक्षिप्त ई–निविदा सं. डीसीपीएम–जीएस–ईएनजी–एसडीएएच–01–24–25 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक: 16.04.2024, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** सियालदह मंडल–गति शक्ति इकाई–मध्यमग्राम–पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अमृत स्टेशन स्कीम के तहत मध्यमग्राम स्टेशन पर विकास संबंधी कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,23,71,865.86, **बयाना राशि :** रु. 5,61,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। **खुलने की तिथि :** दिनांक 29.04.2024, 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-18/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई–निविदा सं. 08_2024–25, दिनांक 17.04.2024, वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/ मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **कार्य का विवरण :** एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन हावड़ा स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 19–20 पर दिव्यांगजन के लिए एमईए सहित प्लेटफॉर्म सतह की उन्नति। **अनुमानित मूल्य :** रु.2,25,46,623.03, **बयाना राशि:** रु. 2,62,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 3 (तीन) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.05.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-21/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

एक नजर

आग लगने से बांस के तथा 15 आम के पेड़ झुलसे

जयपुर (बांका) (नि. सं.)। जयपुर थाना क्षेत्र के दौना बहियार स्थित झाड़ी में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। घटना की जानकारी थानाध्यक्ष आलोक कुमार को मिलने के बाद थाना उन्होंने आग लगने की जानकारी कटोरिया अंचलाधिकारी पुष्पा कुमारी को दी। अंचलाधिकारी ने अग्निशामक गाड़ी के साथ घटना स्थल पर पहुंची। जहां कर्मियों ने आग को बुझाया। फिर भी बांस के कुछ पेड़ तथा 15 आम के पेड़ आग से झुलस गया। दमकल गाड़ी के मदद से आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी हो कि दौना का यह क्षेत्र झाड़ी से भरा हुआ है। अगर समय पर दमकल गाड़ी नहीं आती तो और भी नुकसान हो सकता था। कटोरिया से जयपुर की दूरी करीबन 35 किमी की है। जहां से दमकल की सुविधा क्षेत्र को मिल रहा है। जब तक कटोरिया से दमकल की गाड़ी जयपुर क्षेत्र पहुंचती है, तब तक यहां लाखों का नुकसान हो चुका होता है। शंभूगंज प्रखंड क्षेत्र के केहनीचक गांव स्थित बहियार में रबी फसल का पराली जलाने के दौरान लगी आग से दो किसान के गेहूं का फसल जलकर राख हो गया। घटना की सूचना अंचल प्रशासन को भी पीड़ित किसान के द्वारा दी जा रही है। जानकारी के अनुसार शंभूगंज प्रखंड क्षेत्र केहनीचक गांव के बहियार में गांव के ही किसान विभाष मंडल और घोसिल मंडल के द्वारा दो बीघा गेहूं की फसल लगाई थी। जहां दोनों किसानों के द्वारा गेहूं की फसल को काटकर तैयारी करने के लिए रखा गया था। इसी दौरान बहियार के कुछ किसानों के द्वारा रबी फसल तैयारी करने के बाद पराली को जलाने के लिए आग लगा दिया। पछुआ हवा के झोंकों ने इस आग को तेजी से पूरे बहियार में फैला दिया। जिसके बाद आग विभाष मंडल और घोसिल मंडल के गेहूं के फसल में लग गई। जहां देखते ही देखते दो बीघा गेहूं का फसल जलकर राख हो गया। आग लगने की घटना की सूचना पर किसान सहित ग्रामीण वहां पहुंचे और काफी मशक्कत कर आग को बुझाने का प्रयास किया। किंतु आग इतना भयावह था कि पछुआ हवा के झोंकों के सामने किसान की एक नहीं चली। इस दौरान इस आग से दोनों किसान का करीब 40 हजार से ज्यादा की क्षति बताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर शंभूगंज प्रखंड जदयू अध्यक्ष बालेश्वर गांधी के पुआल के टाल में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। जिससे बालेश्वर गांधी को करीब 30 हजार का नुकसान हो गया। घटना के बाद प्रखंड जदयू अध्यक्ष ने घटना की जानकारी शंभूगंज थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार को देते हुए असामाजिक तत्वों की पहचान कर उसपर कार्रवाई करने की मांग की है। शंभूगंज थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

शोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

भागलपुर (नि. सं.)। भागलपुर पुलिस जिला नवगछिया में सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करना एक युवक को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल समेत युवक को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, सोशल मीडिया के माध्यम से नवीन कुमार ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया था। जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी नवीन कुमार की तलाश जारी कर दी। मोबाइल समेत युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नवगछिया पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने की पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना को सत्यापन करते हुए साइबर थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई। इसके बाद संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीपीओ नवगछिया के नेतृत्व में एक टीम गठित हुई। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर महज ही कुछ घंटे में वायरल करने वाले आरोपी नवीन कुमार को मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई है।

अपहृत किशोरी एक सप्ताह बाद बरामद

शेखपुरा (नि. सं.)। जिले के जयरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक सप्ताह पहले अगवा 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद किया है। जबकि पुलिस ने एक मामले के आरोपी अपहर्ता को भी पकड़ा है। छापेमारी का नेतृत्व जयरामपुर थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार चौधरी ने की। थाना अध्यक्ष ने बताया कि बरामद किशोरी इंटर प्रथम वर्ष की छात्रा भी है। गत 11 अप्रैल को किशोरी का अपहरण गांव के ही एक युवक ने कर लिया था। इस संबंध में अगवा किशोरी की मां के द्वारा स्थानीय थाना में अपहरण की एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमे गांव के ही उदय पासवान के 21 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के ऊपर पुत्री का अपहरण किए जाने का आरोप लगाते हुए उसे मामले का नामजद अभियुक्त बनाया गया था। थाना अध्यक्ष ने बताया कि किशोरी का अपहरण किए जाने के बाद युवक उसे अपने साथ तमिलनाडु लेकर चला गया था। वहीं उसे छुपाकर रखा था। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर किशोरी की बरामदगी की जा सकी। उन्होंने कहा कि बरामद किशोरी को पुलिस कोर्ट में प्रस्तुत करने की तैयारी में है।जहां धारा 164 के तहत बयान कलमबद्ध कराया जाएगा। जबकि गिरफ्तार युवक को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। लड़की को अगवा करने के बाद युवक उसे ट्रेन से अपने साथ तमिलनाडु लेकर चला गया। अन्य सूत्रों ने बताया कि दोनो प्रेम प्रसंग में घर से फरार हुए थे। पुलिस दबिश ने युवक किशोरी को लेकर ट्रेन से घर वापस लौट रहा था। जिसे घर पहुंचते ही पुलिस धर दबोचा। युवक लड़की के गांव का ही है। दोनो अलग अलग बिरादरी के बताए गए हैं।

तीन दिवसीय खाटू श्याम महोत्सव शुरू

समस्तीपुर (नि. सं.)। समस्तीपुर में श्री खाटू श्याम बिहारी मंदिर का 57वां तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव सह श्याम उत्सव समारोह गुरुवार को अखंठ पाठ के साथ शुरू हुआ। इस पाठ में 71 महिलाएं एक तरह के ही वस्त्र में भाग ले रही हैं। इस मौके पर पाठ वाचक विजय गर्ग की सुर से माहौल भक्तिमय बन गया है। शाम में नृत्य नाटिका का भी आयोजन होगा। श्याम पाठ के दौरान विजस गर्ग ने 'लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा, तुम्हे अपने बना बैठे, जो होगा देखा जाएगा।। आदि कई भजनों के माध्यम से माहौल को उत्सवी बनाया। श्याम पाठ के दौरान लोग झुमते नजर आये। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम को लेकर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। श्री खाटू श्याम मंदिर के सचिव निर्मल कुमार केडिया ने बताया कि तीन दिवसीय इस कार्यक्रम को लेकर भव्य तैयारी की गई है। 19 अप्रैल की सुबह निशान शोभा यात्रा शहर में निकाली जाएगी। जो शहर भ्रमण करेगी। 20 अप्रैल को महा भंडारे का भी आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में शहर के मारवाड़ी समाज के लोगों की भागीदारी के साथ शहर के लोग हिस्सा ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के सुनील अग्रवाल के साथ ही मारवाड़ी महिला मोर्चा के सदस्य भी बढ चढ कर हिस्सा ले रही है। अलौकिक श्रृंगार का कार्यक्रम होगा। इत्र की वर्षा की जाएगी। नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। फूलों की होली खेली जाएगी नृत्य नाटिका में अभिजीत कोहर ग्रुप की ओर से प्रस्तुति दी जाएगी। पिछले वर्ष भी तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें राजस्थान के उदयपुर की भजन गायिका केमिता राठोर, कोलकाता के विनोद सिंह समेत कई राज्यों के कलाकारों ने भाग लिया था।

घटना के बाद मौके पर घंटो अफरा तफरी का बना रहा माहौल

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

पटना। पटना के गौरीचक में बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गए। घायल युवक को इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जबकि दोनों मृतक को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी गई है। मृतक की पहचान नालंदा निवासी के रूप में हुई है, जो पटना के धनरूआ स्थित एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर घंटो अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। नालंदा निवासी मोटरसाइकिल सवार तीन युवक आशुतोष कुमार 25 वर्ष, अंकित कुमार 30 वर्ष एवं अखिलेश कुमार अपनी मोटरसाइकिल से बुधवार की देर रात धनरूआ के एक गांव में शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में जैसे ही दोनों गौरीचक थाना क्षेत्र के सर्फाबाद डायवर्सन के नजदीक पहुंचे हैं।

तेज रफ्तार गाड़ी की वजह से मोटरसाइकिल के साथ तीनों डायवर्सन में गिर पड़े। बताया जा रहा है कि इस हादसे में दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गए। मृतक युवक की पहचान आशुतोष कुमार एवं अंकित कुमार के रूप में हुई है, जबकि अखिलेश कुमार बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल अखिलेश कुमार को पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। घटना की सूचना मिलने के बाद गौरीचक थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अंधेरे के कारण यह हादसा हो सकती है।

सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल



निज संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में ससुराल आए एक शख्स की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के SKMCH भेज दिया है। घटना मिठनपुरा थाना इलाके कन्हौली के पास की है। गुरुवार की अहले सुबह बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे पत्थर से टकरा गए। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना में मृतक युवक की पहचान पूर्वी चंपारण के रहने वाला अशेशर सहनी के पुत्र संदीप सहनी के रुप में हुई है। मृतक युवक पूर्वी चंपारण अपने घर से अपने सुसराल मुसहरी थाना क्षेत्र के रोहुआ आ रहा था।

मुंगेर लोकसभा सीट पर 25 अप्रैल तक होगा नामांकन

निज संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण के तहत 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इस संबंध में गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। ऐसे में इच्छुक उम्मीदवार 25 अप्रैल तक सुबह 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे के बीच निर्वाची पदाधिकारी सह डीएम मुंगेर के कार्यालय कक्ष में नामांकन का पर्चा दाखिल कर सकेंगे। इसको लेकर निर्वाची पदाधिकारी सह डीएम अवनीश कुमार सिंह व एसपी सैयद इमरान मसूद ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। मौके पर निर्वाचन पदाधिकारी मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अवनीश कुमार सिंह बताया कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें मुंगेर और जमालपुर, लखीसराय जिले का सूर्यगढ़ा, लखीसराय और पटना जिले का मोकामा और बाढ़ विधानसभा क्षेत्र भी आते है। इसमें केवल सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7:00 से शाम 4:00 बजे के बीच मतदान संपन्न कराया जाएगा। शेष पांच विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7:00 बजे से शाम के 6:00 तक मतदान प्रक्रिया संचालित की जाएगी। इसको लेकर गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में कुल 20 लाख 41 हजार 142 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 10 लाख 82 हजार 249 पुरुष मतदाता व 958851 महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा सर्विस वोटरों की संख्या 9422 है। लोकसभा चुनाव को लेकर मुंगेर लोकसभा क्षेत्र को कुल 221 सेक्टरों में बांटा गया है। इसमें मुंगेर विधानसभा में 37, जमालपुर में 32, सूर्यगढ़ा में 42, लखीसराय में 44, मोकामा में 34 तथा बाढ़ विधानसभा में 32 सेक्टर स्थित है। संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में 22 एफएसटी व 22 एसएसटी टीम का गठन किया गया है। 13 मई को मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद चुनाव में प्रयुक्त सभी इवीएम को मुंगेर के आरडी एंड डीजे कालेज स्थित वज्रगृह सह मतगणना केंद्र पर जमा किया जाएगा।

उत्पाद विभाग की टीम ने की 1850 लीटर अर्धनिर्मित शराब बरामद

निज संवाददाता

शेखपुरा। लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम जे प्रियदर्शनी के निर्देशों के आलोक में उत्पाद विभाग के द्वारा 3 टीम बनाकर पूरे जिले में विशेष छापेमारी की जा रही है। अभियान के दौरान 14 लोगो को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। जबकि 50 लीटर निर्मित और 1800 लीटर अर्धनिर्मित शराब बरामद किया गया। बरामद शराब को छापेमारी दस्ते ने घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया। प्रभारी उत्पाद अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि जिले के सभी मुख्य सड़क मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रोन की सहायता से जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र के चेवाड़ा बेलदरिया मुहल्ले में छापेमारी कर वहां से बरामद 50 लीटर शराब को जब्त कर ली गई है। जबकि बघार में छुपाकर रखे गए 18 सौ लीटर अर्धनिर्मित शराब की बरामदगी के बाद उसे नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार सभी शराबियों का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच किया गया। जिसमें अत्याधिक मात्रा में शराब सेवन की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार सभी शराबियों को पुलिस निगरानी में कोर्ट भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं लोक सभा चुनाव के मतदान में कहीं शराब न बांटा और परोसा जाय इस पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा, मौत

मुजफ्फरपुर (नि. सं.)। मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर से कुचल कर युवक की हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं, ट्रैक्टर टोली को जब्त कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मामला गुरुवार की सुबह भिखनपुरा गांव की है। जमीन विवाद में हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। आरोपी इस ट्रैक्टर का उपयोग शादी में रथ के रूप में करता था। मृतक की पहचान शशि कृष्णा के रूप में की गई। आरोप मृतक के चचेरे भाई सोनू कुमार पर लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों युवकों के परिवार के बीच काफी समय से जमीन विवाद चल रहा था। बुधवार को शशिकृष्णा के दरवाजे पर फसल की थ्रेसर से दौनी की जा रही थी। इससे डस्ट उड़कर सोनू के दरवाजे पर जा रहा था। इसलिए आरोपी सोनू के परिजनों ने दौंनी का विरोध किया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। कुछ समय के बाद मामला शांत हो गया।

मतदान केंद्र के लिए कर्मी ईवीएम लेकर रवाना, चार विधानसभा क्षेत्र में बने सेंटर्स

निज संवाददाता

जमुई। जमुई लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर गुरुवार को पीठासीन पदाधिकारी और मतदान कर्मियों को अलग-अलग डिस्पैच सेंटर से ईवीएम व वीभी पेड़ के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया है। जमुई लोकसभा क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिसमें जमुई, सिकंदरा, चकाई, झाझा, शेखपुरा और मुंगेर जिले के तारापुर भी शामिल है। गुरुवार को जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग निर्धारित डिस्पैच सेंटर बनाए गए थे। इसमें प्लस टू उच्च विद्यालय जमुई, केकेएम कॉलेज, प्लस टू हाई स्कूल जमुई बाजार में डिस्पैच सेंटर बनाए गए थे। सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय जमुई बाजार झाझा एवं चकाई विधानसभा क्षेत्र के लिए केकेएम कॉलेज जमुई तथा जमुई विधानसभा क्षेत्र के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय जमुई में सेंटर बनाए गए थे। मतदान दल के कर्मियों के बीच मतदान सामग्री का वितरण कर उन्हें मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया है।

बता दें कि जमुई लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल चार विधानसभा में जमुई, सिकंदरा, चकाई और झाझा विधानसभा क्षेत्र में कुल 1319 मतदान केंद्र बनाया गए हैं। जबकि शेखपुरा व तारापुर में 622 मतदान केंद्र बनाए हैं। 19 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 से जमुई जिले में 4 बजे तक होगी। जबकि शेखपुरा में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जमुई लोकसभा क्षेत्र में अलग-अलग पार्टियों से 7 उम्मीदवार इस मैदान में अपने भाग्य आजमा रहे हैं। मतगणना 4 जून को होगी जिसमें उन लोगों के भाग का फैसला होगा।

गिरोह के अन्य सदस्य पुलिस की नजर बचाकर भागने में रहे सफल

मोबाइल चोरी करने पहुंचे चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, 13 महंगे मोबाइल जब्त

निज संवाददाता

पटना। पटना सिटी के मालसलामी थाना की पुलिस ने रामनवमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से पटना मोबाइल चोरी करने पहुंचे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य सदस्य पुलिस की नजर बचाकर भागने में सफल हो गए। गिरफ्तार दोनों सदस्य मोबाइल चोरी कर पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में थे। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के पास से 13 महंगे मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस का यह मानना है कि मोबाइल चोर गिरोह के सदस्यों का जाल बिहार से पश्चिम बंगाल तक फैला है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने में जुट गई है। 17 अप्रैल को रामनवमी पूजा के अवसर पर पटना के महावीर मंदिर के आसपास चोरों के गिरोह ने पूजा में शामिल होने आए लोगों से कई मोबाइल चोरी कर लिए। पटना से मोबाइल चोरी करने के बाद मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में थे। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मालसलामी थाने की पुलिस ने पटना सिटी से दो चोर को गिरफ्तार कर लिया है। मालसलामी थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चोर धर्मवीर विश्वकर्मा (22) एवं मुरली सिंह (20) के हैं। उन्होंने बताया कि यह दोनों पश्चिम बंगाल, पुरुलिया के रहने वाले हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि पश्चिम बंगाल का गिरोह बिहार में किसके बुलाने पर आया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बिहार के चोर गिरोह के सदस्यों के तार पश्चिम बंगाल के गिरोह से कहां तक जुटा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र से भी कई मोबाइल चोरी करने की बात को चोरों ने स्वीकार किया है।

पूर्व मंत्री के बॉडीगार्ड की पिस्टल चोरी

समस्तीपुर (नि. सं.)। समस्तीपुर जिले के हलई थाना क्षेत्र में मुर्गा के बाबा केवल स्थान में आयोजित राजकीय मेले में उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से राजद के प्रत्याशी और पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता के बॉडीगार्ड की पिस्टल गायब हो गई। बॉडीगार्ड सुमन ने भलाई थाने में एक आवेदन दिया है। पुलिस की एक टीम लगातार पिस्टल की बरामदगी को लेकर छापेमारी कर रही है। हालांकि अब तक हथियार बरामद नहीं हुआ है। बुधवार की देर शाम राजकीय मेले में एक साथ पूजा-अर्चना करने पूर्व मंत्री आलोक मेहता और मुकेश साहनी पहुंचे थे। भीड़ अत्यधिक होने के कारण अंगरक्षक पूर्व मंत्री की सुरक्षा में जुटे हुए थे। इसी दौरान आलोक मेहता के अंगरक्षक सुमन कुमार की सरकारी पिस्टल को किसी ने चुरा लिया। पिस्टल चोरी होने की जानकारी उसे काफी देर बाद मिली। इसके बाद सिपाही सुमन ने मामले की जानकारी भलाई थाना को दी। थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता के बॉडीगार्ड सुमन कुमार ने पिस्टल गायब होने को लेकर एक आवेदन थाना में दिया है।

साइकिल-बाइक की टक्कर में दो घायल

निज संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर के रोसड़ा थाने के रहुआ पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात साइकिल व बाइक के बीच टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी में हो गए। जख्मी दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से साइकिल सवार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रात में ही पटना रेफर कर दिया गया। जख्मी की पहचान रोसड़ा थाने के रहुआ गांव निवासी साइकिल सवार रामज्योति यादव का पुत्र रामचंद्र यादव 45 वर्ष व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चकनूर निवासी लक्ष्मण राय का पुत्र निकेत कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में जख्मी साइकिल सवार का पुत्र जयचंद्र यादव ने बताया कि उसके पिता रामचंद्र यादव देर शाम घर से चौक की ओर साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दी। जिसमें रामचंद्र यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं बाइक सवार को भी चोट आई है। हल्ला होने पर जुटे आसपास के लोगों ने सभी को रोसड़ा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से दोनों को सदर अस्पताल भेजा गया। रामचंद्र यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल से डॉक्टरों ने उसे पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। पटना रेफर किए जाने के बाद परिवार के लोग रात में उसे पटना ले गए। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। रोसड़ा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मंडल ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया था।

अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर 30 हजार और मोबाइल लूटे

निज संवाददाता

पटना। पटना के फतुहा औद्योगिक इलाके के बाबा बाल नाथ के सामने से मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरों ने पिस्तौल के बल पर चार मजदूरों से 30 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिए। घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की बताई जाती है। ये सभी मजदूर फतुहा के मकसूदपुर स्थित स्प्रिंग फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। बीती रात सभी अपने घर वापस जाने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे थे तभी रास्ते में बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रहने वाले दीपक कुमार ने बताया कि सभी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। हम सभी मजदूर उसी फैक्ट्री में रहते हैं। हम सभी कल रात अपने घर बंगाल जाने के लिए स्टेशन जा रहे थे। स्टेशन से कुछ ही दूरी पहले बाबा बाल नाथ मंदिर के समीप एक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों में से एक ने पिस्तौल दिखाकर हमारे बैग और सभी के मोबाइल लूटकर भाग गए। इस मामले में फतुहा थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है। आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

दोपहर 12 बजे तक एक भी नहीं हुआ नामांकन

समस्तीपुर और उजियारपुर संसदीय क्षेत्र में नॉमिनेशन शुरू

- 19 को समस्तीपुर से इंडिया प्रत्याशी शांभवी चौधरी नामांकन करेंगी

निज संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले में चौथे चरण के मतदान को लेकर दोनों संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर सुरक्षित और उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही दोनों संसदीय क्षेत्र में नामांकन का कार्य शुरू हो गया। जिलाधिकारी सह निर्वाचित पदाधिकारी योगेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र के लिए निर्वाचित पदाधिकारी वह खुद रहेंगे। जबकि उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचित पदाधिकारी अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी बनाए गए हैं।

इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में हेल्प टैक्स के अलावा पुलिस वालों की भी तैनाती की गई है, जो देखेंगे कि जो भी प्रत्याशी नामांकन करने के लिए आ रहे हैं उन पर कोई आपराधिक इतिहास तो नहीं है, उन पर कोई प्राथमिकी दर्ज तो नहीं है। किसी मामले में उन पर वारंट कोर्ट ने जारी किया है अगर ऐसे लोग नामांकन करने के लिए पहुंचते हैं तो उनकी गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी। समस्तीपुर और उजियारपुर संसदीय क्षेत्र में दोपहर के 12:00 तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया था। वैसे चर्चा है कि उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से नामांकन आज हो सकता है। उधर नामांकन को देखते हुए कलेक्ट्रेट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कलेक्ट्रेट के सामने वाली सड़क को वन वे भी कर दिया गया है। सूचना के अनुसार 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को समस्तीपुर सुरक्षित संसदीय क्षेत्र से एनडीए की प्रत्याशी शांभवी चौधरी अपना नामांकन करेंगी। जबकि उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के उम्मीदवार आलोक कुमार मेहता नामांकन करेंगे।

विचार-मंथन

संपादकीय

मोबाइल पर खतरा

दुनिया में सबसे सुरक्षित समझे जाने वाले मोबाइल फोन पर किसी ताकतवर स्पाइवेयर का खतरा मंडराना बहुत चिंता की बात है। एप्पल कंपनी ने भारत सहित 92 देशों में इस साल के लिए खतरे की सूचना का पहली किस्त जारी की है। इस कंपनी के मोबाइल धारकों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। खतरा कितना बड़ा है, इस संबंध में कंपनी ने आंकड़े जारी नहीं किए हैं, पर सुरक्षित मोबाइल व नेटवर्क का दावा करने वाली यह कंपनी अगर किसी भी स्पाइवेयर को लेकर चिंतित है, तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए। अव्वल तो सबसे सुरक्षित मोबाइल को निशाना बनाया जा रहा है, तो इसके व्यापक मकसद को समझा जा सकता है। अगर सबसे चर्चित व सुरक्षित मोबाइल निशाने पर है, तो बाकी मोबाइल को कितना सुरक्षित माना जाए? इसे एक ब्रांड पर ही नहीं, बल्कि मोबाइल सेवा पर हमले के रूप में देखा जा सकता है और देखा जाना चाहिए। इससे मोबाइल सेवा की विश्वसनीयता के साथ ही गुणवत्ता पर भी असर पड़ेगा। ऐसा लगता है कि एक श्रेष्ठ मोबाइल सेवा में सेंध लगाने की यह कोशिश साइबर जासूसी की साजिश का ही विस्तार है। स्पाइवेयर के तहत किसी मोबाइल में एक खास बग या तत्व को पहुंचा दिया जाता है, जो किसी एप या एसएमएस के माध्यम से सूचनाओं को लीक करने लगता है। इससे किसी भी मोबाइल धारक के बारे में तमाम जानकारियां जुटाकर उनका दुरुपयोग हो सकता है। यहां यह बात गौर करने की है कि चूंकि यह फोन महंगा है, इसलिए इसका उपयोग आमतौर पर समाज या व्यवस्था के निर्णायक लोग करते हैं। अगर किसी निर्णायक व्यक्ति के फोन में सेंध लग जाए, तो फिर उससे सेंधमार को बहुत लाभ पहुंच सकता है। निजता का उल्लंघन तो होता ही है, आर्थिक नुकसान की भी भरपूर गुंजाइश रहती है। देखने की बात है कि पेगासस की वजह से भी एप्पल के फोन निशाने पर आए थे, तब एप्पल कंपनी ने बहुत ही कड़े रुख का परिचय दिया था और पेगासस कंपनी को भी घेरे में ले लिया था। अपनी सुरक्षा के घेरे को बनाए रखने की एप्पल कंपनी की चेष्टा वास्तव में अपने ग्राहकों की यथोचित चिंता से उपजी है। वैसे, जरूरी नहीं कि सभी एप्पल फोन धारकों को स्पाइवेयर के जरिये निशाना बनाया जाए।

चुनाव तंत्र के भ्रष्ट होने से खतरे में लोकतंत्र

आर्थिक दिशा में अनवरत रूप से ढांचागत गंभीर असफलता के बावजूद हमारे देश में प्रजातंत्र न केवल अपना अस्तित्व बनाए हुए है, बल्कि यहां की जमीन में गहरी जड़ें जमा चुका है, परंतु हमें इस तथ्य की जानकारी रखनी होगी कि भारतीय राजनीति की इस एकमात्र उपलब्धि को भी चुनाव संबंधी प्रक्रिया में दोष को बढ़ावा देकर खतरा पैदा किया जा रहा है। समूचा चुनाव तंत्र पूरी तरह से भ्रष्ट हो गया है, जिसका हमारे लोकतंत्र पर बुरा असर पड़ रहा है। चुनाव सुधार अब कोई अकादमिक मुद्दा नहीं रह गया है, जिस पर लगातार कार्यवाही की जानी है। चुनाव आयोग ने इस वर्ष के अपने प्रतिवेदन में तीन प्रकार के बलों अर्थात धनबल, बाहुबल तथा प्रचार के बल (मीडिया) द्वारा पैदा किए गए खतरों की बात की थी। इस सूची में दो किस्म के बलों अर्थात शासकीय बल तथा तंत्र बल को भी जोड़ देना चाहिए। वास्तव में, इन पांचों के बल को संक्षेप में 'एम' कह सकते हैं। यदि इन पांच बुरे बलों पर रोक लगा दी जाती है, तो मेरे विचार में सुधार की कोई भी बात स्वयं चुनाव आयोग से ही शुरू की जानी चाहिए। चुनाव आयोग को इसके गठन, इसके तंत्र, इसके अधिकार क्षेत्र और इसकी स्वायत्तता की दृष्टि से सुदृढ़ किए जाने की जरूरत है। ...मेरे विचार में इसका प्रमुख एक व्यक्ति न होकर तीन व्यक्ति होने चाहिए और इस चुनाव आयोग का प्रबंध चलाने के लिए व्यक्तियों का चयन अकेली सरकार की इच्छा पर ही नहीं छोड़ दिया जाना चाहिए। मेरा विचार यह है कि वास्तव में इनकी नियुक्ति करने से पहले विपक्ष तथा देश के प्रधान न्यायाधीश और सरकार, सभी की राय पर विचार किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त आयोग के पास स्वयं का एक स्वतंत्र तंत्र होना चाहिए, नहीं तो इसे पुन- राज्य सरकार के स्तर के तंत्र के माध्यम से कार्य करना पड़ेगा। निर्वाचन आयोग को किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में, जहां वह इस बात से संतुष्ट हो जाए कि दस से अधिक मतदान केंद्रों पर कब्जा किया गया है, पुन- मतदान कराने का आदेश देने का अधिकार दिया जाना चाहिए।

क्या कांग्रेस को लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिले



आर.के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्य सभा

लोकसभा चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है? क्या उसे कायदे के उम्मीदवार नहीं मिले? कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477,1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2029 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं। जिस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कांग्रेस अपना शिखर नेता मानती है वे भी अपनी पार्टी का भाग्य नहीं बदल पा रहे हैं। 1989 से कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहां उसके अंतिम मुख्यमंत्री वीर बाहदुर सिंह थे। यह वही उत्तर प्रदेश है जो कि कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था और नेहरू परिवार का निवास भी आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश 17 सीटों पर लड़ रही है।

अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी। राहुल और प्रियंका गांधी को जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े –टुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं। राहुल औप प्रियंका गांधी ने कभी बताया नहीं कि कन्हैया कुमार किसलिए और किस आधार पर सरहदों की रक्षा करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाते रहे हैं? आप अगर देश विरोधी तत्वों का साथ दोगे तो फिर आपको चुनावों में जनता जवाब तो देगी ही। कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति में जगह देकर संदेश दे दिया था कि उन्हें उन तत्वों से कोई परहेज नहीं हैं जो भारतीय सेना पर कश्मीर में बलात्कार करने के आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगा क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाए। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव बेगूसराय से लड़ा था और वे बुरी तरह से हारे थे। वे तब भाकपा में थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्य समिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यहकांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है। कांग्रेस के अपने नियम और संविधान हैं, इसे लागू करने का अंतिम निर्णय कांग्रेस कार्य समिति ही करती है। कहने वाले तो कहते हैं कि इसके पास इतनी शक्तियां होती है कि वह पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर सकती है और पद से चलता भी कर सकती है। जाहिर है, कांग्रेस की इन तमाम हरकतों को देश की जनता देख रही है। साल 2019 में जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाया गया तो कांग्रेस ने इसका संसद में जमकर विरोध किया था। हालांकि, आगे चलकर कांग्रेस का रुख एकदम बदला हुआ नजर आया।

जब सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 370 हटाए जाने के केंद्र के फैसले को सही ठहराया तो कांग्रेस ने इसकी बहाली को लेकर कोई बात नहीं की। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिंदबरम और वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रेस वार्ता की। इस दौरान, पी. चिदंबरम ने कहा, 'हमने कभी भी अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने की बात नहीं की। हमने उसे हटाने के तरीके का विरोध किया था।' चिदंबरम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट का 370 पर जो फैसला आया है, उसने कई महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया है लेकिन कई सवाल बाकी हैं। 370 हटाने का जो तरीका था, हम उसके खिलाफ थे। हमने सीडब्ल्यूसी में प्रस्ताव भी पास किया था।'' मतलब जब कांग्रेस को जनता के मूड की भनक लगी तो उसने अपना लाइन चेंज कर ली। खैर, राहुल गांधी की चाहत है कि वे नरेंद्र मोदी का स्थान ले लें I प्रियंका की भी इच्छा है कि वह दूसरी इंदिरा गांधी बने। पर ये दोनों भारत को अभी तक समझ ही नहीं पाए हैं। इसी कारण से आज कांग्रेस की स्थिति बेहद शर्मनाक हो गई है। अगर यह दोनों पार्टी में बरकरार रहते हैं तो कांग्रेस के अंतिम संस्कार की राख भी ढूढंने से नहीं मिलेगी। लगता है कि दोनों ने कांग्रेस की कपाल क्रिया करने का पूरी तरह मन बना लिया है। दोनों अपने मकसद की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व लगातार कमजोर हो रहा है। वह पार्टी को कहीं विजय नहीं दिलवा पा रहा है। केन्द्रीय नेतृत्व तब ताकतवर होता है जब उसकी जनता के बीच में कोई साख होती है। लेकिन हैरानी होती है कि कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व यानी सोनिया गांधी और उनके बच्चों के खिलाफ विद्रोह क्यों नहीं होता है। जिस पार्टी से पंडित नेहरु, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल का संबंध रहा है, वह पार्टी अंतिम सांसें ले रही है। यह दुखद स्थिति है। कांग्रेस की हार के लिए गांधी परिवार के साथ-साथ पार्टी के कुछ दूसरे नेताओं को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। कांग्रेस में बहुत सारे तथाकथित नेता हैं जिनका जनता से कोई संबंध तक नहीं है। ये लुटियन दिल्ली के बड़े विशाल सरकारी बंगलों में रहकर कागजी राजनीति करते हैं। इनमें से अधिकतर बड़े मालदार कमाऊ वकील हैं। वकालत से थोड़ा बहुत वक्त मिल जाता है, तो ये टाइम पास करने के लिये और खबरों में बने रहने के लिये सियासत भी करने लगते हैं। ये मानते हैं कि खबरिया चैनलों की डिबेट में आने मात्र से ही वे पार्टी की महान सेवा कर रहे हैं। दरअसल कांग्रेस के लोकसभा से लेकर विधान सभा चुनावों में खराब होते प्रदर्शन के कारण उसे क्षेत्रिय दलों के आगे नतमस्तक होना पड़ रहा है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कांग्रेस क्षेत्रिय दलों से कुछ सीटें हासिल करके लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। इस बार के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी का वोट जिस नई दिल्ली लोकसभा सीट में है वहां पर उनका कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं होगा। आम आदमी पार्टी (आप) से सीटों के तालमेल के बाद कांग्रेस ने नई दिल्ली की सीट आप को दे दी। अब समझा जा सकता है कि कांग्रेस किस तरह से देश में हाशिये पर जा रही हैं।

जब जंग में सीधे उतर आया ईरान

पंकज तोमर

ईरान ने आखिर इजरायल पर हमला कर ही दिया। इसकी आशंका विगत सप्ताह से जताई जा रही थी और इसके साथ ही पहले से जारी युद्धों से दुखी लोगों की दुनिया में चिंता की एक नई लहर दौड़ गई है। छह महीने से जारी हमास-इजरायल की घातक जंग में हजारों लोग मारे गए हैं और अब अगर ईरान के मोर्चे पर भी जंग छिड़ती है, तो न जाने कितने लोग मारे जाएंगे? आखिर ईरान को युद्ध में सीधे कूदने की जरूरत क्यों पड़ी? ईरान और इजरायल के बीच वैसे भी भौगोलिक दूरी ज्यादा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच तनातनी को समझने के लिए 1979 में हुई ईरान की क्रांति को समझना पड़ेगा। ईरान में तब इस्लाम के नाम पर क्रांति हुई थी। ईरान की बुनियाद वैचारिक है, इस्लाम आधारित है। वह पूरी मुस्लिम दुनिया का नेतृत्व करना चाहता है, पर शिया-सुन्नी का भेद बाधा है। सुन्नी मत की प्रधानता वाले मुस्लिम देश शिया ईरान को नेतृत्व के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ईरान में इस्लाम के नाम पर हुई क्रांति के बाद अयातुल्लाह खुमैनी ने जब सत्ता संभाली थी, तब उन्होंने सऊदी अरब के साथ विवाद शुरू कर दिया था। मक्का-मदीना पर कब्जे का मनसूबा था, मगर कामयाब नहीं हो पाए। ईरान जब सऊदी अरब को झुका या मना नहीं सका, तब उसने अपने प्लान-बी को आजमाया। ईरान के लिए यह आसान था कि वह इजरायल का विरोध करे और फलस्तीन का समर्थन। ध्यान रहे, ईरान इस पूरे क्षेत्र में अकेला देश है, जो येरुशलम दिवस मनाता है। फलस्तीन का समर्थन करने के लिए इजरायल का विरोध करना ईरान की उस इस्लामी रणनीति का हिस्सा है, जिस पर वह विगत चार दशक से चल रहा है। मतलब, ईरान के लिए इजरायल कोई भू-रणनीतिक आधार या नजरिया नहीं है, उसका विरोध सिर्फ संप्रदाय आधारित है। विडंबना देखिए, साल 1979 से पहले जब ईरान में शाह शासन था, तब ईरान-इजरायल की दोस्ती थी। दोनों देश अमेरिका के करीबी थे, मगर जब ईरान में इस्लामी क्रांति हुई, तो सब कुछ बदल गया। अरब दुनिया की कूटनीति और राजनीति भी बदल गई। इजरायल का विरोध करना ईरान के लिए मानो बाध्यता हो गई है, अब वह इजरायल के विरोध में अपने लिए वैधता या मान्यता तलाशता है। खैर, अब जब ईरान ने हमला कर दिया है, तब भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग वहां होंगे, जो नहीं चाहेंगे कि संघर्ष या युद्ध बढ़े। सच है कि इजरायल के खिलाफ लड़ने वाले आतंकी संगठनों को ईरान से मदद मिलती रही है। वह आतंकियों को हथियार भी देता रहा है और प्रशिक्षण भी। हमास और हिज्बुल्लाह को ईरान के जरिये करीब 25 साल से मदद मिलती रही है। हिंसा बढ़ते-बढ़ते, हालात बिगड़ते-बिगड़ते और खासतौर पर 7 अक्तूबर के बाद अब ऐसी नौबत आ गई है कि ईरान को सीधे हमला करना पड़ा है। जब हमास ने इजरायल पर खूंखार ढंग से हमला किया था, तभी इजरायल ने साफ कर दिया था कि आतंकी संगठनों को ईरान का संरक्षण मिल रहा है। ऐसे में, इजरायल भला क्यों नहीं चाहेगा कि वह ईरान को कमजोर करे? यह भी एक कारण है कि इजरायल शुरू से ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम का विरोध करता रहता है। खासकर साल 2002 में जब ईरानी परमाणु कार्यक्रम सबके सामने आ गया, तब से इजरायल और अमेरिका, दोनों ईरान का विरोध करते आ रहे हैं। ईरान और इजरायल के बीच कोई भौगोलिक दुश्मनी नहीं है, पर एक-दूसरे का विरोध करते नौबत जंग तक पहुंच गई है। अब सवाल यह है कि आगे क्या होगा? शायद ईरान भी नहीं चाहेगा कि पूरे क्षेत्र में संघर्ष फैले। अमेरिका भी यह नहीं चाहेगा, इसलिए अमेरिका ने इजरायल से कहा है कि वह उसे अपनी जवाबी रणनीति के बारे में बताए। जरूरी नहीं कि इजरायल बात मान जाए, पर अमेरिका में ऐसे लोग हैं, जो कह रहे हैं कि हम इजरायल की जवाबी कार्रवाई का समर्थन नहीं करेंगे। फिर भी मुझे लगता है कि इजरायल आने वाले दिनों में ईरान के खिलाफ कुछ न कुछ जरूर करेगा।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5344

					9			6
					3	8	5	1
	6	2		1	5			
		7					6	
	2	1	9	7	6	3	8	
	3					1		
			4	5		9	7	
2	5	8	6					
4			3					

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5343

1	6	7	5	2	4	9	3	8
2	3	9	1	7	8	6	5	4
8	5	4	3	9	6	2	7	1
6	9	8	7	4	2	3	1	5
7	2	3	6	1	5	4	8	9
5	4	1	8	3	9	7	6	2
3	1	2	4	8	7	5	9	6
9	7	6	2	5	1	8	4	3
4	8	5	9	6	3	1	2	7

वर्ग पहेली 5344

1	2	3	■	4	5	6	■
7			■	8			■
	■	9			■	10	11
12			■	■	13		
	■	■	14	15		■	
16		17			■	18	
■	■	19		■	20		
21			■	22			■

संकेत: बाएं से दाएं
1. 28 मई 2008 को भारत के इस पडौसी देश ने 240 साला पुरानी राजशाही का अवसान हुआ (3)
4. विश्व में गेंहू की मंडी के नाम से विख्यात विनिपेग नाग इस देश में स्थित है (3)
7. मूल्य, दाम, मोल (3)
8. नापने का मापदंछ, रूप (3)
9. आवरण या अवरोध हटाना, बंधन रहित करना (3)
10. जिसके अवयव पास-पास सट हो, सघन (2)
12. गति, चाल (3)
13. उत्कृष्ट, नितांत, पराकाष्ठात्मक (3)
14. भिन्न अर्थ वाला, अर्थहीन (3)
16. मुख्य लोगों का दरबार (5)
18. आर्द्रता युक्त, अधिक गीला (2)
19. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
20. गुजरात का एक प्रसिद्ध व्यंजन (3)
21. यह लेबनान की राजधानी है (3)
22. यह महर्षि परशुराम का शस्त्र है (3)

ऊपर से नीचे
1. निर्देशक केदार शर्मा ने राकेश रोशन के पिता संगीतकार रोशन को इस फिल्म (1949) में मौका दिया था (6)
2. हथेली को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
3. हमेशा लातें खाने वाला (4)
4. श्रमादि करके धन उपार्जि करना (3)
5. तंदूर में पकाई जाने वाली मोटी खमीरी रोटी (2)
6. पोस्टऑफिस, डाकखाना (4)
11. हिंदुओं के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें बालक का नाम रखा या स्थिर किया जाता है (5)
13. पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर (2)
14. प्राकृतिक झील, खाड़ी (3)
15. रक्त वाहिनी नली, रग (2)
17. ईश्वर का दिया हुआ धन आदि (3)
18. टौंस नामक नदी (3)
20. कड़ा, तीक्ष्ण, गधा (2)

वर्ग पहेली 5343 का हल

ज	वा	ह	र	ला	ल	■	स्य
न	ह	र	■	ल	ब	रे	ज
क	■	जा	पा	न	■	व	न
सु	ना	ना	■	पा	व	ती	■
ता	न	■	कि	ल	य	■	बे
■	का	बा	■	न	■	गु	रू
अ	र	ब	■	■	ज	मा	त
र्थ	■	र	घु	नं	द	न	■

आज का राशिफल

मेष
आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की सम्भावना बन रही है। आज रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

वृष
अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिये। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है। आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिये। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है।

मिथुन
पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। आज का दिन आपके लिये काफी खर्चीला रहेगा। दोस्तों से अपने मन की बातें शेयर करने से अच्छा लगेगा। यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिये दिन बहुत अच्छा है।

तुला
सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। आज मन काफी चञ्चल रहेगा। लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे। पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक
करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे। लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ने की आशंका है।

धनु
आज आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे। काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक सम्बन्ध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा।

कर्क
विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में काम क दबाव कम होगा। दोस्ती प्रेम सम्बन्धों में बदल सकती है। आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है।

सिंह
आज आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जायेंगे। व्यवसाय को लेकर कड़े निर्णय लेने के लिये दिन उत्तम है। प्रेमी जन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। सन्तान के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है।

कन्या
आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। किन्तु आपके चलते हुये कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है। सर्द-गर्म के कारण बुखार की समस्या होगी। अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिये।

मकर
व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी। वैवाहिक जीवन में थोड़ी अशान्ति हो सकती है। नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं।

कुंभ
सन्तान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। आपको अपने मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है।

मीन
आज आपको घुटनों और पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

खूंटी लोकसभा सीट पर देशभर की नजर, दो मुंडाओं में होगा तगड़ा घमासान, 13 मई को है मतदान

खूंटी, एजेंसी। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में खूंटी सीट खास है। अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित खूंटी सीट पर एक बार फिर दो मुंडाओं के बीच दिलचस्प मुकाबला तय है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के यहां से चुनाव लड़ने की वजह से देशभर की नजर इस सीट पर है। 2019 के पहले तक यहां से भाजपा के वयोवृद्ध नेता और लोकसभा के पूर्व उपसभापति कड़िया मुंडा चुनाव जीतते रहे थे। वहीं, 2019 में अर्जुन मुंडा यहां से जीते, उन्होंने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को हराया था, लेकिन जीत का अंतर काफी कम था।

इस बार फिर अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुंडा चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं। ऐसे में यहां का चुनाव

काफी दिलचस्प होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा ने कालीचरण मुंडा को कड़े मुकाबले में 1445 वोटों के अंतर से मात दी थी। पिछले चुनाव में भाजपा के अर्जुन मुंडा को 3,82,638 मत मिले थे। वहीं, कालीचरण मुंडा ने 3,81,193 मत हासिल किए थे।बता दें कि खूंटी क्षेत्र में 13 मई को मतदान है। गुरुवार 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही यहां नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में अर्जुन मुंडा सबसे बड़ा आदिवासी चेहरा हैं।इस साल फरवरी महीने के आरंभ में पंजाब और हरियाणा की शंभू बार्डर पर किसान आंदोलन शुरू हुआ तो कृषि मंत्री के नाते किसान संगठनों से वार्ता के मोर्चे पर अर्जुन मुंडा आगे रहे। इससे उनकी छवि को राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा आयाम मिला। अब अर्जुन मुंडा के सामने खुद को साबित करने की चुनौती है।खूंटी संसदीय सीट पर हुए 15 चुनावों में भाजपा के कड़िया मुंडा यहां से आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, जबकि कांग्रेस को तीन बार सफलता मिली है।

शुरुआती दौर में यहां से जयपाल सिंह मुंडा ने भी लगातार तीन बार जीत हासिल की थी। वह 1952, 1957 और फिर 1962 में जीते थे, लेकिन कड़िया मुंडा ने इस लोकसभा सीट को भाजपा के अभेद्य किले के रूप में बदल दिया।खूंटी लोकसभा सीट के इतिहास को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि यह बीजेपी का एक अभेद्य किला है। हालांकि 2019 में अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा के बीच जिस तरह की टक्कर थी वह निश्चित तौर पर भाजपा के लिए सबक है। खूंटी में कांग्रेस को पहली सफलता 1967 में मिली थी, जब झारखंड पार्टी के शीर्ष नेता मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी के प्रत्याशी बने थे। कांग्रेस प्रत्याशी जयपाल सिंह मुंडा को मिली जीत में उनकी व्यक्तिगत छवि प्रभावी रही थी। हालांकि पूर्व चुनाव की अपेक्षा उनकी जीत का अंतर काफी कम हो गया था।

इसके बाद 1984 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति लहर में सवार होकर कांग्रेस प्रत्याशी साइमन तिग्गा यहां से लोकसभा पहुंचे।कांग्रेस को तीसरी सफलता 2004 के लोकसभा चुनाव में मिली, जब कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने यहां भाजपा के कड़िया मुंडा को हराया। कड़िया मुंडा ने पहली बार 1977 में बीएलडी के टिकट पर जीत हासिल की थी।भाजपा प्रत्याशी के तौर पर कड़िया मुंडा ने 1989, 1991, 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत हासिल की। 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने कड़िया मुंडा के विजय रथ को रोक दिया था।

हालांकि, कड़िया मुंडा ने इसके बाद फिर 2009 और 2014 में खूंटी संसदीय क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराया। 2019 में भाजपा ने कड़िया मुंडा के स्थान पर अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा और उन्होंने भी कड़िया मुंडा के राजनीतिक किले को बरकरार रखा।

संक्षिप्त समाचार

मरीजों की सेवा का प्रशिक्षण ले रही नर्सिंग छात्राएं

जमशेदपुर, एजेंसी। एमजीएम कॉलेज और सदर अस्पताल की नर्सिंग छात्राओं को पढ़ाई के साथ मरीजों की सेवा व चिकित्सीय कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे भिलाईपहाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 27 अप्रैल से 4 मई तक तीन दर्जन नर्सिंग छात्राओं को प्रशिक्षण देने की योजना है। परिवार कल्याण मंत्रालय से यह आदेश आया है। सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग की नर्सिंग छात्राएं जुगसलाई सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रशिक्षण ले चुकी है जबकि बेलाजुड़ी पीएससी में नर्सिंग छात्राओं का प्रशिक्षण अभी शुरू है। मानगो के स्वास्थ्य केंद्र में 7 मई तक प्रशिक्षण चलेगा

गर्मी को लेकर ग्रामीण स्टेशनों पर प्याऊ खोलने की तैयारी

जमशेदपुर, एजेंसी। चक्रधरपुर मंडल के कोल्हान स्थित ग्रामीण स्टेशनों पर प्याऊ खोलेगा ताकि यात्रियों को गर्मी में ठंडा पानी मिल सके। प्याऊ खोलने के लिए रेलवे वाणिज्य विभाग जमशेदपुर, आदित्यपुर, गम्हरिया, चाईबासा व चक्रधरपुर में सक्रिय विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से संपर्क कर रही है। इधर दक्षिण पूर्व जोन से रेलवे स्कूल के एनसीसी और स्काउट एंड गाइड से जुड़े छात्रों को यात्रियों की प्यास बुझाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे जल्द ही दो दर्जन छात्र टाटानगर स्टेशन पर जनरल कोच के यात्रियों को ठंडा पानी मुहैया कराएंगे।

टाटा कमिंसकर्मियों को 20 लाख इंजन बनने पर मिलेगा गिफ्ट

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटा कमिंस के कर्मचारियों को यूनियन की पहल पर प्रबंधन ने रामनवमी का तोहफा दिया है। टाटा कमिंस प्रबंधन ने 20 लाख इंजन निर्माण करने की उपलब्धि पर टाटा कमिंस कर्मचारी यूनियन की मांग को मान लिया है। प्रबंधन ने बुधवार को यूनियन अध्यक्ष दीप्तेंदू चक्रवर्ती समेत सभी पदाधिकारियों को बुलाकर गिफ्ट देने पर सहमति जता दी। टाटा कमिंस की स्थापना 4 जुलाई 1994 को हुई थी। इन 30 वर्ष में कंपनी ने पिछले माह 20 लाख इंजन निर्माण करने का रिकॉर्ड स्थापित किया है। यूनियन ने प्रबंधन से इस उपलब्धि में कर्मचारियों का अहम योगदान बताते हुए गिफ्ट देने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि 15 लाख इंजन बनने पर प्रबंधन ने वर्ष 2019 में कोई गिफ्ट नहीं दिया था। जबकि इसके पहले 2 लाख इंजन बनने पर हाफ स्वेटर, 5 लाख इंजन बनने पर ट्रॉली बैग, 10 लाख इंजन बनने पर इंडक्शन हीटर गिफ्ट में मिला था। लेकिन 2019 में 15 लाख इंजन बनने पर कोई गिफ्ट नहीं मिलने पर कर्मचारियों में मायूसी थी। लेकिन इस बार यूनियन लगातार गिफ्ट को लेकर प्रबंधन पर दबाव बना रही थी। परिणामस्वरूप प्रबंधन ने इसकी घोषणा कर दी। अब दोनों पक्ष आपस में बात कर गिफ्ट का आइटम और उसका मूल्य तय करेंगे। इसकी सूचना मिलते ही कर्मचारियों में काफी हर्ष है।

मेन रोड में शोभायात्रा के दौरान 6 घंटे में 200 से ज्यादा मोबाइल और पर्स की चोरी

रांची, एजेंसी। रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान मेन रोड में शहीद चौक से अलबर्ट एक्का चौक होते हुए ओवरब्रिज तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात थे, इसके बावजूद पुलिस जवानों पर पॉकेटमार भारी पड़े। 6 घंटे में जुलूस में शामिल 200 से ज्यादा लोगों के मोबाइल व पर्स की चोरी हो गई। कोतवाली में 40, डेली मार्केट में 37 और लोआर बाजार में 17 पीड़ित पहुंचे और मोबाइल व पर्स चोरी होने की सूचना दी है। वहीं, जब पीड़ित थाना पहुंचे तो पहले पूरी जानकारी ली गई और फिर दूसरे थाना क्षेत्र की घटना होने की बात कहते हुए कई को वापस भेज दिया गया। संबंधित इलाके के थाने में पहुंचने पर वहां तैनात पदाधिकारी द्वारा मोबाइल के कागजात दिखाने की बात कही गई। पीड़ितों ने मोबाइल-पर्स चोरी होने के बाद थाना पहुंचकर आवेदन देने वालों को रिसीविंग तक नहीं देने की बात कही। थाने में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि फिलहाल शोभायात्रा की वजह से सभी पदाधिकारी ड्यूटी में लगे हैं। थानेदार के आने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अगले दिन मोबाइल के कागजात लेकर आएंगे तो रिसीविंग मिल जाएगी। साहिबगंज का गिरोह सक्रिय, लोगों ने 5 बच्चे को पकड़ा - शोभायात्रा के दौरान मेन रोड में साहिबगंज का बच्चा चोर सक्रिय रहा। भीड़ में शामिल लोगों ने 5 बच्चे को पकड़ कर पुलिस को सौंपा। 3 बच्चे को कोतवाली और 2 बच्चे को डेली मार्केट थाने में रखा गया है। फिलहाल पकड़े गए बच्चे से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है।

मेन रोड में पुलिस से उलझा दुकानदार, हाथापाई के बाद सामान जब्त, 2 घंटे बाद फिर सज गईं दुकानें

रांची, एजेंसी। राजधानी को जाम मुक्त बनाने पर एक बार फिर झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस फिर रेस हुए हैं। मंगलवार को ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली स्वयं डंडा लेकर सड़क पर उतर गए। इसका असर यह हुआ कि सुबह 11 बजे न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक से होते हुए भारत माता चौक तक सड़क के किनारे लगे ठेला-खोमचा गायब हो गए। लेकिन दोपहर बाद हालात जस के तस हो गए। देर शाम तक हरमू रोड में वाहन सवार जाम से जूझते रहे। इधर, मेन रोड में भी अभियान चलाया। मेन रोड में रामनवमी का बाजार सजा था। अल्बर्ट एक्का चौक के पास एक दुकानदार पुलिस से उलझ गया। फिर भी पुलिस ने कई दुकानों के सामान जब्त कर लिये। यह देख दूसरे दुकानदार वहां से गायब हो गए।

रेलवे स्टेशन से अवैध विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

जमशेदपुर, एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर टाटानगर स्टेशन पर आरपीएफ की औचक जांच शुरू है। आरपीएफ एएसआई एसके पांडेय व जवानों ने 10 बोतल अवैध विदेशी शराब (रॉयल स्टैग ब्रांड) बरामद किया है। इस दौरान बागबेड़ा निवासी युवक धीरज कुमार को प्लेटफॉर्म पर खदेड़कर पकड़ लिया। घटना मंगलवार रात पौने नौ बजे टाटानगर छपरा एक्सप्रेस के समय प्लेटफॉर्म नंबर दो की है। बरामद शराब का बाजार मूल्य साढ़े सात हजार रुपये है।

आरपीएफ पोस्ट में रेलवे प्रावधान के खिलाफ नशीला पदार्थ लेकर यात्रा करने की शिकायत दर्ज की गई है। दूसरी ओर, स्टेशन से 10 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद होने से सहायक आयुक्त उत्पाद को अवगत कराने के साथ आरपीएफ ने पूछताछ के बाद आरोपी को उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया, जहां उसे उसे जेल भेजा गया है। चुनाव में नगद रुपये, हथियार एवं नशीला पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए आरपीएफ लगाताया खोजी कुत्ता और मेटल डिटेक्टर से जांच अभियान चला रही है। प्लेटफॉर्म पर जांच देखकर धीरज कुमार अचानक भागने लगा। इससे आरपीएफ जवानों ने उसे पकड़ लिया।गिरफ्तार युवक अवैध विदेशी शराब की बोतलें बिहार लेकर जा रहा था। आरपीएफ की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे फोन पर टाटानगर-छपरा ट्रेन से जसीडीह स्टेशन तक विदेशी शराब पहुंचाने का आदेश मिला था।

हरमू नदी के जीर्णोद्धार पर जुडको ने 85 करोड़ फूंक दिए, अब नाला बनाकर निगम को हैंडओवर करने की तैयारी

रांची , एजेंसी। रांची के जलस्रोतों की दयनीय स्थिति पर झारखंड हाईकोर्ट लगातार आदेश दे रहा है। इसके बावजूद जलस्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण के लिए ठोस पहल नहीं की जा रही है। कोर्ट की सख्ती के बाद हरमू नदी पर एक बार फिर अफसरों की नजर गई है। जिस हरमू नदी के जीर्णोद्धार पर जुडको ने 85 करोड़ रुपए फूंक दिए, अब उसे नाला बनाकर निगम को हैंडओवर करने की तैयारी चल रही है।

निगम को नदी हैंडओवर करने के लिए एक कमेटी बनाई गई है। इसमें जुडको के पदाधिकारी सहित निगम के पदाधिकारियों को भी रखा गया है। जल्द ही कमेटी के सदस्य नदी के जीर्णोद्धार में हुए कार्यों और वास्तविक स्थिति का आकलन करेंगे। इसके बाद हैंडओवर लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि, जुडको ने अब तक निर्माण कंपनी से नदी को हैंडओवर नहीं लिया है।

पिछले छह माह के दौरान कंपनी ने निगम

को पांच बार पत्र लिख कर हैंडओवर लेने का आग्रह किया, फिर भी अफसरों ने कोई सुध नहीं ली। इधर, हालात ऐसे हैं कि नदी को हैंडओवर लेने के बाद भी निगम नदी को साफ नहीं कर सकता, सिर्फ कचरा हटाएगा। क्योंकि, शहर में हरमू नदी की लंबाई 10.50 किमी है। फिलहाल 100 से अधिक मुहल्लों से निकलने वाला ड्रेनेज सीधे नदी में गिर रहा है।

नगर विकास विभाग और जुडको के अधिकारियों ने हरमू नदी को संवारने पर सोचना बंद कर दिया है। अब शहर के तीन जोन में प्रस्तावित सीवरेज-ड्रेनेज प्रोजेक्ट बनने के बाद ही हरमू नदी साफ होगी। इसलिए तीन हजार करोड़ से अधिक के सीवरेज-ड्रेनेज प्रोजेक्ट पर काम करने की तैयारी हो रही है। सीवरेज-ड्रेनेज बनने के बाद सभी गंदे पानी को एसटीपी में साफ करके नदी में छोड़ा जाएगा।हरमू नदी के जीर्णोद्धार के लिए जुडको ने मुंबई की कंपनी ईगल इंफ्रा को जीर्णोद्धार का ठेका दिया। काम की शुरुआत में ही कंपनी ने साफ कर दिया था कि नदी के किनारे आठ एसटीपी बनाने से सभी नालों का पानी साफ नहीं हो सकता। एसटीपी की संख्या और क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।

लेकिन, अतिरिक्त एसटीपी बनाने की योजना कागजों पर ही सिमट कर रह गई। वहीं, जीर्णोद्धार के बाद जुडको ने कंपनी को बकाया पैसे नहीं दिए तो कंपनी ने ऑपरेशन-मेंटनेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नदी की सफाई का काम भी छोड़ दिया।

गुमला में हादसा..एक की मौत..चार घायल, आंजन धाम से लौट रहा था परिवार

गुमला, एजेंसी। रामनवमी की शाम गुमला के आंजम धाम में हादसा हो गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई जबकि एक वर्षीय बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग एक ही स्कूटी पर सवार थे। हादसा ब्रेक वायर टूटने की वजह से हुआ। आंजन धाम पहाड़ी से उतरते वक्त स्कूटी पुल के नीचे जा गिरी। जब तक सभी तक लोग मदद के लिए पहुंच पाते तब तक एक की मौत हो गई थी।

हादसे में मरने वाले का नाम अर्जुन ठाकुर है। इसकी उम्र 30 साल है। स्कूटी यही चला रहा था। वहीं हादसे में घायल लोगों के नाम निशा देवी (मृतक की पत्नी), सुरभि कुमारी (मृतक की बहन), दो वर्षीय बेटा आर्यन ठाकुर और एक वर्षीय बेटा अभिनव ठाकुर शामिल है। सभी सदर प्रखंड के टोटो ठाकुर मोहल्ला के

रहने वाले हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि रामनवमी को लेकर सभी लोग एक ही स्कूटी में सवार होकर आंजन धाम माता अंजनी का दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी देर शाम करीब छह बजे वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी अंजन धाम से नीचे उतरने के दौरान स्कूटी का ब्रेक तार टूट गया। फिर ब्रेक नहीं लगने से स्कूटी अनियंत्रित होकर एक पुल के नीचे खाई में जा गिरी।

खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई। तभी दर्शन के लिए आए अन्य लोग भाग कर मौके पर पहुंचे। मगर पुल के नीचे गहराई होने के कारण उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे। बावजूद कई लोगों ने हिम्मत कर पुल के नीचे उतरकर उनकी मदद की। मदद पहुंचने तक अर्जुन ठाकुर की मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद सभी को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल पत्नी व बहन को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दोनों मासूम बच्चों का डॉक्टरों की निगरानी में सदर अस्पताल में ही इलाज चल रहा है।

घायलों के साथ अर्जुन को भी सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के दूसरे दिन गुरुवार को अर्जुन के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। वहीं परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा था। पत्नी व बहन को अर्जुन की मौत होने की जानकारी नहीं थी।

अपराध अनुसंधान विभाग-पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर 2.88 लाख रुपए ठगने वाले तीन गिरफ्तार

रांची, एजेंसी। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना रांची की पुलिस ने पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर 2.88 लाख रुपए की ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कदमा (जमशेदपुर) का रहने वाला शेखर कुमार, बंटी मुखी और सुब्रोतो बिश्वास शामिल हैं।

गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से बरामद दस्तावेजों की जांच में पता चला कि इन लोगों ने कई फर्जी कंपनी के नाम पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कोलकाता, ओडिशा में बैंक खाते खोल रखे थे। इन बैंक खातों से हुए ट्रांजेक्शन के आईपी एड्रेस का सर्वर हांगकांग और चाइना का मिला। इनके एक एकाउंट में सिर्फ एक दिन में 1.84 करोड़ रुपए का क्रेडिट हुआ। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से मिली जानकारी में पता चला कि इन खातों के विरुद्ध महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा में 100 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।साइबर अपराधियों ने वादिनी को गूगल मैप का लिंक भेजकर होटल की रेटिंग करने का पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया। उन्हें टेलीग्राम प्रोफाइल पर रजिस्टर कर वीडियो लाइक करने का काम दिया गया। उक्त टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें कई बैंकों के खातों में पैसे डालने के लिए बोला गया। साइबर अपराधियों ने वादिनी से 2.88 लाख रुपए ले लिए।साइबर क्राइम थाना रांची में 15 मार्च को ठगी की शिकार महिला की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

कांग्रेस विधायक के साथ धक्का-मुक्की, बॉडीगार्ड से भी मारपीट; पीएम मोदी के नारे लगाते हुए लोगों ने जमकर काटा बवाल

बरकाकाना(रामगढ़), एजेंसी। नयानगर बरकाकाना रामनवमी कमेटी के द्वारा दुर्गा मंडप के प्रांगण में रामनवमी मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें विभिन्न अखाड़ों के लोग झांकी के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाया जा रहा था। इस कार्यक्रम में दूर दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद कार्यक्रम स्थल में पहुंची। विधायक को घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को संबोधन करने का मौका नहीं मिला। इस पर विधायक नाराज हो गईं।

इस दौरान विधायक के साथ बदतमीजी होने लगी। साथ ही धक्का-मुक्की कर मोदी के नारे लगाए जाने लगे। इस दौरान निजी बॉडीगार्ड के साथ मारपीट कर दी गई। इसमें बॉडीगार्ड घायल हो गया।

विधायक अंबा प्रसाद नाराज होकर अपने बॉडीगार्ड से कमेटी से माइक छिनने को कहा। उसके बाद विधायक का

विरोध शुरू हो गया। मामले की जानकारी होते ही ओपी प्रभारी अख्तर अली वहां पहुंचकर विधायक को भीड़ से अलग कर थाना ले आए।

विधायक ने घटना से नाराज होकर थाना प्रभारी पर भड़कते हुए कही की यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट दिख रहा है। प्रशासन के सामने जनप्रतिनिधि के साथ धक्का-मुक्की की गया।

घटना को लेकर देर रात तक लोगों पर प्राथमिकी करने के लिए थाने में बैठी रही। घटना को लेकर थाना प्रभारी कुछ भी बोलने से बचते रहे। वहीं, विधायक अंबा प्रसाद से मामले को लेकर बात नहीं हो पाई है। रात 10 बजे तक विधायक अंबा प्रसाद थाने के अंदर बैठी हुई हैं।

मामले की जानकारी मिलते ही पतरातू एसडीपीओ व अंचलाधिकारी बरकाकाना ओपी पहुंचकर विधायक अंबा प्रसाद से घटना की जानकारी ले रहे हैं। विधायक ने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग पर अड़ी हैं।

रेलवे के चार स्टॉल संचालक पर होगा जुर्माना

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटानगर स्टेशन के चार स्टॉल संचालक पर यात्रियों से अधिक पैसे लेने के कारण जल्द जुर्माना होगा। सोमवार को खानपान निरीक्षक ने सभी के खिलाफ चक्रधरपुर मंडल वाणिज्य मुख्यालय में भेजा है। बताया जाता है कि तय राशि से अधिक पैसा लेने की शिकायत पर रोक लगाने की योजना से टाटानगर स्टेशन पर 10 दिनों से औचक जांच अभियान चल रहा है। इस दौरान वाणिज्य व खानपान निरीक्षक ने बोतलबंद पानी और खाद्यय पैकेट पर अंकित मूल्य से ज्यादा रकम वसूलने का मामला पकड़ा है। इससे पूर्व दो वाटर वेंडिंग मशीन संचालक पर एआरएम अभिषेक सिंघल ने पांच-पांच हजार जुर्माना किया है।

जेएमएम के अंदर क्या पक रही खिचड़ी अपने ही प्रचार कार्यक्रम से नदारत जोबा मांझी, दौड़-भागकर चंपई अकेले कर रहे फील्डिंग

जमशेदपुर, एजेंसी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सरायकेला विधानसभा का 13 से लेकर 16 अप्रैल तक कुल चार दिनों तक मैराथन दौरा किया। इस दौरान सभी प्रखंडों में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित किया। 13 एवं 14 को आदित्यपुर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया, 15 अप्रैल को राजनगर में तथा 16 अप्रैल को सरायकेला में कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। चौदह अप्रैल को आदित्यपुर में इंडी महागठबंधन की बैठक भी आयोजित की गई।

प्रत्येक स्थान पर पार्टी प्रत्याशी जोबा मांझी की जीत सुनिश्चित करने को कहा, लेकिन एक भी कार्यक्रम में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी का शामिल न होना कई सवालों का जन्म दे रहा है। इधर भाजपा प्रत्याशी लगातार पार्टी के कार्यक्रमों के साथ-साथ अपना जनसंपर्क अभियान भी चला रही है।

उधर जोबा के कार्यक्रमों में न शामिल होने को लेकर कई कार्यकर्ता दबी जुबान से कहने लगे हैं कि पार्टी प्रत्याशी का न आना किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। यह बात उन्हें हजम नहीं हो रही है कि क्या चार दिनों तक झामुमो के सिंहभूम सीट

के प्रत्याशी जोबा मांझी को समय ही नहीं मिला या उन्हें फिर आने के लिए कहा ही नहीं गया।

कार्यकर्ताओं को अंदरूनी राजनीति समझ में ही नहीं आ रही। चंपई की चुनावी पाठशाला के बावजूद कार्यकर्ताओं के बीच जोबा मांझी के न आने की बात कोई नहीं पचा रहा है। यह चर्चा अब आम हो गई है। कार्यकर्ता संवाद में प्रत्याशी का इंतजार करते भी देखे गए, मगर वह नहीं आई।

इसका फायदा विरोधी भी उठाने लगे हैं। इस संबंध में जब सरायकेला-खरसावां के झामुमो जिलाध्यक्ष सुबेंदु महतो से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह उन्हें नहीं मालूम कि पार्टी प्रत्याशी जोबा मांझी क्यों नहीं आई। शायद वह व्यस्त रही होगी। मालूम हो कि हो समाज झामुमो (छुरूरू) प्रत्याशी का विरोध लगातार कर रहा है।

गम्हरिया के मोहनपुर की घटना को हो समाज ने गंभीरता से लिया है। समाज के प्रबुद्ध लोग इसे गंभीरता से ले रहे हैं। हो समाज और संताल समाज के बीच इसे लेकर जंग छिड़ी हुई है।लगातार हो समाज की बैठकों में इस घटना का जिक्र किया जा रहा है और इसे हो समाज को नीचा दिखाने का प्रयास बताया जा रहा है। भाजपा भी इस चीज को भांप चुकी है। वह हो समाज को अपने पक्ष में लाने की पूरी कोशिश कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

टेंपो से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

अलीगढ़ , एजेंसी। बुधवार की सुबह इंदिरा नगर के समीप टेंपो से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं उसका साथी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। गांधी पार्क क्षेत्र के नौरंगाबाद निवासी 18 वर्षीय शिवम कुमार पुत्र राजबहादुर बुधवार की सुबह अपने दोस्त अरुण कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह के साथ बाइक से खैर रोड पर जा रहे थे। इंदिरा नगर के पास सामने से आ रहे टेंपो से उनकी बाइक टकरा गई। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही लोगों की भीड़ लग गई। किसी ने सूचना दी तो पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को मलखान सिंह जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद अरुण कुमार को जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। खबर पाकर मृतक और घायल के परिवार वाले भी जिला अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शिवम के भाई और दोनों बहनों का रोकर बुरा हाल था।

परिवार सोता रहा, चोर घर से कर ले गए चोरी

अलीगढ़ , एजेंसी। कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव मान महौं में सोमवार देर रात चोर घर में घुस गए। घर में रखी नगदी व आभूषणों को चुरा ले गए।पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र राम प्रकाश ने तहरीर में बताया कि घटना वाली रात को घर में सभी लोग सो रहे थे। घर में घुस कर चोरों करीब 25 हजार रुपये नगद, सोने, चांदी के जेवर व साड़ी चोरी कर ले गए। चोरी के बारे में सुबह जागने पर पता चला। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। जिसमें तीन चोर वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे हैं।

कुलदीप भदौरिया कानपुर से बसपा प्रत्याशी घोषित, कहा- चौंकाने वाले होंगे मतगणना के नतीजे

कानपुर , एजेंसी। आंबेडकर ने बसपा शासन में हुए विकास कार्य व कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि वह सबसे अच्छा शासनकाल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह बसपा के प्रत्याशी को जिताने के लिए कमर कस लें। मुख्य मंडल प्रभारी प्रवेश कुरील ने कहा कि पूरे देश में 2024 का लोकसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी अकेले अपने दम पर लड़ रही है। मतगणना के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। कहा कि बसपा अधिक से अधिक सीटें जीतकर आएगी और मायावती देश की प्रधानमंत्री बनेंगी। सम्मेलन में मंडल प्रभारी अनिल पाल, जिलाध्यक्ष राजकुमार कप्तान आदि मौजूद थे।

बुजुर्ग की हत्या में बेटे-नाती पर मुकदमा

अलीगढ़ , एजेंसी। गांव मदनपुर में ट्रैक्टर चढ़ाकर बुजुर्ग की हत्या किए जाने के मामले में मृतक के एक पुत्र और नाती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। मदनपुर निवासी 90 वर्षीय साहब सिंह पुत्र होडल सिंह का नाती रूपेंद्र सिंह काफी समय से खेत का बंटवारा करने के लिए दबाव बना रहा था, लेकिन बुजुर्ग इसके लिए तैयार नहीं थे। मंगलवार की दोपहर खेत जोतने पर बाबा ने विरोध किया तो नाती रूपेंद्र ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे मौके पर ही साहब सिंह की मौत हो गई। मामले में मृतक के पुत्र भानु प्रताप सिंह ने अपने भाई शिव प्रताप सिंह और उसके बेटे रूपेंद्र के खिलाफ हत्या और साजिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानलेवा हमले में घायल युवक की मौत

अलीगढ़ , एजेंसी। गांव वाजिदपुर में मंगलवार को जानलेवा हमले में घायल युवक की जेएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मामले में पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों को पकड़ा है, जिन्हें न्यायालय के आदेश पर बुधवार को जेल भेज दिया गया। गांव निवासी भीकम सिंह के अनुसार मंगलवार को वह अपने बेटे विक्रम के साथ बैठे हुए थे तभी भानु प्रकाश, कौशल व हरिओम पुत्रगण रामवीर सिंह और उनकी मां मुन्नी ने हमला बोलकर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

अमेठी का सस्पेंस: राहुल गांधी के जवाब से उलझी कांग्रेस

आखिर क्या हैं इस चुप्पी और लेट-लतीफी के मायने

अमेठी, एजेंसी। अमेठी में 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होगा। भाजपा की स्मृति जूबिन इरानी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन उनके सामने कांग्रेस से कौन होगा यह अभी तक तय नहीं हो सका है। अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर बुधवार को गाजियाबाद में राहुल गांधी ने एक बार फिर सीधे तौर पर कुछ नहीं बोला, सिर्फ यह कहा कि मुझे जो भी आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा। हमारी पार्टी में ये सभी (उम्मीदवारों के चयन) निर्णय सीईसी द्वारा लिए जाते हैं। इस जवाब ने एक बार फिर अमेठी की सियासत को उलझा दिया है। संशय व असमंजस के बीच सवालों की फेहरिस्त ने एक बार फिर दुविधा बढ़ा दी है।

वजह भी खास है

अमेठी को कभी गांधी परिवार का गढ़ माना जाता था। वर्ष 1977 से गांधी परिवार ने यहां पर राजनीतिक पारी शुरू की। संजय गांधी हों या फिर राजीव गांधी, सोनिया या फिर राहुल...सभी ने अपनी राजनीतिक पारी का आगाज अमेठी से किया। वर्ष 2004 से अमेठी से पहली बार संसद पहुंचे राहुल गांधी ने वर्ष 2009 व 2014 में जीत दर्ज की। वर्ष 2019 में वह चुनाव हार गए।

पहले भी चुप रहे राहुल

फरवरी 2024 में न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के बड़े नेताओं ने खुलकर बोला कि अमेठी राहुल गांधी का परिवार है। वह यहीं से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन राहुल ने उस वक्त भी इस मुद्दे पर खुलकर कुछ भी नहीं बोला था। कई ऐसे मौके आए जब राहुल ने निर्णय पार्टी नेतृत्व पर छोड़ दिया। यह हाल तब है जब बीते दिनों प्रियंका गांधी वाड्रा के पति राबर्ट वाड्रा का एक बयान आया था कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि मैं उनका प्रतिनिधित्व करूं। हालांकि इस बयान के बाद सियासत में कई तरह के बदलाव देखने को मिले।

राहुल पर टिकी आस

यह बात अलग है कि पार्टी के कई बड़े नेता यह संदेश दे चुके हैं कि राहुल गांधी ही यहां से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अभी तक दावेदार का ऐलान न होने से तस्वीर स्पष्ट नहीं है। वहीं, पार्टी के प्रदेश सचिव योगेंद्र मिश्र कहते हैं कि इंतजार करिए, अमेठी से राहुल ही चुनाव लड़ेंगे। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल कहते हैं कि इंतजार करिए, अभी बताने लायक कुछ ऐसा नहीं है जो बताया जाय। चुनाव के लिए हम तैयार हैं, बस यह जानिए।

बसपा ने जल्द प्रत्याशी उतारने का दिया संकेत

अमेठी से जल्द ही बसपा प्रत्याशी उतार सकती है। बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कार्यकर्ताओं को इसके लिए तैयार रहने के लिए कहा गया। गौरीगंज में आयोजित बैठक में मंडल प्रभारी सर्वेन्द्र आंबेडकर और राजकुमार गौतम ने विधानसभा कमेटियों को संगठन के काम की जिम्मेदारी बांटी। कहा कि सभी कार्यकर्ता पोलिंग बूथों पर पार्टी अध्यक्ष का संदेश पहुंचाएं। चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहें। प्रत्याशी की घोषणा किसी भी दिन हो सकती है। अमेठी में जोन नंबर एक में कुसुम राज, जोन नंबर दो में किसन सिंह गौतम ,जोन नंबर तीन में लक्ष्मण प्रसाद और जोन नंबर चार में अमर भीम को तैयारी बैठक करने की जिम्मेदारी दी गई। इनके साथ अनिल कुमार, रामनाथ, विक्रमाजीत, कन्हैया लाल मिश्र, विद्याप्रसाद गौतम और रामकरन भी जुटेंगे। गौरीगंज विधानसभा में श्रवण कुमार यादव, मोती लाल, विधानसभा अध्यक्ष शिवराम और विंध्येश्वरी प्रसाद के साथ राम केवल सरोज, विवेक पांडेय, रमेश कश्यप, धर्मराज, अरुण कुमार, जयवर्धन बौद्ध, सुभाष चंद्र और ओम प्रकाश गौतम को जोन की बैठक कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

छुटभइये ही नहीं, बड़े नेता भी नहीं बचा सके जमानत, इज्जत बचाने के लिए पाने होंगे 1.90 लाख वोट

अयोध्या , एजेंसी। संसदीय चुनावों में नेताओं के लिए सम्मान रूपी जमानत राशि बचानी भी चुनौतीपूर्ण रही है। जीत का सेहरा बांधने के मकसद से चुनावी रण में कूदे कई नेता अंत तक अपनी जमानत बचाने के लिए भी जूझते दिखे। यह हाल सिर्फ छुटभइयों का ही नहीं, बल्कि कई बड़ी पार्टियों के बड़के नेताओं का भी रहा। उनकी भी यहां जमानत जब्त हो चुकी है।

सम्मान से जोड़कर देखी जाती है प्रत्याशियों की जमानत राशि

- नामांकन के समय प्रत्याशियों को कुछ रकम भी जमा करनी होती है, जिसे जमानत राशि कहते हैं।
- सामान्य वर्ग के लिए यह राशि 25,000 रुपये व आरक्षित कोटे के प्रत्याशी के लिए 12,500 रुपये निर्धारित है। यह सिर्फ जमानत राशि ही नहीं, बल्कि इसे प्रत्याशियों के सम्मान से भी जोड़कर देखा जाता है। वैध मतों का छठां हिस्सा मिलने पर ही यह राशि प्रत्याशियों को लौटाई जाती है।

बड़े दल के नेताओं की भी हो चुकी है जमानत जब्त

- जिले में हुए पिछले कई चुनावों में 80 प्रतिशत से अधिक प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा सके। सिर्फ निर्दल व छोटे दल के नेता ही इस अग्निपरीक्षा में फेल नहीं हुए, बल्कि कांग्रेस, बसपा जैसे बड़े दल के नेताओं ने भी अपमान रूपी यह घूंट पिया है। इस बार भी चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है।
- प्रमुख राजनीतिक दल तो अपना पत्ता खोल चुके हैं। कई निर्दल व छोटे दलों के प्रत्याशी भी निश्चित तौर से ताल ठोंकेंगे। अभी तो फिलहाल सभी स्वयं के जीतने का दावा ही करेंगे, लेकिन कौन जमानत बचा पाता है यह तो परिणाम ही बताएगा।

छह बार जमानत गंवा चुकी है कांग्रेस

- कांग्रेस यहां से छह बार जमानत राशि गंवा चुकी है। 2019, 2014, 2004, 1999, 1991 में निर्मल खत्री व 1996 में यदुवंश राम त्रिपाठी कुल पड़े मतों का छठां हिस्सा नहीं पा सके।
- वहीं, 2014 में बसपा के जितेंद्र सिंह बब्लू, 1999 में सपा के हीरालाल यादव, कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव, 1996 में बसपा के इकबाल खान, 1989 व 1991 में बसपा के आरके चौधरी भी अपनी जमानत राशि नहीं बचा सके।

हाईकोर्ट का आदेश : गलत वेतन भुगतान पर काटी गई ग्रेच्युटी राशि ब्याज सहित वापस करें

प्रयागराज , एजेंसी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गलत वेतन भुगतान के आधार पर काटी गई ग्रेच्युटी राशि को छह प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी संत कबीर नगर को एक महीने के भीतर रुपये वापस करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की कोर्ट ने भागीरथी की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। मामले में याची भागीरथी यूपी के पंचायती राज विभाग, लखनऊ में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात थे और 31 जुलाई 2020 को सेवानिवृत्त हुए। सेवा के दौरान गलत वेतन निर्धारण के कारण उन्हें अतिरिक्त राशि का भुगतान कर दिया गया। इस आधार पर जिला पंचायत राज अधिकारी, संत कबीर नगर के आदेश से सेवानिवृत्ति के दौरान याची की ग्रेच्युटी से 5,90,061 रुपये की कटौती की गई। इसके विरोध में याचिका दायर की गई। कोर्ट ने पंजाब राज्य और अन्य बनाम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर अतिरिक्त भुगतान की वसूली के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही कहा कि एक माह के भीतर छह प्रतिशत ब्याज प्रतिवर्ष की दर से रुपये वापस किए जाएं।

पूर्व मंत्री का नाती फरार...शादी से मना करने पर युवती और उसके पिता पर चढ़ा दी थी कार, दहशत में परिवार

आगरा, एजेंसी। आगरा में पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के नाती दिव्यांश चौधरी को पुलिस दो दिन में भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे पीड़ित परिवार दहशत में है। युवती ड्यूटी पर लखनऊ नहीं जा रही है।

भाई ने पढ़ाई बंद कर दी है। पूरा परिवार घर में कैद हो गया है। आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से आरोपी बच रहा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की जा रही है। हालांकि पुलिस का दावा कि आरोपी फरार हो गया है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

ऋषि मार्ग (शाहगंज) पर सोमवार रात को जूता कारोबारी और उनकी बेटी को कार से कुचलने का प्रयास गया किया था। इसका आरोप पूर्व मंत्री के नाती दिव्यांश चौधरी पर है। कॉलोनी के लोगों ने कार्रवाई की मांग के लिए हंगामा किया था। पुलिस ने जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा लिखा है। मगर, आरोपी दो दिन बाद भी नहीं पकड़ा जा सका है।

पुलिस ने नहीं समझी घटना की गंभीरता: जूता कारोबारी ने आरोप लगाया कि पुलिस पूर्व मंत्री के नाती के दबाव में है। यही वजह है कि पूर्व के मुकदमे में चार्जशीट लगा दी थी। मगर, मामले की गंभीरता को नहीं समझा। आरोपी खुलेआम घूमता रहा। उसने दूसरी वारदात कर दी। अब भी पुलिस लीपापोती कर रही है। बेटी के बयान तक नहीं दर्ज नहीं किए गए हैं। पुलिस कोर्ट तक नहीं लेकर गई है। इससे वह दहशत में हैं। पूर्व मंत्री का नाती कुछ भी कर सकता है।

जयपुर, फिर लखनऊ में किया परेशान: पिता का कहना है कि बेटी को पढ़ाया लिखाया, सब बेकार हो गया। बेटी पहले जयपुर में नौकरी करती थी। आरोपी वहां पहुंच गया। परेशान करने लगा। बाद में लखनऊ में नौकरी लगने पर वहां परेशान करने लगा।

शादी का दबाव बनाता था। बेटी ने कई बार मना किया, लेकिन नहीं माना। अब घर के बाहर वारदात की। इससे पूरा परिवार डरा हुआ है। घर से बाहर नहीं जा पा रहे हैं। बेटी कमरे से बाहर नहीं आ रही है। बस रोये जा रही है। उसे डर है कि दिव्यांश पिता को कुचलने का प्रयास कर सकता है तो उसके साथ भी घटना कर देगा। इससे वह तनाव में आ गई है। उसे परिजन संभाल रहे हैं। 13 साल का बेटा कक्षा सात में पढ़ता है। वह भी पढ़ने नहीं जा पा रहा है।

सीसीटीवी में कैद है घटना: पिता-पुत्री को कार से कुचलने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित परिवार ने फुटेज पुलिस को दे दिए हैं। इसमें सफेद रंग की कार नजर आ रही है। इसमें दिव्यांश के होने की बात कही गई है। युवती और उसके पिता अपना बचाव कर रहे हैं।

तो कोर्ट से वारंट ले आएंगे: लोहामंडी के सहायक पुलिस आयुक्त मयंक तिवारी ने बताया कि दिव्यांश की गिरफ्तारी के लिए टीम ने दबिश दी थी। मगर, वो फरार हो गया है। इस पर पूर्व मंत्री से बात की गई। परिजन को नोटिस भी दिया गया है। उनसे बोला गया कि दिव्यांश को पुलिस के समक्ष पेश करें। अगर, ऐसा नहीं करते हैं तो कोर्ट से वारंट लिए जाएंगे। आरोपी ने अपने मोबाइल भी बंद कर लिए हैं।

पलटते हुए नीम के पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, हादसे में तीन लोगों की मौत

लखनऊ , एजेंसी। बलरामपुर जिले से लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट जा रही तेज रफ्तार कार बृहस्पतिवार को करीब 11:00 बजे लखनऊ अयोध्या हाईवे पर बाराबंकी के निकट पलटते हुए पेट से टकरा गई । इस भीषण हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक आंशिक रूप से घायल है। सीओ सिटी जगत कनौजिया के अनुसार बलरामपुर जिले के दो युवक सऊदी अरब जा रहे थे। जबकि कार एक तीसरा युवक कार चल रहा था। इन तीनों से रास्ते में एक चौथे युवक ने लिफ्ट ली। लखनऊ अयोध्या हाईवे पर शहर कोतवाली क्षेत्र में हैदरगढ़ ओवरब्रिज के 100 मीटर पहले अचानक कार लहराई और हाईवे किनारे पलटते हुए नीम के पेड़ से जा टकराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर से तीन शव निकाले हैं। लिफ्ट लेने वाला युवक जमसेद हल्का घायल हुआ है। उसी ने इन तीनों युवकों के लखनऊ जाने और दो के सऊदी अरब जाने की बात बताई। कार के नंबर के अनुसार मृतकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

मुगलों के दौर में जहां ढाले जाते थे सोने-चांदी के सिक्के, वहां दिखेगा इतिहास का खजाना

आगरा , एजेंसी। आगरा के फतेहपुर सीकरी की मुगलिया टकसाल, जहां शहंशाह अकबर के शासन में सोने और चांदी के सिक्के ढाले जाते थे, अब वहां पर्यटकों को इतिहास का खजाना मिलेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने टकसाल की खाली पड़ी इमारत में इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया है, जिसमें पर्यटक कई दुर्लभ पेंटिंग देखने के साथ सीकरी के निर्माण, वैभव और वास्तुकला की जानकारी ले पाएंगे। शहंशाह अकबर ने जब वर्ष 1569 में फतेहपुर सीकरी को अपनी राजधानी बनाया, तब यहां दीवान-ए-आम के पास सबसे बड़ी टकसाल का निर्माण कराया, जहां सोने-चांदी के शाही मुहर वाले सिक्के ढाले जाते थे। इसी परिसर में एएसआई ने इंटरप्रिटेशन की शुरूआत की है। पर्यटकों को यहां सीकरी के इतिहास की जानकारी न केवल डिस्प्ले बोर्ड से होगी, बल्कि वीडियो और ऑडियो प्रजेंटेशन के जरिए भी वह मुगलिया राजधानी के बारे में सब कुछ जान पाएंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि फतेहपुर सीकरी में म्यूजियम को नया रंगरूप दिया गया है। वहीं, इंटरप्रिटेशन सेंटर के जरिए पर्यटक सीकरी के भ्रमण से पहले उसके बारे में जानकारी ले सकेंगे। पतसाल आदि क्षेत्रों में रॉक पेंटिंग, उत्खनन के साथ ऐतिहासिक तथ्यों को जान सकेंगे।

सेंटर में यह दिखेगा खास

फतेहपुर सीकरी में प्रागैतिहासिक काल की रॉक पेंटिंग, मुगल काल में भवनों का निर्माण, शहंशाह अकबर से जुड़ी पेंटिंग, 1986 में हुए उत्खनन, शाही हमाम, बीरबल महल, अनूप तालाब का उत्खनन, वीर छबीली टीले, टकसाल क्षेत्र का उत्खनन और इमारतों की तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। इबादतखाना की खोज को इंटरप्रिटेशन सेंटर में प्रमुखता दी गई है।

भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल पर फर्जी एससी प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप

आगरा, एजेंसी। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित आगरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल के जाति प्रमाणपत्र पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। डॉ. अंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल सोनी ने बुधवार को मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी से शिकायत दर्ज कराई है। प्रमाण पत्र की जांच के लिए जिला स्क्रूटनी कमेटी गठित करने की मांग की गई है।

प्रताप नगर स्थित अलका पुरी निवासी अनिल सोनी का आरोप है कि पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति एसपी सिंह बघेल ने राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग कर आरक्षण का लाभ लेने के लिए गलत तथ्यों से अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जारी कराया है। वह जन्म से पिछड़ा वर्ग की उपजाति पाल, बघेल गडेरिया है। राजनीतिक प्रभाव और तहसील के कर्मचारी व अधिकारियों की सांठगांठ से उन्होंने 4 फरवरी 2016 को धनगर लिखवाकर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी कराया है। जारी प्रमाण पत्र पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के जिस निर्णय का जिक्र है उसे स्वयं आयोग ने ही बाद में रिव्यू कर लिया था।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि एसपी सिंह बघेल ने 4 अगस्त 1975 को 11 वीं कक्षा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजावर, जिला छतरपुर मध्य प्रदेश से शिक्षा ग्रहण की। जिसके छात्र रजिस्टर उनकी जन्मतिथि 21 जून 1960 और जाति के ठाकुर दर्ज है। 10वीं कक्षा की पढ़ाई अशोक एचएसएस विद्यालय से की, उसके छात्र रजिस्टर में भी यही उल्लेख है। जबकि वर्ष 2015-16 में एसपी सिंह बघेल ने आगरा कॉलेज के सैन्य विभाग में प्रोफेसर की नौकरी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पद पर प्राप्त की। उन्होंने कहा एसपी सिंह पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति हैं। कूटरचित तरीके से उन्होंने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए 2016 में अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाया है।

38 प्रमाणपत्र करा चुके हैं निरस्त: शिकायतकर्ता अनिल सोनी ने बताया कि वह धनगर के नाम से बने 38 अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र निरस्त करा चुके हैं। अनुसूचित जाति धनगड़ है। जबकि एसपी सिंह के प्रमाणपत्र पर धनगर दर्ज है। दोनों की अंग्रेजी स्पेलिंग एक जैसी है लेकिन हिंदी में नाम अलग हैं। इस संबंध में उन्होंने निर्वाचन आयोग ने भी शिकायत पर जांच के आदेश जिलाधिकारी आगरा को दिए हैं।

दो चुनाव लड़ चुका... झूठी पाई गई शिकायत: भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि 10 साल से ऐसे ही हो रहा है। दो चुनाव लड़ चुका हूं। एक बार टूंडला से, एक बार आगरा से। पहले भी शिकायतें की गई थीं। झूठी पाई गईं। तहसीलदार ने प्रमाणपत्र बनाया था। जिसके खिलाफ डीएम की कमेटी में शिकायत की गई। वहां प्रमाणपत्र सही पाया गया। फिर कमिश्नर से शिकायत की गई। वहां भी सही पाया गया।

मुठभेड़ में प्रतिबंधित पशु तस्कर के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार, अस्पताल में भर्ती

अलीगढ़ , एजेंसी। टप्पल पुलिस मुठभेड़ में 20 हजार रुपये के इनामी प्रतिबंधित पशु तस्कर को दबोचा है। उसके पैर में पुलिस की गोली लगी है। घायल बदमाश को इलाज के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सीओ खैर राजीव द्विवेदी ने बताया कि जट्टारी-पिसावा मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों ने बाइक से आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। इस पर वह तेजी से बाइक मोड़कर पिसावा की ओर भागा। इस पर पिसावा थाने को सूचना देने के साथ चेकिंग टीम ने पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में दोनों ओर से पुलिस से स्वयं को घिरा देखकर आरोपी जट्टारी-पिसावा रोड ईंट भट्ठे के सामने कच्चे रास्ते पर खेतों की ओर बाइक मोड़कर भागा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई जिससे आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर कराहने लगा। सीओ के अनुसार मुठभेड़ में पकड़ा गया अकबर पुत्र बक्शी खां बुलंदशहर जनपद के थाना खुर्जा के गांव मीरपुर का निवासी है। वह जनपद के गोंडा थाने से वांछित था। उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

संक्षिप्त समाचार

विक्की कौशल ने सैम बहादुर की शूटिंग के दौरान पेश आये रोमांचक पलों के बारे में बातचीत की

मुंबई, एजेंसी। मनोरंजन की डबल डोज़ के लिए तैयार हो जाईए क्योंकि पिछले एपीसोड में फ़िल्म चमकीला की टीम दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा व इम्तियाज़ अली की मौजूदगी की शानदार कामयाबी के बाद विकी कौशल और सनी कौशल भाईयों की जानदार जोड़ी नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार है। इस एपिसोड के बाद यह शो लगातार तीसरे हफ़्ते नेटफ्लिक्स के ग्लोबल टॉप -10 में आ गया है। शो के चौथे एपिसोड में भी दर्शक हँसी मज़ाक से भरपूर शाम का मज़ा ले सकते हैं क्योंकि विक्की और सनी कौशल शो के होस्ट व मनोरंजन के बादशाह कपिल शर्मा के साथ उनके शानदार शो में शामिल हो रहे हैं। अपनी फिल्मों के पर्दे के पीछे के क़िस्सों व अपने बचपन की कहानियों के साथ, अपने कॉमेडी टेलेंट से ये दोनों भाई नेटफ्लिक्स के मंच पर अपना जादू बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फील्ड मार्शल की बेटी माया (उम्र 75-80 साल के बीच) के सामने सैम बहादुर की शूटिंग के बारे में विक्की बताते हैं, जब आपको इस तरह के क़िरदार निभाने को मिलते हैं तो ज़िम्मेदारी बहुत बड़ी हो जाती है। मैं सैम बहादुर के चलने और बोलने के तरीके को समझने के लिए उनकी बेटी माया से कई बार मिला। हम दिल्ली में शूटिंग कर रहे थे। सैम बहादुर की बेटी कैमरे के पीछे शॉट देख रही थीं. मैं कैमरे के सामने कभी इतना नर्वस नहीं हुआ था और बहुत डरा हुआ था क्योंकि मैं जानता था कि मैं उनसे यह पूछने की हिम्मत नहीं कर पाऊंगा कि मैंने शॉट में सही किया या नहीं। मैं बस इतना जानता था कि अगर मैंने उनकी आंखों में देखा और अगर उन्हें यह पसंद नहीं आया तो मेरा आत्मविश्वास टूट जाएगा और अभी आधी से ज़्यादा फ़िल्म की शूटिंग बाकी थी। लेकिन मुझे यह देखकर बहुत ख़ुशी हुई कि शॉट देखने के बाद उनकी आँखों में आंसू थे और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। विक्की ने आगे बताया की, एक फ़ौज पर आधारित फिल्म की खुद फ़ौज द्वारा तारीफ़ किया जाना ही मेरे लिये सबसे बड़ा अवार्ड है। नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो देश भर के दर्शकों के लिए हँसी-खुशी की वजह बना हुआ है और विक्की व सनी कौशल के साथ आगामी एपिसोड के शानदार होने का भरोसा दिलाता है। हँसी-मज़ाक के इस शानदार कार्यक्रम को देखना ना भूले।

विजयवाड़ा स्थित गोदाम में लगी भीषण आग, आसमान में दिखा धुएं का गुबार

अमरावती। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के बंदर रोड पर एक गोदाम में भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं। आग लगने बाद बिल्डिंग से धुएं का गुबार देखने को मिला। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है।

जो मोदी-योगी को अपना नहीं मानते, वे वे गद्दार हैं- सांसद महेश शर्मा

गौतमबुद्ध नगर एजेंसी। लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर सभी पार्टियां अपनी ताकत झोंक रही हैं। एक-दूसरे पर जमकर जुबानी तीर चलाए जा रहे हैं। हालांकि चुनावी बयानबाजी के दौरान माननीयों के मुंह से कई बार ऐसे शब्द निकल जाते हैं, जो विवाद खड़ा कर देते हैं। ऐसा ही कुछ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के गौतमबुद्ध नगर से सांसद महेश शर्मा ने किया है। मंच से एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने ऐसा कुछ बोला जो अब वायरल हो रहा है। कांग्रेस ने इस पर चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से पहले महेश शर्मा ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि जो लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना नहीं मानते, वे गद्दार हैं। बुलंदशहर में एक चुनावी रैली के दौरान शर्मा ने कहा, जो लोग मोदी और योगी को अपना नहीं समझते, वे अपने बाप को भी अपना नहीं समझेंगे। अगर कोई कहता है कि वह मोदी-योगी से बढ़कर आपका अपना है, तो वह इस देश का गद्दार है। वह व्यक्ति देश या राज्य का कल्याण नहीं चाहता है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह शर्मा ने यह टिप्पणी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक विशेष समुदाय को निशाना बनाते हुए की है।

चौटाला परिवार में फिर महाभारत, ससुर के खिलाफ उतरीं जेठानी-देवरानी

चंडीगढ़, एजेंसी।
हरियाणा के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के परिवार में एकता की चर्चा के बीच सियासी तकरार की तस्वीर साफ हो चुकी है। अब चौटाला परिवार में ही तीन मोर्चों पर जंग छिड़ी हुई है। ओम प्रकाश चौटाला के दोनों बेटों और उनके परिवार में भी एकता नहीं हो पाई है। इस बीच पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने हरियाणा के लिए पांच लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा की है।

दुष्यंत ने दो बार की विधायक और अपनी मां नैना सिंह चौटाला को हिसार से उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला अपने ही ससुर और भाजपा के उम्मीदवार रंजीत सिंह चौटाला से होगा। नैना जहां जजपा के अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला की पत्नी और ओमप्रकाश चौटाला की पुत्रवधू हैं। वहीं, रंजीत चौटाला अजय सिंह चौटाला के चाचा हैं और ओम प्रकाश चौटाला के भाई हैं। इन दोनों उम्मीदवारों में ससुर बहू का रिश्ता है।

इतना ही नहीं ओम प्रकाश चौटाला की पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल ने भी हिसार से अपना उम्मीदवार उतारा है। इनेलो की तरफ से सुनैना चौटाला को टिकट दिया गया है, जो नैना की देवरानी हैं। सुनैना ओम प्रकाश चौटाला के दूसरे भाई प्रताप चौटाला के बेटे रवि चौटाला की पत्नी हैं। यानी सुनैना और नैना देवरानी और जेठानी हैं, जिनका मुकाबला अपने ससुर और भाजपा उम्मीदवार रंजीत सिंह चौटाला से होना है।

हिसार सीट पर 2014 में नैना चौटाला के बेटे दुष्यंत चौटाला ने इनेलो के टिकट पर चुनाव जीता था। हालांकि, 2019 में दुष्यंत चौटाला को भाजपा के बृजेन्द्र सिंह ने करीब 3.14 लाख के वोटों के अंतर से चुनाव हरा दिया था। उन्हीं चुनावों के बाद हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव और उसके बाद बनी राज्य के मनोहर लाल खट्टर सरकार में दुष्यंत चौटाला उप मुख्यमंत्री बने थे। अब उनका गठबंधन भाजपा से टूट चुका है। दूसरी तरफ हिसार सीट से भाजपा के सांसद और पूर्व ढ्ढस्न अधिकारी बृजेंद्र सिंह ने अब भाजपा से नाता तोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया है।

रंजीत चौटाला, नैना और सुनैना चौटाला का परिवार: भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का जन्म हरियाणा के सिरसा जिले के तेजा खेड़ा गांव में हुआ था। 1971 तक कांग्रेस में रहने वाले देवीलाल 1977 में जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। 10 साल बाद 1987 में उन्होंने इंडियन नेशनल लोकदल की स्थापना की थी। 1989 में जब केंद्र में वीपी सिंह की सरकार बनी तो वह उप प्रधानमंत्री बने और पार्टी की कमान बड़े बेटे ओम प्रकाश चौटाला को सौंप दी। हालांकि, उस वक्त उनका सारा कामकाज तीसरे बेटे रंजीत सिंह चौटाला देखते थे।

देवीलाल के चार बेटे हैं। सबसे बड़ा ओमप्रकाश चौटाला। दूसरे नंबर पर प्रताप चौटाला, तीसरे नंबर पर रंजीत चौटाला और सबसे छोटे जगदीश चौटाला। ओपी चौटाला के दो बेटे- अजय चौटाला और अभय चौटाला। अजय चौटाला ओपी चौटाला के बड़े बेटे हैं। इनकी पत्नी नैना चौटाला हैं। नैना चौटाला चरखी दादरी जिले के बधरा से विधायक हैं। वह डबवाली सीट से भी विधायक रही थीं। नैना चौटाला महिलाओं को राजनीति से परिचित कराने के मकसद से राज्य में 'हरि चुनरी चौपाल ' जैसे कार्यक्रम आयोजित करती रही हैं।

भाजपा नेता की हत्या पर बोले सरकार के मंत्री, यह कांग्रेसियों और नक्सलियों की मिली जुली साजिश

नारायणपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में एक के बाद एक नक्सलियों के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की हत्या के मामले को लेकर अब प्रदेश सरकार के मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है। नक्सलियों के द्वारा भाजपा नेताओं की हत्या को लेकर केदार कश्यप ने इसे कांग्रेसियों और नक्सलियों की बड़ी साजिश बताया है। केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेसी और नक्सली मिलकर बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता उप सरपंच की नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी थी। भाजपा नेता के अंतिम संस्कार में पहुंचे सरकार के मंत्री केदार कश्यप ने पंचम दास को श्रद्धांजलि दी है। इस बीच मीडिया से चर्चा करते हुए केदार कश्यप ने कांग्रेस पार्टी पर नक्सलियों के साथ-साथ मिलकर भाजपा नेताओं की हत्या का आरोप लगाया है।

बतादे कि छत्तीसगढ़ सरकार में वन मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर में भारतीय जनता पार्टी के नेता पंचम दास के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। जहां उन्होंने भाजपा नेता पंचम दास को श्रद्धांजलि दी है। इस बीच केदार कश्यप ने मीडिया से चर्चा करते हुए बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष को लेकर बड़ी बात कही है। वहीं लगातार भाजपा नेताओं की हत्या को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता यहां विषम परिस्थितियों में रहकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी शुरू से ही पूरी कोशिश रही है कि इन अंदरूनी इलाकों में सुविधा ज्यादा से ज्यादा बढ़ाई जाए, जिससे कि यहां नेता खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई, आप पर बड़ी जिम्मेदारी, राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं को संदेश

नईदिल्ली, एजेंसी।
लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान का चुनाव प्रचार थम गया है। सभी पार्टियों ने पहले चरण के चुनाव के जी-जान लगाकर चुनाव प्रचार किया। मतदान के एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को वीडियो संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है, इसलिए आप सभी पर बड़ी जिम्मेदारी है। 19 अप्रैल को देश में लोकसभा का पहले चरण का मतदान होना है। पहले चरण के मतदान के लिए सभी पार्टी ने अपने-अपने क्षेत्र में जमकर चुनाव प्रचार किया। एक-दूसरे की पार्टी पर जमकर बयानबाजी की। पार्टी के घोषणापत्रों पर भी खूब मीन-मेख निकाले गए। पहले चरण का चुनाव प्रचार थम चुका है। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक वीडियो संदेश भेजा है। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने सभी को कहा कि यह चुनाव का समय है, तो जरूरी है आपसे सीधे बात की जाए। यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं पर बढ़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं कहा कि आप सभी में दिल और दिमाग में पार्टी की विचारधारा बसी हुई है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, आरएसएस भारत के लोकतांत्रिक विचार के खिलाफ है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि भाजपा का वार लोकतांत्रिक ढांचों का कमजोर कर रहा है। सभी उन्होंने कहा कि हमारी कानूनी ढांचे, चुनाव आयोग सहित सभी लोकतांत्रिक संस्थानों को आरएसएस, भाजपा से बचाने की आवश्यकता है।

शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की 97 करोड़ की संपत्ति अटैच, ईडी ने की कार्रवाई

नईदिल्ली, एजेंसी।
ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। खबर है को केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को कुंद्रा की 97 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। कुंद्रा बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति हैं। साल 2021 में सामने आए पोर्नोग्राफी केस में भी कुंद्रा का नाम आया था। उस दौरान गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।

मीडिया रिपोर्ट्स की अनुसार, ईडी ने कुंद्रा की जिन प्रापर्टियों को अटैच किया है, उनमें शेट्टी का जुहू स्थित बंगला भी शामिल है। कारोबारी के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी क्क्र 2002 के तहत यह कार्रवाई की गई है। खास बात है कि शेट्टी की पहले इंडियन प्रीमियर लीग यानी ढ्ढक्क टीम राजस्थान रॉयल्स में हिस्सेदारी भी थी। ईडी

ने बिटकॉइन पॉन्जी स्कैम में कुंद्रा के खिलाफ ऐक्शन लिया है। अटैच की गई संपत्तियों में पुणे स्थित बंगला और इक्विटी शेयर भी शामिल हैं। खबर है कि ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की तरफ से वन वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज स्न्नढ्ढक्र के बाद जांच शुरू की थी।

आरोप हैं कि आरोपियों ने बिटकॉइन्स के रूप में लोगों से बड़ा फंड जुटा लिया था और बिटकॉइन के ही रूप में हर महीने 10 फीसदी वापस करने का वादा किया था।

आरोप हैं कि आरोपियों ने बिटकॉइन्स के रूप में लोगों से बड़ा फंड जुटा लिया था और बिटकॉइन के ही रूप में हर महीने 10 फीसदी वापस करने का वादा किया था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि कुंद्रा को यूक्रेन में माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन के प्रमोटर और मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन मिले थे।

4 महीने में 75 माओवादी ढेर; अमित शाह के निर्देश पर बीएसएफ-पुलिस की बॉन्डिंग काम आई, कांकेर सबसे सफल ऑपरेशन

नईदिल्ली, एजेंसी।
नक्सलियों के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सख्त कार्रवाई के निर्देश के महज चार महीने में सुरक्षाबलों ने 75 माओवादियों को ढेर कर दिया है। इसमें सबसे बड़ी सफलता मंगलवार को मिली, जब कांकेर में एक ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ ने 29 माओवादियों को मार गिराया। माओवादियों के खिलाफ सफल ऑपरेशन बीएसएफ और लोकल पुलिस की बॉन्डिंग दिखाती है, जिसकी पटकथा इसी साल जनवरी महीने में लिखी गई जब छत्तीसगढ़ में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान अमित शाह ने बीएसएफ समेत पुलिस अधिकारियों संग बैठक में तत्काल प्रभाव से माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन को अंजाम देने का निर्देश दिया था। शाह ने तीन साल के भीतर नक्सल प्रभावित इलाकों को भयमुक्त करने का टारगेट दिया था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों के महज चार महीने बाद, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने लोकल पुलिस की मदद से कई खुफिया ऑपरेशन को अंजाम दिया है। नक्सलियों पर ऐक्शन आगे भी जारी है। जनवरी से अभी तक 75 माओवादियों को मार गिराया जा चुका है, इसमें मंगलवार को कांकेर में 29 माओवादियों का एनकाउंटर भी शामिल है।

मारे गए माओवादियों में कुख्यात शंकर राव भी शामिल था, जिस पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित है। प्रारंभिक आकलन से पता चला है कि पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन 1 की पूरी कंपनी को समाप्त कर दिया गया है। यह अब तक माओवादियों के खिलाफ किसी भी ऑपरेशन में सबसे बड़ी सफलता है।

कांकेर का ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए इसलिए भी काफी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है, क्योंकि 20 घंटे पैदल और 4 घंटे की गोलीबारी के दौरान एक भी पुलिस या सुरक्षाबल की मौत नहीं हुई। ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस के बीच बॉन्डिंग भी देखी गई।

गृह मंत्रालय (एमएचए) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, छत्तीसगढ़ की स्थानीय पुलिस की मदद से सेना अब तक के उन जंगली इलाकों तक पहुंच रही है, जहां से वो अनजान थी। खुफिया सूचनाएं भी पहले की तुलना में अधिक बार आ रही हैं।

पहले चरण में केंद्रीय नेता दूर रहे, गहलोत-पायलट ने संभाली प्रचार की कमान

जयपुर एजेंसी। राजस्थान में पहले चरण के तहत प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों के लिए कल 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय स्टार प्रचारकों ने अंतिम दिन प्रचार में पूरी ताकत लगाई। लेकिन, दोनों ही दलों में अन्य राज्यों के कई ऐसे भी स्टार प्रचारक रहे, जिनकी राजस्थान से दूरी बनी रही। ये 24 स्टार प्रचारक प्रचार के लिए नहीं आए। इनमें बड़े नेता भी है, जिनकी कई लोकसभा क्षेत्रों में मांग रही। कांग्रेस में गहलोत और पायलट ने ही प्रचार की कमान संभाली। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी के अलाव कांग्रेस का कोई भी स्टार प्रचारक राजस्थान नहीं आया। जातिगत समीकरणों के लिहाज से प्रदेश संगठनों ने इनमें से कई स्टार प्रचारकों की जरूरत भी जताई, लेकिन इनके दौरे तय नहीं हो पाए। इनमें कांग्रेस के 14 और भाजपा के 10 केंद्रीय स्टार प्रचारक शामिल है। इनके अलावा प्रदेश के भी कई स्टार प्रचारक प्रत्याशी हैं, जो अपनी सीट से ही नहीं निकल पाए। इनमें भाजपा के छह और कांग्रेस का एक स्टार प्रचारक है।

धन की कमी भी वजह हो सकती है

कांग्रेस के केंद्रीय नेता राजस्थान में प्रचार से दूर रहे। इसके पीछे बड़ी वजह धन की कमी बताया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव से पहले मोदी सरकार ने पार्टी के खाते फ्रीज कर दिए। इस वजह से पार्टी के पास धन की कमी है। केंद्रीय नेताओं को राज्यों में भेजने लायक भी पैसा पार्टी के पास नहीं है। ऐसे में पार्टी के स्टार प्रचारक राजस्थान से दूर रहे। हालांकि, स्टार प्रचारकों की सूची में गहलोत-पायलट पर ही पार्टी ने ज्यादा भरोसा जताया।

भीषण गर्मी का कहर, स्कूलों में समय से पहले गर्मियों की छुट्टियां घोषित

नईदिल्ली, एजेंसी। देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसमें पश्चिम बंगाल समेत कई पूर्वी और दक्षिण भारतीय राज्य शामिल हैं। बंगाल के कई इलाकों में पारा 42 डिग्री से भी पार कर गया है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन कई जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। ममता बनर्जी सरकार ने कई जिलों में लू की भयावह स्थिति को देखते हुए समय से पहले सरकारी स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों का ऐलान कर दिया। सरकारी आदेश के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में 22 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां पड़ेंगी।

पश्चिम बंगाल में सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, मौजूदा भीषण गर्मी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकारी ने दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के पहाड़ी क्षेत्रों के स्कूलों को छोड़कर, 22 अप्रैल से प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां पहले करने का फैसला किया है। अगले आदेश तक इसे जारी रखें।

दक्षिण बंगाल के कुछ जिले लू जैसी स्थिति से जूझ रहे हैं और दिन के दौरान अधिकतम तापमान पश्चिम बर्दवान जिले के पानागढ़ में 42.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो बुधवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। दम दम, मिदनापुर, बांकुरा, साल्ट लेक, कैनिंग, कालीकुंडा, बर्दवान, आसनसोल, पुरुलिया, झाड़ग्राम और बालुरघाट सहित जिलों में कई स्थानों पर दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। बुधवार को कोलकाता शहर में दिन का तापमान लगातार दूसरे दिन 39.4 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा, जो सामान्य से कम से कम 3.8 डिग्री अधिक था।

बदरीनाथ-गंगोत्री, केदानाथ चारधाम रजिस्ट्रेशन 7 लाख पार

नईदिल्ली, एजेंसी। चार धाम यात्रा को लेकर श्रद्धालु प्रतिदिन रिकॉर्ड संख्या में पंजीकरण करा रहे हैं। तीसरे दिन 2.89 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। तीन दिन में कुल पंजीकरण संख्या 7,71,579 तक पहुंच गई है। आपको बता दें कि बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री समेत चारों धामों के लिए श्रद्धालुओं ने 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन कराना शुरू कर दिया था।

सबसे अधिक केदारनाथ धाम के लिए 2.54 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराए हैं। श्रद्धालु वेब पोर्टल, मोबाइल एप, व्हाट्सअप नंबर के जरिए पंजीकरण करा रहे हैं। बुधवार को यमुनोत्री धाम के लिए 55999 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराए। गंगोत्री धाम में भी पंजीकरण कराने वालों की संख्या 56937 रही। केदारनाथ धाम के लिए पंजीकरण कराने वालों की यही संख्या 91189 रही। बदरीनाथ धाम के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पंजीकरण करा रहे हैं। बुधवार को 81439 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराए। हेमकुंड साहिब के लिए 3784 पंजीकरण हुए।

श्रद्धालुओं ने सबसे अधिक 227540 पंजीकरण वेब पोर्टल के जरिए कराए। मोबाइल एप से पंजीकरण कराने वालों की संख्या 43234 रही। व्हाट्सअप नंबर से 18574 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराए। ये पहला मौका है जब सिर्फ तीन दिन के भीतर श्रद्धालुओं के पंजीकरण कराने वालों की संख्या 7.71 लाख के पार पहुंच गई है। इस लिहाज से इस बार उत्तराखंड चारधाम यात्रा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या एक नया रिकॉर्ड बनाने जा रही है। उधर, चारधाम यात्रा के शुरू होने से पहले सरकार और प्रशासन की तैयारियां पूरी जोरों पर चल रहीं हैं।

बृजभूषण शरण सिंह की अदालत में नई दलील- मैं तब दिल्ली में ही नहीं था, जब यौन उत्पीड़न की बात हो रही

नईदिल्ली, एजेंसी।
कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान उन्होंने अदालत से मांग की कि उनके खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों में और जांच की जाए। उनकी दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने 26 अप्रैल तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। आज अदालत यौन उत्पीड़न के मामले में बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप तय करने को लेकर फैसला सुनाने वाली थी। बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों ने आरोप लगाया है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने उनका यौन उत्पीड़न किया था।

इन आरोपों को बृजभूषण शरण सिंह खारिज करते रहे हैं और राजनीति से प्रेरित बताया है। गुरुवार को बृजभूषण शरण सिंह के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अतिरिक्त चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की अदालत ने फैसला को सुरक्षित रख लिया। वहीं महिला पहलवानों का पक्ष रख रहे वकीलों ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह की दलील मामले को लटकाने वाली

है। वह आगे जांच की मांग इसलिए कर रहे हैं ताकि पूरी प्रक्रिया में देरी की जा सके। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि शिकायत करने वाली पहलवानों में से एक ने जिस दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, तब वह दिल्ली में ही नहीं थे।

बृजभूषण शरण सिंह ऐसे वक्त में अदालत में पेश हुए, जब यूपी की कैसरगंज लोकसभा सीट से उनके टिकट पर संशय बना हुआ है। भाजपा ने यूपी की लगभग सभी सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं, लेकिन अब तक बृजभूषण के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। बता दें कि उन पर आरोप लगाने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक को मशहूर 'टाइम' पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। मलिक को भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गयी है।

ब्रेंडन मैक्कुलम बने थे शतकवीर, बेंगलुरु टीम को बनाया फिसड्डी

16 साल का हुआ आईपीएल...

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट जगत के लिए 18 अप्रैल का दिन बेहद खास है. इसी दिन फैन्स को इंडियन प्रीमियर लीग जैसा एक शानदार टूर्नामेंट मिला. आईपीएल का आगाज 2008 में हुआ था. यह पहला सीजन शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. (18 अप्रैल) 16 साल का हो गया है. लीग के इतिहास का पहला मैच 2008 में आज ही के दिन बेंगलुरु के एम.

चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था. यह मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुआ था.

कोलकाता ने आरसीबी को 140 रनों से हराया

उस सीजन में कोलकाता टीम की कप्तानी सौरव गांगुली के हाथों में थी. जबकि आरसीबी की कमान राहुल द्रविड़ संभाल रहे थे. इस पहले ही मुकाबले में आरसीबी टीम फिसड्डी सी नजर आई थी. केकेआर ने इस मैच में 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे. जबकि आरसीबी को 15.1 ओवर में 82 रनों पर ही ढेर कर दिया था. इस तरह केकेआर ने यह मैच 140 रनों से जीता था.

पहले ही मैच में केकेआर के ओपनर ब्रेंडन मैक्कुलम ने महज 73 गेंदों में नाबाद 158 रनों की धुआंधार पारी खेली थी. न्यूजीलैंड के धुरंधर मैक्कुलम के बल्ले से 13 छक्के और 10 चौके निकले थे और वह आईपीएल के पहले प्लेयर ऑफ द मैच रहे.

पहले सीजन में राजस्थान टीम बनी थी चैम्पियन

आईपीएल का पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न ने अपनी कप्तानी में राजस्थान टीम को यह खिताब जिताया था. राजस्थान रॉयल्स ने फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को 3 विकेट से करारी शिकस्त दी थी.

तब भी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी महेंद्र सिंह धोनी के हाथों में थी. टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत ने क्रिकेट फैन्स को इस फॉर्मेट का दीवाना बना दिया. लोगों का रुझान क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की ओर इस कदर बढ़ा कि यह लोकप्रियता के शीर्ष पर जा पहुंचा. आईपीएल ललित मोदी की सोच थी. ग्लैमर और चकाचौंध के तड़के के बीच इस लीग में इतना पैसा बरसा कि दुनिया देखती ही रह गई.

आईपीएल जीतने वाली टीमों की लिस्ट

- 1. 2008- राजस्थान रॉयल्स
- 2. 2009- डेक्कन चार्जर्स
- 3. 2010- चेन्नई सुपर किंग्स
- 4. 2011- चेन्नई सुपर किंग्स
- 5. 2012- कोलकाता नाइट राइडर्स
- 6. 2013- मुंबई इंडियंस
- 7. 2014- कोलकाता नाइट राइडर्स
- 8. 2015- मुंबई इंडियंस
- 9. 2016- सनराइजर्स हैदराबाद
- 10. 2017- मुंबई इंडियंस
- 11. 2018- चेन्नई सुपर किंग्स
- 12. 2019- मुंबई इंडियंस
- 13. 2020- मुंबई इंडियंस
- 14. 2021- चेन्नई सुपर किंग्स
- 15. 2022- गुजरात टाइटन्स
- 16. 2023- चेन्नई सुपर किंग्स

आईपीएल में सफलता के साथ-साथ विवाद भी...

हर खेल इस आईपीएल के मॉडल को अपनाने की कोशिश में लग गया. 2008 से 2010 तक पहले तीन सीजन तक ललित मोदी आईपीएल के चेयरमैन और कमिश्नर रहे. आईपीएल 2010 फाइनल के बाद उन्हें बीसीसीआई से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. ललित मोदी पर पैसे की हेराफेरी सहित कई आरोप लगे थे.

आईपीएल के मुकाबले तो हिट होते चले गए, लेकिन दूसरी तरफ कई विवादों में भी यह लीग घिरी रही. सबसे बड़ा विवाद 2013 में सामने आया, जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप लगाया गया था. और उस समय बीसीसीआई के अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद को अवैध सट्टेबाजी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

विमेन क्रिकेट

चामरी अट्टापट्टू ने बेहतरीन पारी, श्रीलंका को दिलाई ऐतिहासिक जीत

पोचेफस्ट्रूम, एजेंसी। श्रीलंका की महिला टीम की कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में 195 रनों की रिकॉर्ड पारी खेल टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। चामरी की इस रिकॉर्ड पारी की मदद से श्रीलंका ने महिला वनडे इतिहास का सबसे सफल रन रेज किया। चामरी की पारी के दम पर श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर की।

महिला वनडे में 300 से ज्यादा का लक्ष्य चेज करने वाली पहली टीम बनी श्रीलंका

श्रीलंका की टीम महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में 300 से अधिक रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल करने वाली पहली टीम बन गई है। उसने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रनों का लक्ष्य प्राप्त किया था। इससे पहले महिला वनडे क्रिकेट में सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही था। इसके अलावा चेज करते हुए श्रीलंका का चार विकेट पर 305 रनों का स्कोर संयुक्त रूप में महिला क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2017 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड द्वारा दिए गए 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 305 रन बनाए थे।

वोलवार्ट की पारी से दक्षिण अफ्रीका ने दिया था मजबूत लक्ष्य

इससे पहले, श्रीलंका की कप्तान चामरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ट ने 147 गेंदों पर 23 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 184 रनों की पारी खेली। महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में यह किसी खिलाड़ी का पांचवां निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका ने वोलवार्ट की पारी के दम पर 50 ओवर में पांच विकेट पर 301 रन बनाए। हालांकि, चामरी की पारी वोलवार्ट पर भारी पड़ गई। चामरी ने 139 गेंदों की अपनी पारी में 26 चौके और पांच छक्के जड़े और उनकी कप्तानी पारी के दम पर ही श्रीलंका ने 44.3 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

चेज करते हुए दूसरा सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर

श्रीलंका कप्तान चामरी के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह पुरुष और महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2011 में 185 * रनों की पारी खेली थी। उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल हैं जिन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ चेज करते हुए नाबाद 201 रन बनाए थे। चामरी महिला क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, उन्होंने इस मामले में मेग लैनिंग को पीछा छोड़ा जिन्होंने नाबाद 152 रन बनाए थे।

पहली बार दोनों कप्तानों के बल्ले से निकले 175+ रन

यह पहला मौका है जब वनडे क्रिकेट में एक ही मैच में दोनों टीमों के कप्तानों के बल्ले से 175 से ज्यादा रन निकले हैं। इस मैच में वोलवार्ट ने नाबाद 184 रन और अट्टापट्टू ने नाबाद 195 रनों की पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों ने मिलाकर कुल 379 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में कप्तानों द्वारा सर्वाधिक कुल स्कोर है। इस मामले में चामरी और वोलवार्ट ने विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2014 में मिलकर 278 रन बनाए थे। उस मैच में विराट कोहली ने नाबाद 139 रन बनाए थे, जबकि मैथ्यूज के बल्ले से भी इतने ही रन निकले थे।

एक से अधिक बार 175+ रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं

चामरी ऐसी पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने महिला वनडे क्रिकेट में एक से अधिक बार 175 से ज्यादा स्कोर बनाया है। उन्होंने इस मैच से पहले 2017 विश्व कप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 178 रनों की पारी खेली थी।

एबी डिविलियर्स ने बताई दिक्कत

शिवम दुबे वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के हकदार, लेकिन...

नई दिल्ली, एजेंसी। साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी शिवम दुबे को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में मौका देने की वकालत कर रहे हैं. यह युवा बल्लेबाज इस सीजन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अहम रोल अदा कर रहा है. यह लेफ्टहैंड बल्लेबाज इस टीम के लिए अब तक खेले 6 मैचों में ही कई अहम पारियां खेल चुका है और वह खुलकर अपना खेल खेल रहे हैं. उन्हें इस बार मिडल ऑर्डर पॉजिशन पर बैटिंग का मौका मिल रहा है और वह पारी को संभालने से लेकर मैच फिनिशर तक का रोल निभा रहे हैं.

इस युवा बल्लेबाज ने इस सीजन अब तक 6 मैचों में 242 रन बनाए हैं और वह 163.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं. उनके इस खेल की तारीफ साउथ अफ्रीका और ऋष्ठ्के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी की है. उन्होंने कहा

कि यह युवा खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाने के लिए मजबूती से अपना दावा पेश कर रहा है.

मिस्टर 360 डिग्री ने कहा, 'शिवम दुबे ने खुद को ऐसी जगह पर ला दिया है जिस में वह टी20 वर्ल्ड कप टीम में चुने जाने चाहिए. लेकिन उनके चयन में एक समस्या यह है कि वहां पर ट्रैफिक बहुत है, उन्होंने कई बार अपना हाथ उठाया है, उनका सीजन शानदार जा रहा है. वह ताकतवर हीटर और शानदार क्रिकेटर हैं.' बता दें डिविलियर्स ने यहां इस बात पर जोर दिया कि इन दिनों दुबे जहां (मिडल ऑर्डर) में बल्लेबाजी कर रहे हैं वह टीम इंडिया के पास कई सारे विकल्प हैं. दुबे इन दिनों नंबर 4 और 5 पर बल्लेबाजी कर रहे हैं.

इस पॉजिशन पर भारत के सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाज भी दौड़ में हैं. डिविलियर्स भी इस युवा बल्लेबाज के साथ आईपीएल में खेल चुके हैं, जब वह दो सीजन तक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा थे.

लेकिन उन्होंने माना कि चेन्नई सुपर किंग्स में खुलकर खेलने की आजादी उन्हें खूब रास आ रही है. उन्होंने कहा, 'इन दिनों वह अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं. वह बहुत ज्यादा नहीं सोच रहे हैं और सिर्फ बॉल को देखकर अपने की स्थितियों को देखकर शॉट्स खेल रहे हैं.

गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान कुलदीप ने खोया आपा, साथी खिलाड़ी पर चिल्लाए

अहमदाबाद , एजेंसी। इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए लो स्कोरिंग मैच में दिल्ली ने जीत दर्ज की। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया।

वहीं, गुजरात की टीम सातवें स्थान पर पहुंच गई है। मैच के दौरान हालांकि दिल्ली के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव अपना आपा खो बैठे और साथी खिलाड़ी मुकेश कुमार पर चिल्लाते नजर आए। हालांकि टीम के कप्तान ऋषभ पंत इस दौरान कुलदीप को शांत कराते नजर आए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दिल्ली के गेंदबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए लो स्कोरिंग मैच में दिल्ली ने जीत दर्ज की। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया।

वहीं, गुजरात की टीम सातवें स्थान पर पहुंच गई है। मैच के दौरान हालांकि दिल्ली के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव अपना आपा खो बैठे और साथी खिलाड़ी मुकेश कुमार पर चिल्लाते नजर आए। हालांकि टीम के कप्तान ऋषभ पंत इस दौरान कुलदीप को शांत कराते नजर आए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

थ्रो फेंकने पर मुकेश से नाराज हुए कुलदीप

मैच के एक दौरान जब कुलदीप गेंदबाजी कर रहे थे तब उनके ओवर में मुकेश ने उनकी तरफ थ्रो फेंका, जिस पर कुलदीप गुस्सा हुए और कहने लगे, पागल वागल है क्या। हालांकि दिल्ली के कप्तान पंत उनकी तरफ आए और कहने लगे, गुस्सा नहीं, गुस्सा नहीं। कुलदीप का यह बयान स्टंप माइक पर रिकॉर्ड हुए और फैंस ने इस वीडियो को शेयर कर खूब मजे लिए।

सूर्यकुमार की नंबर 1 की कुर्सी पर खतरा

नईदिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इन दिनों अपनी चोट से उबरकर मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच खेल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज का आगाज भी हो रहा है।

सीरीज का पहला मैच आज शाम को रावलपिंडी में खेला जाना है। सूर्यकुमार यादव इस वक्त आईसीसी की टी20 रैंकिंग में नंबर एक बल्ले?बाज हैं। लेकिन अब उन्हें कड़ी चुनौती मिल सकती है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की ओर से।

सूर्यकुमार यादव की आईसीसी टी20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग : आईसीसी की टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव 861 की रेटिंग के साथ इस वक्त नंबर वन पर हैं। हालांकि पिछले साल वे 910 की रेटिंग तक पहुंचे थे, लेकिन कुछ वक्त से वे इंटरनेशलन क्रिकेट से दूर हैं। वहीं दूसरे नंबपर इंग्लैंड के फिल साल्ट हैं। जिनकी रेटिंग 802 की है। वहीं तीसरे और चौथे नंबर पर पाकिस्तानी बल्लेबाजों का कब्जा है।

मोहम्मद रिजवान तीसरे स्थान पर काबिज : पाकिस्तान

के विकेट कीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 800 की रेटिंग के साथ इस वक्त तीसरे स्थान पर हैं। यानी सूर्या और रिजवान के बीच केवल 61 रेटिंग का ही फासला है। सूर्यकुमार यादव अब सीधे जून में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप में इंटनेशनल मैच खेलते हुए दिखाई देंगे, वहीं रिजवान उससे पहले भी लगातार खेलेंगे। अभी तो न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैच हैं और उसके बाद टीम आयरलैंड के खिलाफ भी टी20 मैच खेलेंगे। यानी उनके पास अपनी रेटिंग बढ़ाने का पूरा मौका है। खास बात ये भी है कि न्यूजीलैंड ज्यादातर बड़े खिलाड़ी इस वक्त भारत में इंडियन प्रीमियर लीग खेल रहे हैं, ऐसे में न्यूजीलैंड के बड़े खिलाड़ी उस दौरे वाली टीम में शामिल नहीं हैं। वहीं मैच पाकिस्तान में हो रहे हैं, जहां की पिचें सपाट हैं और खूब रन भी बनते हैं।

आईसीसी टी20 रैंकिंग में बदलाव संभव : मोहम्मद रिजवान के बाद इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर कप्तान बाबर आजम हैं। जिनकी रेटिंग 764 की है। हालांकि सूर्या और बाबर के बीच काफी अंतर है। लेकिन बाबर की ?अब बतौर कप्तान वापसी हो रही है, ऐसे में वे ओपनिंग करते हुए फिर से नजर आ सकते हैं।

कमेंटरी के दौरान एंकर के सवाल पर रैना ने किया दावा

धोनी अगले साल का आईपीएल भी खेल सकते हैं

नईदिल्ली, एजेंसी। सुरेश रैना धोनी के साथ टीम इंडिया और आईपीएल में चेनई के लिए खेल चुके हैं। चेनई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी अगले आईपीएल में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है।

14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था। एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे।

धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही है। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं?

टी20 विश्व कप में ऋषभ पंत को भारत का विकेटकीपर-बल्लेबाज होना चाहिए: स्टुअर्ट ब्रॉड

नईदिल्ली, एजेंसी। 2024 टी20 विश्व कप टीम के लिए टीमों का ऐलान होने की आखिरी तारीख से पहले इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान अच्छा प्रदर्शन कर रहे कई युवा और सीनियर भारतीय खिलाड़ियों के नाम चर्चा का विषय बने हुए हैं.

उनमें से एक है विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं. दिसंबर 2022 में एक घातक कार दुर्घटना के बाद 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने इस साल आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की. पंत ने डीसी के पहले छह मैचों में 157.72 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक बनाए हैं. पंत के प्रदर्शन को देखते हुए इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि जब टीम जून में टी20 विश्व कप में वापसी करेगी तो पंत को भारत का विकेटकीपर-बल्लेबाज होना चाहिए. ब्रॉड ने कहा कि सीज़न शुरू होने पर उन्हें पंत की फिटनेस पर संदेह था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाज के एक स्पेशल शॉट को देखने के बाद ये खत्म हो गया. ब्रॉड ने बताया, भारतीय टीम के चयन को लेकर थोड़ा विवाद है.

उस टीम में आपके कुछ खिलाड़ी लंबित हैं. शायद ऋषभ पंत ही वो शख्स हैं जिनके बारे में काफी चर्चा हो रही है.

एक शॉट था जिसे मैंने केकेआर के खिलाफ खेलते हुए देखा था, डीप स्क्वायर लेग पर छह रन के लिए एक नो-लुक फ्लिक. जिस क्षण उसने वह शॉट खेला, मैंने सोचा, उसे उस टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए. वह तैयार है. वह जाने के लिए अच्छा है. हालांकि, ब्रॉड ने पंत के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उनके कार्यभार को प्रबंधित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया. इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि डीसी कुछ मैचों में पंत को बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल कर सकता है; सीज़न की शुरुआत में, लखनऊ सुपर जाइंट्स ने अपने कप्तान केएल राहुल को एक इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया था, जिसमें निकोलस पूरन टीम का नेतृत्व कर रहे थे. उन्होंने कहा, उसने बहुत बड़ी रकम ली है, वह इतने लंबे समय तक खेल से बाहर रहा है. वह कप्तान है, वह विकेटकीपर है, वह 3, 4, 5 बल्लेबाजी कर रहा है.

उसकी प्लेट पर पहले से ही एक बड़ी रकम मौजूद है. ब्रॉड ने कहा, मैं उन्हें कुछ मैचों में इम्पैक्ट सब बनते देखना चाहता हूं, उनके कंधों से थोड़ा काम का बोझ कम करना चाहता हूं. पूर्व क्रिकेटर ने कहा, लेकिन जैसे ही उसने वह शॉट खेलाज यह निर्धारित नहीं था, उसने लाइन देखी और यह छह रन के लिए चला गया. और मैंने सोचा, उस आदमी को खेलना होगा.

इससे मुझे पता चलता है कि उसकी मैच शार्पनेस पहले से ही तेज है. वह एक मैच विजेता है, इसलिए मुझे लगता है कि अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह विश्व कप टीम में मेरा विकेटकीपर होता.

एक नजर

कोई गाली दे, यह बर्दाश्त नही होगा : अकेला

औरंगाबाद (का.सं.)। लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के परिवार की महिला सदस्यों के खिलाफ जमुई में राजद के वरीय नेताओं एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की उपस्थिति में अभद्र भाषा के प्रयोग पर चुप्पी साधे रहना उनकी मानसिक दिवालिया का प्रतीक है। लोजपा परिवार इसको बर्दाश्त नहीं करेगा और इस चुनाव में इसका बदला मतदान कर करेगा। ये बाते लोजपा(रामविलास) के प्रदेश सचिव विजय कुमार अकेला ने प्रेस बयान जारी कर कही। श्री अकेला ने कहा कि लोकतंत्र में इसकी इजाजत नहीं है।

40 लीटर महुआ शराब के साथ बाइकर धराया

देव (औरंगाबाद (नि.सं.)। देव थाना की पुलिस ने बीती रात गश्ती के दौरान वाहन चेकिंग में एक बाइकर को 140 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा है। पकड़ा गया अरविंद कुमार मदनपुर थाना के बंगला पर का निवासी है। उसके पास कुल-104 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने उसकी पल्सर बाइक भी जब्त की है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

छकरबंधा में वोट कराने के लिए हेलीकॉप्टर से पहुंचाए गए मतदानकर्मी

देव (औरंगाबाद (का.सं.)। औरंगाबाद। बिहार-झारखंड की सीमा पर औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में इमामगंज विधानसभा क्षेत्र का छकरबंधा नक्सलियों की विध्वंसक कार्रवाइयों के लिए चर्चित रहा है। इस क्षेत्र में चुनाव के दौरान नक्सलियों ने कई बार विध्वंसक कार्रवाईयों को अंजाम दिया है। यही कारण है कि इस क्षेत्र में चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराना प्रशासन के लिए चुनौती रहा करता है। चुनाव के दौरान मतदान कर्मी और सुरक्षा बलों को जान माल की क्षति ना हो, इसके लिए इस वर्ष पहली बार शासन-प्रशासन ने छकरबंधा इलाके में हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को पहुंचाया है।

एनटीपीसी की स्वरा महिला संघ द्वारा अनोखी पहल, पहुंचाया जरुरतमंदों तक खास मदद

वृद्धाश्रम व मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में जरुरतमंदों को गर्मी से राहत के लिए दिया इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

- स्वरा महिला संघ समाज कल्याण एवं विकास के लिए कार्यरत है

नवीनगर (औरंगाबाद)। एनटीपीसी नबीनगर की स्वरा महिला संघ की सदस्यों द्वारा पटना में कल्याणकारी कार्यों का आयोजन किया गया। संघ की सदस्यों ने पटना के एक वृद्धाश्रम और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर अनेकों जरुरतमंदों के बीच मूलभूत सामानों का दान दिया। स्वरा महिला संघ ने इस जन कल्याणकारी सेवाओं का आयोजन संघ की अध्यक्षा, राखी सामंता की अगुआई में किया। संघ की सदस्यों ने मानसिक स्वस्थ्य केंद्र, 'एमआई (क्योर्ड) हाफ - वे होम' जाकर मरीजों के भलाई के लिए वाटर कूलर, पंखे एवं अन्य जरूरतों का सामान दान किया। साथ ही उनके लिए एक विशेष भोजन का भी आयोजन किया। तत्पश्चात संघ की सदस्यों ने पटना स्थित वृद्धाश्रम 'आश्रय' पहुंचकर वृद्ध लोगों की सुविधा के लिए अलमारी, गद्दे, तकिये एवं अन्य वस्तुओ का दान दिया गया। अपने बीच स्वरा महिला संघ की सदस्यों को देख कर वृद्धाश्रम के लोगो का उत्साह देखने वाला था। उन्होंने एनटीपीसी नबीनगर एवं स्वरा महिला संघ का इस खास पहल के लिए हृदय से धन्यवाद किया। ज्ञातव्य हो की स्वरा महिला संघ एनटीपीसी नबीनगर के महिला कर्मचारियों तथा कर्मचारियों की पत्नियों द्वारा बनाई गयी एक संस्था है जो समाज कल्याण एवं विकास के लिए कार्यरत है।

तिलक समारोह की खुशी मातम में बदली

सड़क हादसे में महिला की मौत, आधा दर्जन लोग जख्मी

तिलकहारों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा

निज संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। औरंगाबाद में दो अलग-अलग सड़क हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग शिकार बन गए।तिलकहारों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जबकि एक अन्य घटना में रिश्तेदार के तिलक में शामिल होने जा रही महिला की दुर्घटना में मौत हो गयी। रफीगंज प्रखंड के बौर गांव के ऑटो स्टैंड के समीप एक अनियंत्रित बाइक ने पति-पत्नी को कुचल दिया। इस घटना में पत्नी की मौत हो गयी,जबकि पति मामूली रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार की सुबह की है। मृतका की पहचान फदरपुरा गांव निवासी योगेंद्र प्रसाद मेहता की 52 वर्षीय पत्नी चंद्रावती देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार चंद्रावती अपने पति के साथ बहन के पुत्र के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए दाउदनगर के राम बिगहा जा रही थी। गांव से पति-पत्नी पैदल ही बौर के ऑटो स्टैंड जाने के लिए निकले थे। चंद कदम पहले एक अनियंत्रित बाइक ने पीछे से दोनों को धक्का मार दिया। चंद्रावती गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व गांव वाले वहां पहुंचे और आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए पास के ही बराही स्थित एक निजी क्लिनिक में ले गये। हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर द्वारा सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी गयी। पति-पत्नी को लेकर परिजन व गांव वाले सदर अस्पताल पहुंचे,लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरो ने नब्ज टटोलते ही चंद्रावती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों के हवाले कर दिया। इधर ग्रामीणों ने बताया कि पति-पत्नी के साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्यों में तिलक समारोह को लेकर काफी उत्साह था। बेटा लोकेश कुमार और दो बेटी के साथ घर के अन्य सदस्य घटना के बाद सदमे में है। गांव का हर व्यक्ति घटना के बाद दुखी है।

औरंगाबाद (का.सं.)। एक अन्य घटना में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजोई-बिजोई मोड़ के समीप तिलकहारों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में लगभग आधे दर्जन तिलकहार घायल हो गए। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बघोई गांव निवासी रघुनंदन राम, मंटु राम, सोनल राम एवं रघुनंदन राम का भाई सहित अन्य शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान रघुनंदन राम ने बताया कि वह अपनी पुत्री का तिलक चढ़ाने रफीगंज प्रखंड के एक गांव जा रहे थे। इसी दौरान रजोई-बिजोई मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सभी का उपचार किया। इधर घटना की खबर सुनते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और सभी घायलों का हाल जाना। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति खतरें से बाहर बतायी जा रही है।

सिन्हा कॉलेज में बिहार हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। गुरूवार को विश्व विरासत दिवस के अवसर पर बिहार हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय एवं हेरीटेज सोसायटी पटना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम विभिन्न सत्रों में विभाजित हुआ। हेरीटेज सोसायटी पटना के महानिदेशक से बातचीत के क्रम में कार्यक्रम पदाधिकारी बहादुर भीम कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाए जिससे की महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अन्य देशों के विशेषज्ञ को सुनने का अवसर प्राप्त हो सके। इसी अनुरूप कार्यक्रम चार सत्रों में विभाजित हुआ। भारत देश के साथ-साथ केन्या एवं नीदरलैंड के अतिथि का व्याख्यान हुआ। हेरीटेज सोसायटी पटना के महानिदेशक डॉक्टर अनंताशुतोष द्विवेदी को प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा ने धन्यवाद दिया और कहा कि आप महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विश्व विरासत से अवगत होने के अवसर प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ो छात्रों ने यूट्यूब लिंक से जुड़कर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार मंजूल अतिरिक्त महानिदेशक आर्किओलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया, नई दिल्ली ने कहा कि विश्व विरासत दिवस के अवसर पर बिहार में बिहार हेरिटेज कांक्लेव का आयोजन सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के द्वारा प्रारंभ किया गया है जोकि सराहनीय कदम है। यह कार्यक्रम बिहार के 38 जिलों में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रेरणा का स्रोत बनेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्र को इस कार्य हेतु बधाई दी एवं बिहार की विरासत जनमानस तक ले जाने हेतु हर प्रकार का संभव प्रयास प्रदान करने की बात

औरंगाबाद में 2040 बूथों पर मतदान कराने कलस्टर सेंटर्स के लिए रवाना हुए चुनाव कर्मी

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में औरंगाबाद संसदीय सीट के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को 2040 बूथों पर होने वाले मतदान के लिए चुनावकर्मियों की रवानगी आरंभ हो गई है। औरंगाबाद शहर के सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज स्थित इवीएम डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों को ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्रियों के साथ बारी-बारी से बूथवार कलस्टर सेंटर्स के लिए रवाना किया जा रहा है। पहले सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों के कर्मियों को रवाना किया जा रहे है। बाद में निकटवर्ती और शहर के बूथों के मतदान कर्मियों को निर्वाचन सामग्रियों के साथ कलस्टर सेंटर्स के लिए रवाना किया जाएगा। यह प्रक्रिया देर शाम तक पूरी हो जाएगी। कलस्टर सेंटर्स से ही शुक्रवार को अहले सुबह निर्वाचन कर्मी बूथों पर पहुंचकर सुबह के 7 बजे से मतदान कार्य आरंभ कराएंगे। भयंकर गर्मी से निर्वाचन कार्य में लगाए गए चुनाव कर्मी हलकान है। एक तो निर्वाचन और मतदान कराने का काम जोखिम भरा है। वही भयंकर गर्मी और लू निर्वाचन कर्मियों पर कहर बनकर टूट रही है। चुनाव कर्मी बेहद हलकान और परेशान है। मौसम का तापमान 40 डिग्री पर पहुंचा है। ऐसे में यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुनाव कर्मियों को किस हद तक परेशानी झेलनी पड़ रही होगी। गर्मी से राहत पाने के लिए कर्मियों ने अपने स्तर से मौसमी ठंडे फलों, पानी और सत्तू आदि का इंतजाम कर रखा है, जिससे वे गर्मी से राहत पाने के प्रयास में लगे है। इधर निर्वाचन कार्य से जुड़ी प्रशासनिक मशीनरी मतदान को सफलता पूर्वक संपन्न कराने की प्रक्रिया में व्यस्त है। वही मतदाताओं को अब मतदान की शुभ घड़ी के आने का इंतजार है। वह शुभ बेला 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे आएगी, तब वोटर्स अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख 69 हजार 727 मतदाता शुक्रवार 19 अप्रैल को यहां से चुनाव लड़ रहे 12 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। इस फैसले की घड़ी में 9 लाख 76 हजार 963 पुरुष, 8 लाख 92 हजार 731 महिला और 33 थर्ड जेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इधर औरंगाबाद जिला प्रशासन ने चुनाव के सारे प्रबंध कर लिए है। सभी बूथों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर से भी निगरानी होगी। साथ ही कुल 2040 बूथों में 1023 की वेबकास्टिंग भी होगी।

लोकतंत्र का पर्व संपन्न कराने को ले चुनाव कर्मी उत्साहित

भले ही चुनाव कर्मियों को गर्मी का मौसम परेशान कर रहा है। इसके बावजूद तमाम परेशानियों को झेलते हुए उत्साहित है। पोलिंग पार्टी से लेकर उनकी सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मी उत्साह के साथ अपनी ड्यूटी में लगे दिख रहे है। पोलिंग पार्टी में शामिल एक शिक्षक राजकुमार प्रसाद ने कहा कि हम बच्चों को ही शिक्षा नही देते बल्कि चुनाव जैसे लोकतंत्र के पर्व को भी संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाते है। हम अपनी भूमिका से खुश है। हमें अपने कार्यों पर गर्व है, क्योंकि हम निर्वाचन कार्य के पहरुएं है।

सड़क दुर्घटना वाद के पीड़ित को मिला 15 लाख का मुआवजा

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने गुरुवार को ओबरा थाना कांड संख्या 19/20 के मृतक रोहतास जिले के संझौली थाना के सिकड़ी निवासी ओम प्रकाश कुमार की पत्नी पूजा रानी को 15 लाख का मुआवजा प्रदान किया। प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बताया कि 09 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या-17/22 का समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। ओम प्रकाश कुमार की बाइक में कंटेनर ने टक्कर मारी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसी मामले में मुआवजा का चेक प्रदान करते समय जिला जज ने पीड़िता को कहा कि राशि को परिवार के कल्याण में लगाए। इसका ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करें, ताकि परिवार का भविष्य संवारने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

गेहूं के खेत में आग लगने से 40 बीघे की फसल राख

निज संवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। गोद के उपहारा थाना क्षेत्र के झारी गांव के बधार में गुरुवार की दोपहर गेहूं की खेत में अचानक आग लगने से लगभग चालीस बीघे में लगे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ,तब तक दर्जनों किसानों के उम्मीद पर पानी फिर गया इस आग लगी की घटना में किसानों को लाखों रुपए के नुकसान बताए जा रहे हैं। झारी गांव के पीड़ित किसान मनीष कुमार ने बताया कि सबसे पहले गया सिंह के खेत में आग लगी जो देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और दर्जनों किसानों के उम्मीद पर पानी फिर गया। जैसे ही गया सिंह के खेत में आग लगी तो ग्रामीण जमा हो गए और बिजली के पंप से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लगातार बिजली के कट जाने से आग की लपेट बढ़ती गई और आग विकराल रूप धारण कर लिया, हालांकि सूचना मिलने के 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तब तक आसपास के खेत को आग अपने आगोश में ले लियाइस आग लगी की घटना में गया सिंह के दो बीघे में लगे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

रबी विपणन मौसम में होगी 11968 मीट्रिक टन गेहूं की अधिप्राप्ति

औरंगाबाद (का.सं.)। औरंगाबाद जिले में रबी विपणन मौसम 2024-25 के तहत 11968 मीट्रिक टन गेहूं अधिप्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी श्रीन्द्र नारायण ने बताया कि जिले में गेहूं की अधिप्राप्ति किसानों से 15 मार्च से 15 जून तक की जाएगी। इसके तहत बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के गेहूं संग्रहण केंद्रों पर अधिप्राप्त गेहूँ उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 22 जून निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि रबी विपणन मौसम 2024-25 हेतु गेहूं के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रूपये प्रति क्विंटल है। साथ ही, निबंधक सहयोग समितियां, बिहार, पटना के निर्देशानुसार गेहूं अधिप्राप्ति में रूचि नहीं लेने वाले समितियों को अगले खरीफ विपणन मौसम में धान/चावल अधिप्राप्ति कार्य से भी वंचित भी किया जा सकता है। कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर विगत खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में जिन समितियों का चयन धान अधिप्राप्ति करने हेतु किया गया था, उन सभी समितियों का चयन रबी विपणन मौसम 2024-25 में गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य करने हेतु किया गया है। साथ ही विगत धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया के अनुसार ही अकार्यरत प्रमादी समितियों से संबंधित पंचायत की संबद्धता क्रियाशील पैक्सों के साथ पूर्ववत रहेगी।

तीसरी पुण्य तिथि पर याद किए गए दिवंगत अधिवक्ता, लेखन सामग्री का वितरण

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के वरीय अधिवक्ता एवम शिक्षाविद किरण प्रसाद की तृतीय पुण्य तिथि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंचनपुर कुटुम्बा में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कायस्थ महासभा औरंगाबाद के महासचिव अजय कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। आगंतुकों ने स्व.अधिवक्ता के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रंधाजलि दी।इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच लेखन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा कि वे मानवीय गुणों से ओत प्रोत थे। वर्मा ने उनकी सादगी शालीनता तथा समाज के प्रति प्रतिबद्धता से लोगों को अवगत कराया। अधिवक्ता के छोटे पुत्र स्टडी विथ रमण के निदेशक रमण किरण ने कहा कि उनके पिता शिक्षा पर विशेष जोर देते थे। ग्रामीण इलाकों के गरीब बच्चों को बगैर किसी फीस के शिक्षा प्रदान करते थे जो देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े बड़े पद पर आसीन है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ बड़े संख्या में ग्रामीण भी मौजुद थे। इस कार्यक्रम में उनके पुत्र रौशन किरण ,पुत्री कामिनी किरण, कृति किरण, दामाद संतोष सिन्हा, विवेक सिन्हा सहित परिवार के अन्य लोग भी मौजुद थे।

स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई दो अभियुक्तों को सजा

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को देव थाना कांड संख्या 58/23, जीआर 21/23 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को सजा सुनाई। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि कोर्ट ने देव निवासी अभियुक्त रंजन कुमार और पप्पू कुमार को भादंवि की धारा-354/34, 8 पोक्सो एक्ट और 12 पोक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए 09 अप्रैल को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया था। आज सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को भादंवि की धारा-354/34 में चार साल की सजा और दस हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी।08 पोक्सो एक्ट में चार साल की सजा और दस हजार का जुर्माना, जुर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी तथा 12 पोक्सो एक्ट में दो साल की सजा, दस हजार का जुर्माना, जुर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक नाबालिग पीड़िता के पिता ने 07 मार्च 2023 को दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि सुबह उनकी लड़की फसल काट रही थी, तो अभियुक्तगण नशे में धुत होकर खेत में आ धमके और छेड़छाड़ कर वीडियो बनाने लगे। लड़की के हल्ला करने पर अभियुक्त भाग गए। पीड़िता के परिजनों ने जब घटना की जानकारी देने अभियुक्तों के परिजनों के पास गई तो परिजनों ने पीड़िता पर लाठी, डंडे, और घातक हथियार से हमला कर घायल कर दिया। तब न्याय के लिए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।